आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* वासुदेव द्वादशी

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 191 | उज्जैन, रविवार 26 जुलाई, 2026 | आषाढ़ शुक्ल 12 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

पितृपुरुष परमश्रद्धेय स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता की 111वीं जयंती पर वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ और उज्जयिनी रक्त संचार संस्था का मेगा रक्तदान शिविर

## आज सुबह 11 बजे से 'रक्तांजलि' देने उमड़ेंगे कासमास मॉल में रक्तदाता

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

शहर के दानी रक्तदाता रविवार को लोकप्रिय समाचार पत्र दैनिक अवंतिका अपने पितृपुरुष परमश्रद्धेय 'दा साब' पं. गोवर्धनलाल मेहता की 111वीं जयंती के पावन अवसर पर उन्हें 'रक्तांजलि' देने उमड़ेंगे। कासमास माल में रविवार 26 जुलाई को सुबह 11 बजे यह आयोजन होगा। वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ एवं उज्जयिनी रक्त संचार संस्था मानवसेवा का यह अनूठा आयोजन स्वैच्छिक रक्तदान शिविर से करने जा रहा है।

दैनिक अवंतिका के संपादक संदीप मेहता ने बताया कि वर्तमान समय में बढ़ती दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों, ऑपरेशन, थैलेसीमिया तथा अन्य आपात परिस्थितियों में समय में रक्त की आवश्यकता पड़ना सामान्य बात हो चली है। ऐसे समय में रक्त की उपलब्धता को लेकर अक्सर लोगों को परेशान होते देखा गया है। इन सामाजिक परेशानियों को ध्यान में रखते हुए रक्तदान के प्रति आमजन को अधिक सक्रिय बनाने के उद्देश्य को साथ लेकर जागरूकता बढ़ाने और ब्लड बैंकों में पर्याप्त रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### रक्तदान से अनेक लाभ

शिक्षाविद व समाजसेवी पं. राहुल शुक्ल के अनुसार रक्तदान करना केवल दूसरों की मदद करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह आपके स्वयं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का भी एक तरीका है। रक्तदान करने के अनेक स्वास्थ्य लाभ हैं। प्रत्येक दान के साथ एक निःशुल्क मिनी-स्वास्थ्य जांच हो जाती है इस व्यापक जांच में महत्वपूर्ण शारीरिक संकेतों की निगरानी और रक्त परीक्षण शामिल हैं, जिनसे संभावित स्वास्थ्य समस्याओं की शीघ्र पहचान की जा सकती है। दाता स्क्रीनिंग प्रक्रिया के माध्यम से आप अपने स्वास्थ्य मापदंडों के बारे में जान सकते हैं। नब्ज दर, रक्तचाप रीडिंग, हीमोग्लोबिन का स्तर, रक्त प्रकार इसमें शामिल है। शोध से पता चलता है कि नियमित रक्तदान करने वालों में स्ट्रोक का खतरा 88% कम होता है। हृदय संबंधि मामलों में रक्तदान करने से रक्त की चिपचिपाहट और लौह स्तर को कम करके हृदय स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद मिल सकती है। प्रत्येक रक्तदान से लगभग 600-650 कैलोरी जलती है, क्योंकि हमारा शरीर दान किए गए रक्त को प्रतिस्थापित करने का काम करता है। ऐसे में वजन संबंधित समस्या से भी निजात पा सकते हैं। रक्तदान करने के 48 घंटों के भीतर आपका शरीर नई लाल रक्त कोशिकाओं का उत्पादन शुरू कर देता है। यदि आपको आनुवंशिक हीमोक्रोमैटोसिस है, तो नियमित रूप से रक्तदान करने से वास्तव में आपको बेहतर महसूस करने और अपने स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद मिल सकती है। साथ ही, इससे किसी और की मदद भी कर पाते हैं। इससे मनोवैज्ञानिक लाभ होते हैं।

### आगे आकर 'रक्तांजलि' में शामिल हों

वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ की ओर से अभिलाष नागर, चैतन्य चौधरी, नरेंद्र सहगल, शेख जमील, अविनाश श्रीवास, अनिल देवड़ा, मुश्ताक खान एवं जी.आर. जरिया और उज्जयिनी रक्त संचार समिति की ओर से सुनील गुप्ता, रूपेश बीडवान, अलका शर्मा एवं रितेश बोरिया ने शहर के युवाओं, महिलाओं, सामाजिक संगठनों, व्यापारियों, कर्मचारियों एवं सभी जागरूक नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुँचकर स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की है। आयोजकों ने कहा कि रक्तदान महादान है। आपके द्वारा किया गया एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकता है। रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर स्वैच्छिक रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने सभी नागरिकों से इस पुनीत अभियान में सहभागी बनकर मानव सेवा के इस महायज्ञ को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए' प्रेरित करने का आग्रह किया।

### रक्तदान कर नायक बनें

हर तीन में से एक व्यक्ति को जीवन में कभी न कभी रक्त चढ़ाने की आवश्यकता पड़ेगी। यह किसी दुर्घटना, सर्जरी या कैंसर जैसी स्वास्थ्य समस्या के कारण हो सकता है। दानदाताओं जैसे दयालु सामुदायिक नायकों के बिना, रक्त की आवश्यकता वाले कुछ लोगों की मृत्यु हो सकती है। मानव रक्त का कोई विकल्प नहीं है, इसीलिए जो भी सक्षम है, उसके लिए रक्तदान करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज ही रक्तदान करके एक नायक बनें। दूसरों की मदद करना वाकई सुकून देता है।

## नैनो न्यूज

- कनाडा में पंजाब की छात्रा की गला घोंटकर हत्या, लिव-इन पार्टनर गिरफ्तार।
- इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट के वकील करीम खान पद से हटाए गए, यौन उत्पीड़न का आरोप।
- सीरिया के देइर अल-जोर-दमिश्क राजमार्ग पर दो बसों की टक्कर, 35 लोगों की मौत, 30 घायल।
- पैलेट गन और इलेक्ट्रिक शॉक पर रोक, नाटो के प्रोटोकॉल से चलेगी बंदूक, सीआरपीएफ के 2 हजार जवान एयरलिफ्ट।
- भारत ने स्वदेशी काउंटर-ड्रोन सिस्टम 'भार्गवास्त्र' का ट्रायल किया, सेना के कम्युनिकेशन नेटवर्क से जुड़ सकता है, ड्रोन के झुंड को रोक सकता है।
- डोनाल्ड ट्रंप बोले- ईरान के खिलाफ अमेरिका पूरी तरह तैयार है, दक्षिणी लेबनान में जोरदार धमाका।
- बदायूं में सुहागरात पर सांप के डसने से दूल्हे की मौत, दुल्हन की उजड़ी दुनिया, परिवार में मचा कोहराम।
- इस सप्ताह खत्म हो रही हैं ये बड़ी भर्तियां, 10000+ पदों पर सरकारी नौकरी का मौका, अभी भरें फॉर्म।

जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी का आंदोलन खत्म, तीनों मांगे मानी

## प्रधान का इस्तीफा, केस वापसी और मुआवजा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली**

कॉकरोच जनता पार्टी ने शनिवार को आंदोलन खत्म कर दिया। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, जितेंद्र सिंह के साथ प्रवक्ता सौरभ दास, आशुतोष रांका ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका ऐलान किया। सौरभ दास ने कहा कि जंतर-मंतर पर मौजूद सभी प्रदर्शनकारी अब अपने घर लौट जाएं। रांका ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में सरकार से 3 बार बातचीत हुई। हमारी तीनों मांगें मान ली गई हैं। इनमें धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, सभी केस वापस लिए जाएं और नीट पीड़ितों को एक करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाए शामिल हैं।

इससे पहले शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की खबर आते ही जंतर-मंतर पर जश्न का माहौल है। छात्रों ने छात्र एकता जिंदाबाद के नारे लगाए। राष्ट्रगान गाया। इस दौरान नीट पेपर लीक के बाद जान गंवाने स्टूडेंट्स के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया।



### सोनम वांगचुक ने सरकार के कदमों का स्वागत किया

गुरुग्राम में कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने सरकार और धर्मेंद्र प्रधान द्वारा उठाए गए कदमों का स्वागत किया है। उन्होंने इसे लोकतंत्र की जीत बताया और सभी देशवासियों को बधाई दी। वांगचुक ने सीजेपी टीम, स्वयंसेवकों, छात्रों, युवाओं और बुजुर्गों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने लोकतंत्र के लिए आवाज उठाई। उन्होंने सभी द्वारा शांति बनाए रखने के तरीके का सम्मान किया और भविष्य में भी शांति की उम्मीद जताई। वांगचुक ने कहा कि केवल इस्तीफे से राष्ट्र का निर्माण नहीं होता। उन्होंने शिक्षा और शासन में सुधारों पर काम करने की आवश्यकता पर बल दिया।

**दिल्ली मेट्रो ने बंद सभी स्टेशनों को खोला-** डीएमआरसी ने जानकारी देते हुए कहा कि सभी स्टेशनों पर आवाजाही को खोल दिया गया है। मेट्रो ने प्रदर्शन के बीच जंतर मंतर के आस पास 18 स्टेशनों पर एंट्री एग्जिट को बंद कर दिया था।

**सीजेपी के आंदोलन वापसी के बाद आंदोलनकारियों की घर वापसी-** जंतर-मंतर पर धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद प्रदर्शनकारी जश्न मना रहे हैं। वहीं सरकार के साथ बातचीत के तीसरे दौर के बाद कॉकरोच जनता पार्टी ने अपना आंदोलन वापस ले लिया और प्रदर्शनकारियों से अपने घर लौटने की अपील की।

### पीएम मोदी मांगे माफी, छात्रों पर हिंसा के लिए अमित शाह जिम्मेदार

राहुल गांधी ने कहा कि यह देश के छात्रों की जीत है और शिक्षा प्रणाली की रक्षा की एक बड़ी प्रतिक्रिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो शिक्षा प्रणाली कभी भारत की शान हुआ करती थी, उस पर पिछले कुछ वर्षों से लगातार हमले हो रहे हैं, उसका व्यवसायीकरण किया जा रहा है और उस पर वैचारिक कब्जा जमाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने निवर्तमान शिक्षा मंत्री को इस प्रशासनिक नाकामी, भ्रष्टाचार और शिक्षा व्यवस्था के विनाश का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनका जाना सही कदम है, लेकिन समस्या केवल एक व्यक्ति के हटने से खत्म नहीं होती।

कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान

## आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों ने पुलिस को बनाया निशाना

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस ने हाल ही में हुए कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस कार्रवाई में फेशियल रिकग्निशन सिस्टम की मदद ली गई। इस आधुनिक प्रणाली से 2 हजार से अधिक आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों की पहचान की गई है।

ये पहचान किए गए लोग प्रदर्शनकारी भीड़ में घुस गए थे। इनका मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों को निशाना बनाना था। इस दौरान 130 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। पुलिस ने इन घटनाओं को गंभीरता से लिया है। अब तक इस मामले में कुल 15 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं। दिल्ली पुलिस लगातार जांच कर रही है। अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान जारी है। फेशियल रिकग्निशन सिस्टम ने संदिग्धों की पहचान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दिल्ली पुलिस ने आधुनिक फेशियल रिकग्निशन सिस्टम का प्रभावी ढंग से उपयोग किया। इस तकनीक से भीड़ में मौजूद संदिग्ध चेहरों को पहचाना गया। सिस्टम ने हजारों लोगों के डेटाबेस से मिलान किया। इससे आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों की सटीक पहचान संभव हो पाई।


प्रदर्शन के दौरान आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों ने पुलिस को निशाना बनाया। इन सुनियोजित हमलों में 130 पुलिसकर्मी घायल हो गए। अब तक कुल 15 प्राथमिकियां (एफआईआर) दर्ज की गई हैं। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।







## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### छुक-छुक वालों की सेवा

आप अगर कहीं यात्रा कर रहे हों और जो साधन आपने उपयोग किया हो उसके संचालनकर्ता मुसीबत के समय आपकी मदद करें तो तय है आपको अपनत्व का एहसास होगा। ऐसा ही कुछ छुक-छुक वालों ने किया है। वर्तमान हाल में वर्षा ने देश के कुछ क्षेत्रों में हालत खराब कर रखी है । इसी से प्रभावित होने की स्थिति में छुक-छुक घंटों देरी से और मार्ग बदलकर चलाई जा रही है। इसके कारण कई छुक-छुक रोक दी गई है। ऐसी स्थिति में छुक-छुक के क्षेत्रीय मुख्यालय तेल की कचौरी वाले जिला में बैठे अधिकारियों ने त्वरित निर्ण्य लेते हुए यात्रियों को राहत पहुंचाने का कदम उठाया। छुक-छुक में बैठे भूखे प्यासे यात्रियों को राहत देते हुए मुख्यालय के केंद्र एवं नामली, नागदा, मेघनगर, लिमखेड़ा, थांदला रोड तथा बामनिया स्टेशनों पर रुकी हुई ट्रेनों के यात्रियों को दाल-चावल, खिचड़ी, पोहा, केले तथा पेयजल का वितरण उपलब्धता अनुसार किया गया और उसे अभी हालातों को देखते हुए निरंतर रखा गया है। सेवा कार्य में स्थानीय नागरिकों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी छुक-छुक प्रशासन के साथ सराहनीय योगदान दिया। सामाजिक संगठन भी आगे आ गए और यात्रियों को भोजन एवं पेयजल वितरित किया। स्थिति को देखते हुए छुक-छुक के सभी केंद्रों पर परिचालन सामान्य होने तक तक सभी खान-पान केंद्रों को पूर्ण क्षमता के साथ संचालित करने के लिए छुक-छुक प्रशासन ने निर्देशित किया है। छुक-छुक के केंद्रों पर गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री एवं पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता को लेकर निगरानी रखी जा रही है। पेयजल की उपलब्धता के लिए अतिरिक्त वाटर कैम्पर मंगाए गए हैं। खानपान केंद्रों के संचालकों को भी पर्याप्त संख्या में पानी के कैम्पर उपलब्ध रखवाए जा रहे हैं। सुरक्षा गश्त बढ़ा दी गई है। यात्रियों को अपडेट किया जा रहा है। खुसूर-फुसूर है कि आपदा के समय जिस सहृदय व्यवहार का उपयोग छुक-छुक प्रशासन करता है वह सामान्य समय में नहीं करता है। यहां तक कि व्यवस्थागत दोष को भी यात्रियों पर ही मढ़ा जाता है। छुक-छुक में साथ चलने वाला स्टाफ भी कम ही सहयोगी होता है। यहां तक कि लंबी दूरी की छुक-छुक में पैंट्री वालों की मनमानी पर लगाम कसने में कमजोरी सामने आती है। पैंट्री वालों की यात्रियों के साथ सीधी दादागिरी चलती है और इनकी मनमानी पर आपत्ति लेने वाले यात्री को ये प्रताड़ित करते हैं।

## न्यूज कॉलम

### जिला पंचायत की साधारण सभा में विभागीय योजनाओं की समीक्षा की

**उज्जैन।** जिला पंचायत उज्जैन की साधारण सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष कमला कुंवर अंतर सिंह देवड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल जीवन मिशन, शिक्षा, उद्यानिकी, सहकारिता, आदिम जाति कल्याण, जिला उद्योग केंद्र, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष शिवानी कुंवर भी उपस्थित रही। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्रेयांस कूमट ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों से नियमित समन्वय स्थापित कर उनके क्षेत्रों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की जाए तथा स्वास्थ्य योजनाओं, चिकित्सकों की उपलब्धता एवं एम्बुलेंस सेवाओं की अद्यतन जानकारी समय-समय पर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने एम्बुलेंस सेवाओं के सुचारु संचालन पर विशेष बल दिया। बैठक की शुरूआत पूर्व साधारण सभा के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा से हुई, जिसमें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सहकारिता, जल जीवन मिशन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि, शिक्षा एवं विद्युत विभागों से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई।

## नैनो न्यूज

- एडिनबर्ग में आयोजित 'चीयर फॉर भारत' कार्यक्रम में शिव स्तुति से मोहा मन, खेल मंत्री और पीटी ऊषा ने की सराहना
- महाराष्ट्र में आयोजित मास्टर्स चैंपियनशिप में उज्जैन के गुलरेज खान ने अपनी ताकत का लोहा मनवाते हुए स्वर्णिम इतिहास रचा है।
- विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के लिए शिवकुमार मौर्या का हुआ चयन, गृह जिले यूपी के चंदौली से जुड़ेंगे

## ट्रेंडिंग




कुपोषण उन्मूलन के लिए एक दूरदर्शी सशक्त माडल

# नागदा एसडीएम का नवाचार की पोषण मित्र मिशन योजना की तैयार

## प्रशासन, स्वास्थ्य तंत्र, समाज की साझेदारी से बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने की दिशा में अनूठी पहल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नागदा अनुभाग में दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान के दौरान एसडीएम नागदा रंजना पाटीदार ने कुपोषण उन्मूलन के लिए एक दूरदर्शी पहल पोषण मित्र मिशन की योजना तैयार की है। यह पहल प्रशासन, स्वास्थ्य तंत्र और समाज की साझेदारी से बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने की दिशा में एक सशक्त मॉडल के रूप में विकसित की जा रही है।

ग्राम अलसी में सघन फील्ड विजिट के दौरान एसडीएम ने घर-घर पहुंचकर बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति का आकलन किया, परिजनों से संवाद स्थापित किया तथा डायरिया से बचाव हेतु ओआरएस एवं जिंक के उपयोग की जानकारी दी। सुश्री पाटीदार बताती हैं कि अभी हमने योजना बद्ध किया है। इस पर हम काम करना चाहते हैं।



### पोषण मित्र मिशन की प्रस्तावित रूपरेखा

सुश्री पाटीदार के अनुसार इस योजना के अंतर्गत जनप्रतिनिधियों, शासकीय अधिकारियों, अधिवक्ताओं, व्यापारी संगठनों, क्लब एवं एनजीओ को पोषण मित्र के रूप में जोड़ा जाएगा। प्रत्येक कुपोषित बच्चे के लिए 6 माह की अवधि हेतु एक पोषण मित्र निर्धारित किया जाएगा, जो बच्चे के पोषण, स्वास्थ्य और समग्र विकास की जिम्मेदारी निभाएगा।

### 3एम मॉडलः पोषण मित्र की स्पष्ट जिम्मेदारियां

इस मिशन का क्रियान्वयन 3एम मॉडल पर आधारित रहेगा, जो सीधे तौर पर पोषण मित्र की जिम्मेदारी होगी–

- **निरंतर निगरानी-** पोषण मित्र द्वारा आवंटित बच्चे की नियमित प्रगति पर नजर रखी जाएगी। आंगनवाड़ी, आशा एवं एएनएम द्वारा साप्ताहिक हाइट, वजन एवं ग्रोथ माप कर रिपोर्ट साझा की जाएगी। बच्चे की पोषण स्थिति में हो रहे बदलाव का ट्रैक रखा जाएगा। आवश्यकता होने पर स्वास्थ्य संस्थानों से समन्वय कर उपचार सुनिश्चित किया जाएगा।
- **पोषण एवं संसाधन उपलब्धता-** बच्चे की जरूरत अनुसार संतुलित एवं पोष्टिक आहार की नियमित व्यवस्था कराई जाएगी। वजन बढ़ाने, रोग प्रतिरोधक क्षमता सुधारने एवं समग्र विकास हेतु सप्लीमेंट/पोषण सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। इस हेतु लगभग 600–800 प्रतिमाह का व्यय अनुमानित है। आवश्यकतानुसार कपड़े, खिलौने एवं स्वच्छता सामग्री की व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे बच्चे का समग्र विकास सुनिश्चित हो।
- **प्रेरणा एवं व्यवहार परिवर्तन-** पोषण मित्र द्वारा बच्चे के माता-पिता को टीकाकरण, नियमित जांच एवं पोषण संबंधी आदतों के लिए प्रेरित किया जाएगा। परिवार को सरकारी योजनाओं (जैसे आयुष्मान कार्ड, संबल, लाड़ली बहना आदि) से जोड़ने में सहयोग किया जाएगा। स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल एवं संतुलित आहार के प्रति जागरूकता बढ़ाकर व्यवहार परिवर्तन सुनिश्चित किया जाएगा।

### लक्ष्य आधारित परिणाम

**3 माह में:** 70% बच्चे एसएएम से एमएएम श्रेणी में आएं
**6 माह में:** 90%+ बच्चे सामान्य श्रेणी में आएं
**जीरो रिप्लेस :** बच्चे दोबारा कुपोषित न हों

### समन्वित क्रियान्वयन

इस योजना को जनभागीदारी ,प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग,महिला एवं बाल विकास विभाग, के समन्वय से क्रियान्वित किया जाएगा, जिससे जमीनी स्तर पर ठोस परिणाम प्राप्त हो सकें।

### योजना जनसहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण

एसडीएम नागदा द्वारा प्रस्तावित पोषण मित्र मिशन प्रशासनिक नवाचार, उत्तरदायित्व और जनसहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण है। स्पष्ट लक्ष्य, जिम्मेदारी आधारित मॉडल एवं सामुदायिक सहयोग के साथ यह पहल कुपोषण उन्मूलन के क्षेत्र में राज्य ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रभावी एवं अनुकरणीय मॉडल बन सकती है।

महापौर ने किया कंठाल चौराहे से सतीगेट होते हुए छत्री चौक तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण

# राजसी सवारी से पहले पूरा होगा निर्माण

## नाली निर्माण और सड़क कार्य समय पर पूरा करने के दिए निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

बाबा महाकाल की आगामी राजसी सवारी को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा कंठाल चौराहे से सतीगेट होते हुए छत्री चौक तक किए जा रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्यों का शनिवार को महापौर मुकेश टटवाल ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्माण कार्य तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।



महापौर टटवाल ने कहा कि बाबा महाकाल की राजसी सवारी से पूर्व कंठाल चौराहे से सतीगेट और छत्री चौक तक का मार्ग पूरी तरह तैयार कर लिया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं और आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि वर्तमान में छत्री चौक से खड़े हनुमान होते हुए भगत जी की दुकान तक डीएलसी (ड्राई लीन कंक्रीट) का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि सतीगेट एवं कंठाल चौराहे तक नाली निर्माण और सड़क निर्माण का कार्य तेजी से जारी है।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने ठेकेदार को निर्देशित किया कि नाली निर्माण के दौरान जहां जलभराव की स्थिति है, वहां तत्काल डिवाटरिंग कर निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए। साथ ही मार्ग के दोनों ओर नालियों का निर्माण शीघ्र पूरा कर सड़क निर्माण कार्य भी निर्धारित समय में पूर्ण किया जाए। महापौर ने कहा कि नगर निगम के अधिकारी और संबंधित ठेकेदार दिन-रात कार्य कर रहे हैं, जिससे राजसी सवारी से पहले पूरा मार्ग तैयार हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र के नागरिकों का सहयोग मिलने से कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा होने की उम्मीद है। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षद एवं एमआईसी सदस्य रजत मेहता, कैलाश प्रजापत, संबंधित उपयंत्री तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# विधिक सेवा प्राधिकरण, उज्जैन आईएसओ प्रमाणित प्रदेश का बना एक मात्र प्राधिकरण



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उज्जैन को वर्ष 2022 में मध्यप्रदेश का प्रथम आइएसओ प्रमाणित प्राधिकरण बनने का गौरव प्राप्त है, जिसके अनुक्रम में वर्ष 2026 को आईएसओ प्रमाण पत्र का रिन्युअल कर आईएसओ संस्था के अधिकारी योगेन्द्र द्विवेदी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश माननीय पी.सी. गुप्ता, सचिव माननीय मनोज कुमार भाटी को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

आईएसओ कार्यकम समारोह पैरालीगल वालंटियर एवं विधि छात्रों की उपस्थिति में एडीआर सेंटर भवन में हुआ। माननीय श्री गुप्ता साहब ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मानक पूर्ण करने पर आइएसओ सार्टीफिकेट प्राप्त होना उज्जैन के लिए गौरव की बात है। जिसकी निरंतरता कर पुनः प्रमाणपत्र को रिन्युअल किया गया है। इस उपलब्धि में विधिक सेवा संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों, पैनल लॉयर एवं पैरालीगल वालंटियर्स का पूर्ण योगदान रहा है। सभी ने समाज के जरूरतमंद एवं अंतिम छोर के व्यक्ति को नालसा/सालसा एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में अमूल्य योगदान दिया है।

# दो महीने में ही उखड़ने लगी सिंहस्थ के लिए बनी सड़क

## 18400 करोड़ रुपये के कामों पर उठे सवाल



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा बनाए जा रहे चिंतामण फोरलेन की गुणवत्ता निर्माण पूरा होने से पहले ही सवालों के घेरे में आ गई है। जंतर-मंतर के सामने करीब दो महीने पहले डाला गया सीमेंट कंक्रीट (सीसी) रोड अब जगह-जगह खराब होने लगा है।

सड़क की सतह पर गड्ढे और क्षतिग्रस्त हिस्से दिखाई देने लगे हैं, जिन्हें अब पेचवर्क कर भरने की कवायद की जा रही है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जो सड़क अभी पूरी तरह तैयार भी नहीं हुई, उसकी मरम्मत की नौबत आखिर क्यों आ गई?

यह मार्ग सिंहस्थ की दृष्टि से महत्वपूर्ण परियोजनाओं में शामिल है। करोड़ों रुपये खर्च कर तैयार किए जा रहे इस फोरलेन का उद्देश्य सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर यातायात सुविधा देना है। लेकिन शुरूआती दौर में ही सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठने से निर्माण एजेंसी और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लग गए हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क बनने के कुछ ही सप्ताह बाद इसकी सतह खराब होने लगी थी। अब जिन हिस्सों में गड्ढे बने हैं, वहां नया कंक्रीट डालकर पैबंद लगाए जा रहे हैं। इससे यह आशंका भी गहरा गई है कि यदि अभी यह स्थिति है तो भारी यातायात शुरू होने के बाद सड़क कितनी टिकाऊ साबित होगी।

### थर्ड पार्टी ऑडिट होगा

मामला ऐसे समय सामने आया है, जब प्रदेश सरकार ने सिंहस्थ-2028 से जुड़े 18,400 करोड़ रुपये से अधिक के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार की कंपनी सर्टिफिकेशन इंजीनियर्स इंटरनेशनल लिमिटेड (सीइआइएल) को थर्ड पार्टी ऑडिट की जिम्मेदारी सौंपी है। यह एजेंसी निर्माण के हर चरण में सामग्री, तकनीकी मानकों, डिजाइन और गुणवत्ता की स्वतंत्र जांच करेगी। संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने निर्माण कार्यों के दस्तावेज और प्रगति पूरी तरह अपडेट रखें, ताकि निरीक्षण में किसी प्रकार की कमी न रहे। ऐसे में चिंतामण फोरलेन का यह मामला स्वतंत्र गुणवत्ता जांच की आवश्यकता को और मजबूत करता है। यदि निर्माण के दौरान ही गुणवत्ता में कमी सामने आ रही है तो समय रहते इसकी जांच और जिम्मेदारी तय करना जरूरी होगा।

### पिछले सिंहस्थ से नहीं लिया सबक?

पिछले सिंहस्थ में बने कई पुल, सड़कें और घाट आयोजन के कुछ समय बाद ही क्षतिग्रस्त हो गए थे। इन्हीं अनुभवों के आधार पर इस बार सरकार ने हर बड़े प्रोजेक्ट का थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट कराने का निर्णय लिया है। बावजूद इसके, निमार्णाधीन सड़क पर दो महीने में ही पैचवर्क की नौबत आना गुणवत्ता नियंत्रण व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। अब नजर इस बात पर रहेगी कि सीइआइएल की जांच में इस सड़क की गुणवत्ता को लेकर क्या रिपोर्ट सामने आती है और जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई होती है।

# 27 जुलाई तक इंदौर-दौंड एक्सप्रेस निरस्त

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार हो रही भारी वर्षा एवं पुणे सेक्शन में लैंड स्लाइड के कारण रतलाम मंडल से गुजरने वाली ट्रेनों का यातायात प्रभावित हुआ है। पश्चिम रेलवे, रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि इस कारण इंदौर से चलने वाली ट्रेन संख्या 22944 इंदौर-दौंड सुपरफास्ट एक्सप्रेस और दौंड से चलने वाली ट्रेन संख्या 22943 दौंड-इंदौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 25 से 27 जुलाई तक निरस्त रहेगी।

26 जुलाई को दौंड से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 22193 दौंड-ग्वालियर एक्सप्रेस वाया दौंड-मनमाड-जलगांव-पालधी-सूरत रास्ते चलेगी।

मुंबई और गुजरात के कई हिस्सों में हो रही तेज बारिश और जल जमाव के कारण सुबह मुंबई से चलकर उज्जैन आने वाली अवंतिका एक्सप्रेस भी अपने निर्धारित समय से 6 घंटे देरी से पहुंची है।

# बड़े गणेश मंदिर में 11 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

देशभर में स्वतंत्रता दिवस भले ही 15 अगस्त को मनेगा, लेकिन धर्मधानी उज्जैन के बड़े गणेश मंदिर में आजादी का उत्सव 11 अगस्त को मनाया जाएगा। इसकी वजह मंदिर की वह अनूठी परंपरा है, जिसके तहत राष्ट्रीय पर्व अंग्रेजी कैलेंडर की तारीख के बजाय उस वैदिक तिथि के अनुसार मनाए जाते हैं, जिस तिथि पर ऐतिहासिक घटना घटी थी।

पंचांगकर्ता, ज्योतिर्विद पं. आनंद शंकर व्यास ने बताया भारत को 15 अगस्त 1947 को आजादी मिली थी। उस दिन श्रावण कृष्ण चतुर्दशी तिथि थी। इस वर्ष यही तिथि 11 अगस्त को पड़ रही है। इसलिए मंदिर में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन चार दिन पहले मनाया जाएगा। मंदिर में सुबह गणतंत्र के आराध्य देव बड़े गणेश का अभिषेक पूजन कर गणपति स्तोत्र के सहस्त्र पाठ होंगे। इसके बाद ध्वजारोहण होगा।

राष्ट्रगान के साथ भारत माता का पूजन किया जाएगा तथा स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इस अवसर पर देशभक्ति के गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रसाद वितरण भी होगा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नागरिक इस आयोजन में शामिल होंगे। पं.व्यास ने बताया बड़े गणेश मंदिर में 15 अगस्त, 26 जनवरी जैसे राष्ट्रीय पर्व तथा महापुरुषों की जयंती तिथि अनुसार मनाने की यह परंपरा वर्षों पुरानी है। इसके अलावा हिन्दी दिवस भी तिथि के अनुसार मनाया जाता है।



पं. व्यास ने बताया सनातन धर्म परंपरा को मानने वाले हर हिन्दू धर्मावलंबी के दिन की शुरूआत पंचांग के अनुसार होती है, उसी के अनुसार दैनंदिनी के कार्यक्रम तय होते हैं। अर्थात व्यक्ति वार के अनुसार व्रत रखता है, संबंधित ग्रह व देवी देवताओं की उपासना करता है। जन्म के बाद व्यक्ति की कुंडली भी तिथि, वार, योग, नक्षत्र के अनुसार बनाई जाती है।

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
एे.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | रविवार 26 जुलाई, 2026 | www.awantika.com


## न्यूज ब्रीफ

### विसंगति से परेशान महिला को मिला हाथों-हाथ मिला समाधान

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निदेर्शानुसार इंदौर जिले में राजस्व एवं अन्य प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए विभिन्न राजस्व निरीक्षक वृत्तों में राजस्व शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी क्रम में बांक ग्राम में आयोजित एक राजस्व शिविर में एक महिला ने अपने पति के मृत्यु प्रमाण-पत्र नहीं बनने की समस्या अधिकारियों के समक्ष रखी। महिला ने बताया कि पति की मृत्यु के बाद प्रमाण-पत्र प्राप्त करने में उसे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए शिविर में उपस्थित अधिकारियों ने तत्काल जांच कराई। डिप्टी कलेक्टर सुश्री निधि वर्मा ने बताया कि संबंधित प्रकरण में मृत्यु तिथि आदि को लेकर विसंगति थी, क्योंकि यह आत्महत्या से संबंधित मामला था।

### पीएम श्रम योगी मानधन योजना के तहत पंजीयन शिविर आयोजित

**इंदौर।** प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना संचालित की जा रही है। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के पात्र श्रमिक मासिक 55 रुपये से अंशदान जमा कर 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर मासिक पेंशन का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। श्रमिक द्वारा जमा किए जाने वाले अंशदान के बराबर राशि भारत सरकार द्वारा भी जमा की जाती है। बताया गया कि ऐसे श्रमिक, जो कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के अंतर्गत पंजीकृत नहीं हैं तथा जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये तक है, वे इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र हैं। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि इच्छुक श्रमिक देवी अहिल्या मार्ग इंदौर स्थित सहायक श्रमायुक्त कार्यालय में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### एक सप्ताह से चल रहे ओरिएंटेशन प्रोग्राम का समापन

**इंदौर।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के निर्देश पर जिले के एकमात्र शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कालेज में एक सप्ताह के ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। संस्था प्राचार्य विजया शिन्दे ने बताया कि विगत 20 से 24 जुलाई तक आयोजित ओरिएंटेशन प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य तकनीकी शिक्षा में गुणवत्ता लाना तथा नव प्रवेशित छात्राओं को विश्वविद्यालय एवं कालेज संबंधी संपूर्ण जानकारी से अवगत कराना है। साथ ही विषय विशेषज्ञ द्वारा ओरिएंटेशन प्रोग्राम के दौरान विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिया गया। डॉ. सविता सिसोदिया द्वारा टीम वर्क का महत्व बताते हुए कहा कि टीम वर्क व्यक्तिगत और संगठनात्मक लक्ष्यों को पाने में मदद करता है। अनस अंसारी द्वारा स्वास्थ्य और कल्याण के विभिन्न पहलुओं, महत्व और इसे बनाए रखने के तरीकों पर विस्तृत चर्चा की गई।

### इंदौर में आयोजित किये गए राजस्व शिविर



**इंदौर।** इंदौर जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल करते हुए राजस्व निरीक्षक वृत्त स्तर पर विशेष राजस्व जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में आयोजित इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को उनके गांव में ही राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा वर्षों से लंबित प्रकरणों का भी प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिले की मल्हारगंज तहसील के ग्राम बांक, सांवेर तहसील के ग्राम धरमपुरी तथा महू में विशेष राजस्व जनकल्याण शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं। शिविरों में प्राप्त अनेक प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष मामलों के त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई। शिविरों में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, रास्ता संबंधी विवाद, अभिलेखों में त्रुटि सुधार आदि के लगभग पौने चार सौ राजस्व प्रकरणों का त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण किया जा रहा है।

## नैनो न्यूज

- **पेपर लीक मामलों के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट** - मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने परीक्षा पेपर लीक से जुड़े मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए चार विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित किए हैं। इन मामलों का निपटारा तीन महीने के भीतर करने का लक्ष्य रखा गया है।
- **अगले 72 घंटे भारी बारिश के आसार**- प्रदेश में मानसून पूरी तरह सक्रिय है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, नर्मदापुरम सहित कई संभागों में भारी बारिश, बिजली गिरने और जलभराव का अलर्ट जारी किया गया है।
- **बैतूल में पांच मोरों की मौत** - बैतूल जिले में जहरीला मक्का खाने से पांच राष्ट्रीय पक्षी मोरों की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है।
- जलवायु परिवर्तन पर नई चेतावनी - मैनिट और आईआईएसईआर भोपाल के शोध में कहा गया है कि आने वाले वर्षों में मध्य प्रदेश में गर्म रातें और अधिक तीव्र हीटवेव का खतरा बढ़ सकता है।
- जूनियर डॉक्टरों की मांग- मप्र-जुडा ने नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं की न्यायिक जांच और प्रदर्शनकारियों पर हुई कार्रवाई की निष्पक्ष समीक्षा की मांग दोहराई है।
- **किसानों के लिए राहत** - लगातार हो रही बारिश से खरीफ फसलों को लाभ मिलने की संभावना है, हालांकि निचले इलाकों में जलभराव और खेतों में पानी भरने की आशंका भी जताई गई है।

---

भोपाल में ट्रायल शुरू, धार्मिक नगरी में सिंहस्थ पूर्व पहुंचेगी

## उज्जैन सहित 5 शहरों में दौड़ेगी 587 ई-बस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

प्रदेश के चार बडे शहरों के साथ धर्मनगरी उज्जैन को भी सार्वजनिक परिवहन में आधुनिकता की सौगात मिलने वाली है। केंद्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से प्रदेश के भोपाल,इंदौर,जबलपुर,ग्वालियर के साथ उज्जैन में भी आगामी समय में ई-बसें दौडने की तैयारी की जा रही है। इन 5 शहरों में 587 ई-बसें चलाई जाना हैं। उज्जैन में निर्माण के हालात सामान्य होने के साथ ही इस पर काम शुरू होने की स्थिति बनने वाली है जो सिंहस्थ के पूर्व में अमल में आ सकती है। अभी भोपाल में ट्रायल शुरू किया गया है।

प्रदेश में इस परियोजना का क्रियान्वयन एक निजी एजेंसी के माध्यम से कराया जा रहा है। प्रारंभिक चरण में 20 ई-बसें भोपाल की सडकों पर उतरेंगी, जिनकी संख्या धीरे-धीरे बढ़ाकर 100 से अधिक की जाएगी। भोपाल के बाद प्रदेश के चार अन्य बड़े शहरों इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन में भी कुल 587 ई-बसों को चलाने की योजना है। अनुबंध की शर्तों के अनुसार बसों की चार्जिंग, रखरखाव और स्टाफ का संपूर्ण खर्च संबंधित ऑपरेटिंग कंपनी ही उठाएगी, जिसके बदले सरकार कंपनी को 58.17 रुपये प्रति किलोमीटर का भुगतान करेगी।




### भोपाल में किराया तय

इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को बेहद किफायती दरों पर वातानुकूलित और आरामदायक सफर की सुविधा प्रदान करना है। इन आधुनिक इलेक्ट्रिक एसी बसों में सफर के लिए यात्रियों को जेब हल्की नहीं करनी पड़ेगी। शुरुआती दरें प्रति किलोमीटर मात्र 1.50 रुपए तय की गई हैं, जबकि न्यूनतम किराया केवल 7 रुपये रखा गया है। इस व्यवस्था के तहत यदि कोई यात्री 10 किलोमीटर की दूरी तय करता है, तो उसे महज 15 रुपए का भुगतान करना होगा। यह दरें आम नागरिक के लिए रोजाना के सफर को बेहद किफायती बनाती हैं।

### ऐसी रहेगी ई-बसों में बैठक व्यवस्था

पूर्णतः एयर-कंडीशंड इन बसों में 25 यात्रियों के बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। व्हीलचेयर से आने वाले दिव्यांग यात्रियों के लिए बसों में विशेष हाइड्रोलिक डोर और आरक्षित स्थान का प्रावधान है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से बस में दो ऑटोमैटिक गेट दिए गए हैं। जब तक ये दरवाजे पूरी तरह बंद नहीं होंगे, बस आगे नहीं बढ़ेगी। बस के भीतर 8 सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी । आपात स्थिति से निपटने के लिए खिड़कियों के पास इमरजेंसी एग्जिट सिस्टम है।

---

गेट हो गए लॉक, कांच तोड़कर निकाले शव

## खाटू श्यामजी जा रहे श्रद्धालुओं की कार तालाब में गिरी, 5 लोगों की मौत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

राजगढ़ जिले के खुजनेर थाना इलाके के अंतर्गत आने वाले भीलखेड़ी जोड़ के पास आज एक दर्दनाक हादसा हुआ जिसमें एक तेज रफ्तार से जा रही स्विफ्ट कार एमपी 09 सीसी 6414 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित तालाब में जा गिरी। हादसे में कार सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक शाजापुर जिले के अरंडिया व अरंडिया खुर्द निवासी पांच लोग आज सुबह खाटू श्याम जी के दर्शन करने गांव से निकले थे तभी अचानक रास्ते में यह दुखद हादसा हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही खुजनेर थाना प्रभारी रवि ठाकुर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे लोगों को बाहर निकालकर तत्काल खुजनेर अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने पहले 4 लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक व्यक्ति में हल्की सांसें चलने के कारण उसे सीपीआर दिया गया, हालांकि, उसे भी बचाया नहीं जा सका।





### कार का अगला हिस्सा पूरा डूबा था

खुजनेर थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने बताया कि दोपहर 12:40 बजे हादसे की सूचना मिली थी। करीब 5 मिनट में पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। उस समय कार का अगला हिस्सा पूरी तरह पानी में डूबा था, जबकि पिछला हिस्सा दिखाई दे रहा था। कार को पहले रस्सी से बाहर खींचा गया। पांचों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतकों के आधार कार्ड से उनकी पहचान शाजापुर जिले के रहने वालों के रूप में हुई। इसके बाद शाजापुर पुलिस और परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस और परिजनों के मुताबिक, सभी मृतक शाजापुर जिले के अरंडिया और अरनियाखुर्द गांव के रहने वाले थे। वे राजगढ़ में खाटू श्याम मंदिर के दर्शन के लिए निकले थे। मृतक गोविंद तिवारी अपने बेटे के रिश्ते की बात करने भी जा रहे थे, लेकिन मंजिल तक पहुंचने से पहले ही हादसा हो गया।

### कचरा गाड़ी नहीं पहुंचने से रहवासी परेशान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

बड़ा बांगड़दा स्थित कंचन लीला टाउनशिप के रहवासी इन दिनों मूलभूत नागरिक सुविधा के अभाव से जूझ रहे हैं। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि नगर निगम की डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण गाड़ी यहां नियमित रूप से नहीं आती। इसके चलते लोगों को मजबूरी में खाली प्लॉटों में कचरा फेंकना पड़ रहा है, जिससे गंदगी, मच्छरों और बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। क्षेत्रीय नागरिक पवन अनिया और अरविंद दुबे ने कहा की यदि समय पर कचरा उठाने की व्यवस्था नहीं होगी तो पूरी कॉलोनी में स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं खड़ी हो सकती हैं। इस संबंध में जोन 16 सी एस आई मोहित पवार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि जिस क्षेत्र का जीपीएस रूट नगर निगम के रिकॉर्ड में दर्ज होता है, कचरा वाहन उसी मार्ग पर संचालित होता है।

---

## रहवासियों ने कहा- स्नेहलतागंज बन सकता है दूसरा भागीरथपुरा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

स्नेहलता गंज के रहवासी इन दिनों बोरिंग और नलों में आ रहे गंदे और बदबूदार पानी से परेशान हैं। गंदा पानी पीने के कारण बीमार हुए 10 से ज्यादा लोगों का इलाज चल रहा है।

स्नेहलता गंज स्थित प्रेम पैराडाइज के रहवासियों ने बताया कि उनकी बिल्डिंग के पास से ड्रेनेज लाइन गुजर रही है जो सेंट्रल जेल तक जाती है। यह ड्रेनेज लाइन लंबे समय से चौक है। इसके कारण उनकी बिल्डिंग में स्थित बोरिंग और नर्मदा लाइन में पिछले माह से गंदा बदबूदार पानी आ रहा है। इस पानी के पीने से 10 से ज्यादा लोग बीमार हो चुके हैं। जिनका इलाज अभी घर पर ही चल रहा है। रहवासियों ने बताया कि स्नेहलता गंज की और भी बहुमंजिला इमारतों में यह समस्या है। कई बार नगर निगम को शिकायत कर चुके हैं लेकिन निगम का एक ही जवाब रहता है कि यह लाइन नई डाली जाएगी तभी पूरी तरह समस्या हल हो पाएगी। रहवासियों ने बताया कि वह सोमवार को नगर निगम आयुक्त से भी इस संबंध में मिलने वाले हैं।

## अशोक बरनवाल के मुख्य सचिव बनते ही बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के नए मुख्य सचिव अशोक बरनवाल ने पद संभालते ही बड़े प्रशासनिक फेरबदल किए हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव से सलाह के बाद शुक्रवार देर रात वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

मुख्यमंत्री के एसीएस नीरज मंडलोई को अब 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2027' के आयोजन की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही वे उद्योग और एमएसएसई विभाग भी संभालेंगे। वे राघवेंद्र सिंह की जगह लेंगे। वहीं राघवेंद्र सिंह को वन विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है। उनकी जगह संदीप यादव ने ली है। संदीप यादव को जल संसाधन विभाग का प्रधान सचिव बनाकर अहम 'केन-बेतवा' और 'पार्वती-कालीसिंध' परियोजना की जिम्मेदारी दी गई है।

नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण एनवीडीए और राजस्व विभाग की कमान ई. रमेश कुमार को सौंपी गई है। यादव और कुमार दोनों डॉ. राजेश राजोरा की जगह ले रहे हैं। राजोरा को आरसीपीवी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी का महानिदेशक नियुक्त किया गया है।

---

श्रावण-भादौ में उज्जैन रेलवे स्टेशन पर मिनी सिंहस्थ का ट्रायल

## ड्रोन से निगरानी, एयरपोर्ट जैसी प्रवेश एवं निकासी

### ट्रेन आने से 30 मिनट पहले ही संबंधित यात्रियों को प्रवेश मिलेगा

### देवासगेट क्षेत्र से प्रवेश,माधवनगर की और निकासी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

श्रावण मास में उज्जैन रेलवे स्टेशन पर ड्रोन से निगरानी रखी जाएगी और एयरपोर्ट की तर्ज पर यात्रियों की प्रवेश एवं निकासी की योजना को अंजाम दिया जाएगा। एक तरह से मिनी सिंहस्थ का ट्रायल किया जाने वाला है। आरपीएफ थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव के अनुसार श्रावण में प्रतिदिन 90-95 हजार श्रद्धालुओं की बुकिंग सामने आ रही है। इसके चलते यात्रियों को बेहतर व्यवस्था और सुरक्षा प्रदान करना हमारा दायित्व है।

श्रावण-भादौ मास में बाबा महाकाल के दर्शन के लिए इस बार उज्जैन में रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। इसी को देखते हुए रेलवे ने सुरक्षा और यात्री सुविधाओं को लेकर बड़े स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। अतिरिक्त ट्रेनों से लेकर ड्रोन निगरानी और एयरपोर्ट जैसी एंट्री व्यवस्था तक कई नए इंतजाम किए जा रहे हैं।

29 जुलाई से 7 सितंबर तक चलने वाले श्रावण-भादौ मास में देशभर से लाखों श्रद्धालु महाकाल मंदिर पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने उज्जैन स्टेशन के लिए विशेष भीड़ प्रबंधन योजना लागू की है। उद्देश्य यह है कि यात्रियों को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव मिल सके। श्रावण-भादौ के दौरान यात्री संख्या में बढ़ोतरी की पूरी संभावना है। इसमें पिछले वर्ष की अपेक्षा उछाल ही रहने वाला है।

### उज्जैन स्टेशन पर प्रतिदिन 70 से अधिक अप एवं डाउन ट्रेनें आती

पिछलें वर्षों में भोपाल-उज्जैन रेलखंड पर श्रावण मास में सिहोर एवं उज्जैन में यात्रियों के दबाव को देखते हुए इस रूट पर तीन अप और तीन डाउन सहित कुल छह अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें चलाई जाती रही हैं जो इस वर्ष भी चलाई जाएंगी। फिलहाल उज्जैन स्टेशन पर प्रतिदिन 70 से अधिक अप एवं डाउन ट्रेनें आती हैं। ऐसे में यात्रियों का दबाव बराबर बढने वाला है। यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था एवं स्टेशन पर भीड प्रबंधन को लेकर रेलवे सुरक्षा बल ने अभी से विशेष इंतजाम किए हैं। आरपीएफ टीआई श्री यादव बताते हैं कि स्टेशन परिसर में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जा रही है। ड्रोन के माध्यम से स्टेशन और आसपास के क्षेत्रों की लगातार निगरानी की जाएगी। यात्रियों के लिए वाटरप्रूफ होल्डिंग एरिया बनाया जा रहा है, जहां पेयजल, बैठने और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। अतिरिक्त सुरक्षा बल भी तैनात रहेगा। भीड़ नियंत्रण के लिए एयरोड्रम की तरह इस बार स्टेशन पर प्रवेश और निकासी की व्यवस्था में बदलाव किया जाएगा। यात्रियों को प्लेटफॉर्म नंबर-1 की ओर से प्रवेश मिलेगा।

---

## सोशल मिडिया से सड़क तक चला आन्दोलन सवाल छोड़ गया...

## धर्मेन्द्र प्रधान या जनता प्रधान ?

■ संदीप मेहता

लोकतंत्र की असली परीक्षा यही है कि असहमति का सम्मान किया जाए, न कि उसे केवल टकराव में बदल दिया जाए। जंतर-मंतर से उठी छात्रों की आवाज केवल एक मंत्री के इस्तीफे की मांग नहीं थी, बल्कि जवाबदेही और संवाद की अपेक्षा भी थी। छात्रों का दावा है कि उनका मार्च शांतिपूर्ण था और उन पर अनावश्यक बल प्रयोग किया गया। वहीं पुलिस का कहना है कि संसद क्षेत्र की सुरक्षा और प्रतिबंधों के कारण कार्रवाई करनी पड़ी। इन दावों की निष्पक्ष जांच जरूरी है, क्योंकि लोकतंत्र में राज्य की शक्ति भी जवाबदेही से परे नहीं हो सकती। घटना के बाद जो वीडियो और तस्वीरें सामने आईं और पुलिस की कार्रवाई को लेकर उठे सवालों ने देशभर में बहस छेड़ दी। यदि कहीं अत्यधिक बल प्रयोग हुआ है, तो उसकी जांच और जिम्मेदारी तय होना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए जरूरी है। और सबसे बड़ी बात, लोकतंत्र की ताकत यही है कि वह असहमति को दबाता नहीं, बल्कि सुनता है। यही किसी परिपक्व लोकतांत्रिक व्यवस्था की पहचान है। यही बात जनता पार्टी की सफलता का सबक भी है–अनशन से लेकर लगातार संवाद और नैतिक दबाव की रणनीति। इसी तरह के कदम लोकतंत्र को जीवित रखते हैं, बशर्ते वे अहिंसक, जवाबदेह और संवाद पर आधारित हों।

'जब लाठियां सवालों से भारी पड़ जाएं।' जंतर मंतर से संसद की ओर बढ़ते छात्र सिर्फ अपनी मांगों के साथ आगे बढ़ रहे थे या उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दी थी? इस पर अलग-अलग दावे हैं। लेकिन यह साफ है कि इस घटनाक्रम के वीडियो और तस्वीरों ने देशभर में बहस छेड़ दी। सोशल मीडिया पर वायरल दृश्यों में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव, लाठीचार्ज और अफरातफरी ने लोगों को झकझोर दिया। कई लोगों ने इसे लोकतांत्रिक विरोध पर कठोर कार्रवाई बताया, तो कुछ का तर्क था कि संसद जैसे अति-सुरक्षित क्षेत्र में सुरक्षा बनाए रखना भी जरूरी है। विपक्षी दलों ने सरकार पर असहिष्णुता का आरोप लगाया, और कई सामाजिक कार्यकताओं व शिक्षाविदों ने मांग की कि पूरे घटनाक्रम की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। सोशल मीडिया पर लाखों लोगों ने अपनी राय रखी–कई ने घायल छात्रों की तस्वीरें साझा कर गुस्सा और चिंता जताई, तो कुछ ने कहा कि किसी भी प्रदर्शन में कानून का पालन अनिवार्य है।

लोकतंत्र की खूबसूरती इसी में है कि विरोध की आवाज सुनी जाए। यदि प्रदर्शन शांतिपूर्ण था, तो संवाद पहला विकल्प होना चाहिए था। और यदि कानून-व्यवस्था को खतरा था, तो कार्रवाई भी कानून के दायरे और न्यूनतम आवश्यक बल तक सीमित रहनी चाहिए थी। यही वजह है कि इस घटना ने केवल एक आंदोलन नहीं, बल्कि शासन, पुलिस और नागरिक अधिकारों के बीच संतुलन की बहस को भी केंद्र में ला दिया।

क्या लोकतंत्र में विरोध की आवाज इतनी असहज हो गई है? इस पूरे घटनाक्रम ने केवल छात्रों के आंदोलन का नहीं, बल्कि लोकतंत्र की कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अगर सरकार से असहमति जताने वाले छात्र सड़कों पर उतरते हैं, तो लोकतांत्रिक व्यवस्था की पहली जिम्मेदारी संवाद स्थापित करना होती है। जब बातचीत की जगह टकराव ले ले, तो नुकसान सिर्फ. आंदोलनकारियों का नहीं होता, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता का भी होता है। घटना के बाद सोशल मीडिया पर आई तस्वीरों और वीडियो ने व्यापक प्रतिक्रिया पैदा की। कई लोगों ने पुलिस कार्रवाई को अत्यधिक कठोर बताया और घायल प्रदर्शनकारियों की तस्वीरें साझा कीं, जिससे यह सवाल उठा कि क्या इसे बातचीत से संभाला जा सकता था? वहीं कुछ लोगों का मत था कि संसद क्षेत्र की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और अगर निषिद्ध क्षेत्र की ओर बढ़ने की कोशिश हुई, तो पुलिस को कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी निभानी थी। मगर इन दोनों दृष्टिकोणों के बीच सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या बल प्रयोग अंतिम विकल्प था और क्या उसका स्तर परिस्थितियों के अनुरूप था? विपक्षी दलों ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर प्रहार बताते हुए सरकार की आलोचना की और निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। कई सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और पूर्व अधिकारियों ने भी कहा कि ऐसी घटनाओं की स्वतंत्र समीक्षा होनी चाहिए ताकि यह स्पष्ट हो सके कि पुलिस की कार्रवाई स्थापित मानकों के अनुरूप थी या नहीं। किसी भी लोकतंत्र की ताकत सिर्फ. चुनाव जीतने में नहीं, बल्कि आलोचना सुनने और असहमति को जगह देने की क्षमता में होती है। इस पूरे घटनाक्रम से सबसे बड़ा सबक यही निकलता है कि लोकतंत्र में संवाद की हार, किसी एक पक्ष की नहीं बल्कि पूरे लोकतांत्रिक ढांचे की हार होती है–जिसकी जिम्मेदारी सरकार, प्रशासन और नागरिक–तीनों पर समान रूप से लागू होती है।

जंतर-मंतर से संसद तक निकले मार्च ने सिर्फ. एक टकराव नहीं दिखाया, बल्कि यह भी उजागर किया कि लोकतंत्र में विरोध, सुरक्षा और संवाद के बीच संतुलन कितना नाजुक है। एक तरफ छात्र संगठन कहते हैं कि उनका आंदोलन शांतिपूर्ण था और बल प्रयोग अनावश्यक। वहीं दूसरी तरफ प्रशासन का तर्क है कि संसद क्षेत्र में सुरक्षा नियम लागू थे और बैरिकेड तोड़ने की कोशिश के बाद भीड़ को काबू करना पड़ा। इस बीच सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और तस्वीरों ने जन प्रतिक्रिया को और गहरा दिया। कुछ लोगों ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर चोट बताया, तो कुछ ने कहा कि कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी से समझौता नहीं हो सकता। विपक्षी दलों ने कार्रवाई पर सवाल उठाए जबकि सरकार का रुख कानून के दायरे में कार्रवाई को उचित ठहराने का रहा। ऐसे मामलों में सबसे जरूरी निष्पक्ष जांच और पारदर्शिता है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि बल प्रयोग परिस्थितियों के हिसाब से था या नहीं। लोकतंत्र में असहमति कोई कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी ताकत है–बशर्ते विरोध हो या सुरक्षा प्रबंधन, दोनों जवाबदेही और संवाद को केंद्र में रखें।

## इंदौर के सदर बाजार थाने के बाहर संघ कार्यकर्ताओं का धरना

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सदर बाजार थाना क्षेत्र के साउथ गाड़रा खेड़ी में कुछ दिन पहले हुए चाकूबाजी के मामले में घायल युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े कार्यकर्ता सदर बाजार थाने के बाहर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित कड़ी धाराएं जोड़ने और मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की धरने के दौरान घायल युवक के परिजनों और संघ कार्यकताओं ने पुलिस को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि पीड़ित की हालत लगातार गंभीर बनी हुई है, ऐसे में मामले में और गंभीर धाराएं जोड़ी जानी चाहिए। थाना प्रभारी पी.एल. शर्मा ने बताया कि घायल व्यक्ति पहले शशि नर्सिंग होम में भर्ती था, जहां से उसे बेहतर उपचार के लिए अरविंद अस्पताल रेफर किया गया है। उन्होंने कहा कि घटना का आरोपी पहले ही गिरफ्तार होकर जेल भेजा जा चुका है।

## न्यूज कालम



## जिला अल्पसंख्यक प्रभारी खान का हुआ भव्य स्वागत सम्मान

**जावरा** । जिला अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस प्रभारी आबिद खान का प्रथम नगर आगमन पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव युसूफ कडपा के कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकताओं ने भव्य स्वागत कर सम्मान किया। इस मौके पर जिला प्रभारी खान ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने विश्वास दिलाया है की वह हमेशा कार्यकर्ताओं के बीच रहकर संगठन को सशक्त बनाने का कार्य करेंगे तथा सभी कांग्रेस जनों से 2028 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुटने और कांग्रेस की जनहित कारी नीतियों एवं विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का आवाहन किया । इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कडपा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुशील कोचट्टा, कार्यवाहक अध्यक्ष अजीजु रहमान खान पठान ,नगर पालिकाचौयरमैन इमरान हुसैन, मोहम्मद मुस्तकीम मंसूरी,आसिफ कबड्डी, पार्षद प्रतिनिधि आमिर खान ,अनीश कल्याणे ,राधेश्याम चौहान, बब्बन रजा ,आदि बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एजोला इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया ग्रीन डे



**सनावद।** शहर के एजोला इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 'ग्रीन डे' (हरा दिवस) का आयोजन किया गया। इस विशेष दिन पर स्कूल परिसर को हरे रंग के रंग-बिरंगे गुब्बारों, रिबन और पर्यावरण संदेशों वाले श्लोगन से सजाया गया । सभी बच्चे हरी पोशाक पहनकर स्कूल आए थे। कई बच्चे पेड़, पत्ती, मेंढक और सब्जियों जैसे तरबूज, मटर और शिमला मिर्च के रूप में तैयार होकर आए पर्यावरण बचाने के संदेश दिए। इस अवसर पर स्कूल में कई तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूल परिसर में संस्था के डायरेक्टर महेश बिरला, पंकज बिरला व स्कूल स्टाफ द्वारा पौधे लगाए गए। बच्चों को भी एक-एक पौधा गोद लेने और उसकी देखभाल करने की शपथ दिलाई गई। संस्था के प्राचार्य राजपालसिंह चौहान, व मैनेजिंग हेड अमन नरिया बताया कि , "ग्रीन डे मनाने का उद्देश्य बच्चों को बचपन से ही प्रकृति से जोड़ना है। यदि आज के बच्चे पेड़ों और पर्यावरण का महत्व समझेंगे, तभी हमारा भविष्य सुरक्षित रहेगा।

## अवैध हथियार विक्रेता गिरफ्तार, पश्चिम बंगाल के तस्कर को बेची थी 5 पिस्टल




**खरगोन।** करीब दो माह पहले 4 देशी पिस्टल और एक देशी कट्टे के पश्चिम बंगाल के बदमाश आमिनूल को भीकनगांव पुलिस ने पकड़ा था। आमिनूल को हथियार सप्लाय करने के मामले में करीब दो माह से पुलिस को छका रहा हथियार सप्लायर मोहनसिंग सिकलीगर पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि 23 मई को को चौकी बमनाला की पुलिस टीम ने आमिनूल इस्लाम पिता साजाहान अली निवासी काशीमनगर नुतनपारा रायपुर थाना हरीहरपारा, जिला मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल हाल मुकाम देवास नाका निपानिया इंदौर को 4 देशी पिस्टल व 1 देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसने बताया था कि यह हथियार सिगनूर के रहने वाले मोहनसिंग पिता अनोकसिंग टकराना सिकलीकर ने बनाकर सप्लाई किए है। इसी जानकारी के आधार पर मोहनसिंग सिकलीगर की तलाश शुरू की थी। मोहनसिंग शातिर प्रवृत्ति का होकर अपने ठिकाने बार.बार बदल रहा था। पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी, परिणामस्वरूप ग्राम गढी से उसे गिरफ्तार किया है।

# न.पा. परिषद द्वारा आशाग्राम स्थित मनोरोगी आश्रय केंद्र परिसर में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी



अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत आज नगर पालिका परिषद बड़वानी द्वारा आशाग्राम स्थित मनोरोगी आश्रय केंद्र परिसर में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र का विस्तार तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को प्रकृति संरक्षण से जोड़ना रहा।

कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री प्रेम सिंह पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी निक्कू चौहान, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री सुभाष भावसार, श्री निक्कू चौहान, नगर मंडल अध्यक्ष श्री शुभम पांडे, समस्त वार्ड पार्षदगण, समस्त एल्डरमैन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सोनाली शर्मा, आशाग्राम ट्रस्ट से श्री सचिन दुबे एवं ट्रस्ट के अन्य सदस्य तथा नगर पालिका परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

इस अवसर पर मानसिक रोगियों के साथ मिलकर नीम, करंज, जामुन, आम, कनेर, टेकोमा तथा सीताफल सहित विभिन्न प्रजातियों के लगभग 500 पौधों का रोपण किया गया। सभी जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित नागरिकों ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया। पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री प्रेम सिंह पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि ष्पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वायु, शुद्ध जल और सुरक्षित भविष्य प्रदान करेगा। यदि हम प्रकृति का संरक्षण करेंगे, तभी प्रकृति हमारा संरक्षण करेगी। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसे वृक्ष बनने तक उसकी देखभाल करनी चाहिए।

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी निक्कू चौहान ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि हर परिवार अपने घर, मोहल्ले, खेत, विद्यालय अथवा सार्वजनिक स्थान पर अधिक से अधिक पौधे लगाए तथा उनकी नियमित देखभाल करे। हरियाली बढ़ाना केवल अभियान नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है। आइए, हम सभी मिलकर बड़वानी को हरित, स्वच्छ और पर्यावरण के प्रति जागरूक नगर बनाने का संकल्प लें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सोनाली शर्मा ने कहा कि नगर पालिका परिषद बड़वानी द्वारा अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से नगर के विभिन्न स्थलों पर व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जा रहा है। केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण एवं नियमित देखभाल सुनिश्चित करना भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। आशाग्राम में मनोरोगियों की सहभागिता इस अभियान को सामाजिक समरसता और संवेदनशीलता का नया आयाम प्रदान करती है। नगर पालिका परिषद आगामी दिनों में भी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं एवं नागरिकों के सहयोग से पौधारोपण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित करती रहेगी, ताकि बड़वानी को हरित, स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल नगर बनाया जा सके।




## सात दिवसीय सिविल डिफेंस स्वयं सेवक प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

जिला दण्डाधिकारी एवं नियंत्रक नागरिक सुरक्षा बडवानी के निर्देशन में आपदा के समय त्वरित, सुरक्षित और प्रभावी राहत व बचाव कार्य सुनिश्चित करने तथा जनभागीदारी आधारित आपदा प्रबंधन तंत्र को सदृढ बनाने के उद्देश्य से शनिवार को स्वामी विवेकानंद सभागृह, शहीद भीमा नायक पी.जी. कॉलेज बडवानी में सात दिवसीय 150 सिविल डिफेंस स्वंयसेवक प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। कार्यकम के मुख्य अतिथि आर.डी. वर्मा प्राचार्य शहीद भीमा नायक पी.जी. कॉलेज बडवानी द्वारा माँ सरस्वती के पूजन के साथ प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। जिसमें आर.एस. मुजाल्दे, रंजीतसिंह मेवाडे, शरदचन्द्र राय जिला सेनानी, मुकेश मीणा प्लाटून कमाण्डर एवं अन्य अधिकारी मौजुद थे।कार्यक्रम के प्रारंभ में होमगार्ड के जिला सेनानी श्री शरदचन्द्र राय ने बताया कि यह केवल प्रशिक्षण कार्यकम नहीं, बल्कि जिलें में आपदा प्रबंधन की जनभागीदारी को सशक्त बनाने का अभियान है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से तैयार होने वाले सिविल डिफेंस स्वयंसेवक आगामी सिंहस्थ 2028 मानसून अवधि और अन्य प्राकृतिक अथवा मानवजनित आपदाओं के दौरान जिला प्रशासन होमगार्ड्स और रेस्क्यू टीमों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए राहत तथा बचाव कार्यों में भुमिका निभाई।



## स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए वार्ड-2 में जनसहयोग से भरे गए सड़क के गड्ढे

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर

वार्ड क्रमांक-2 में स्कूली बच्चों और आम नागरिकों की सुरक्षा को देखते हुए गुरुवार को पार्षद अनीशा पटेल के नेतृत्व में जनसहयोग से सड़क के गड्ढे भरने का कार्य किया गया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश पटेल लारा और वार्डवासी भी इस कार्य में शामिल हुए। भगत सिंह द्वार से सीएमडी बंगले पहुंच मार्ग तक का यह मार्ग लगभग ७ साल पहले डामरीकृत हुआ था। वर्तमान में सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह गहरे गड्ढों में बरसात का पानी भर जाने से केंद्रीय विद्यालय सहित आसपास के स्कूलों में आने-जाने वाले सैकड़ों छात्र-छात्राओं को रोज परेशानी हो रही है। अभिभावकों में भी दुर्घटना को लेकर चिंता है। पार्षद अनीशा पटेल ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए नगर पालिका के अधिकारियों को कई बार लिखित और मौखिक रूप से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। मजबूरन वार्डवासियों को खुद आगे आकर गड्ढे भरने पड़े। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश पटेल लारा ने कहा कि २०२२ में एल.के. इंटरप्राइजेज और इन्फिनिटी फर्म द्वारा नेपा मिल जिम से विकास खेल परिसर तक सीसी रोड बनाई गई थी। उस समय भगत सिंह द्वार से विकास खेल परिसर तक के मार्ग को भी शामिल करने की मांग की गई थी, लेकिन आज तक यह नहीं बन सका। इसका खामियाजा क्षेत्र की जनता और बच्चों को भुगतना पड़ रहा है।

## गुरु पूर्णिमा पर बालाजी ग्रुप करेगा श्रद्धालुओं की सेवा

**खंडवा**। गुरु पूर्णिमा पर्व पर दादाजी धाम आने वाले श्रद्धालुओं और पदयात्रियों की सेवा के लिए बालाजी ग्रुप ने भंडारा, नाश्ता, जलपान और रात्रि विश्राम की व्यवस्था का संकल्प लिया है। छैगांव माखन स्थित दिव्य बालाजी नगर में निःशुल्क भोजन की व्यवस्था रहेगी। वहीं दिव्य दर्शन मॉल, क्रत्र 11 मॉल और इंदौर रोड स्थित बालाजी धाम कॉलोनी में श्रद्धालुओं के विश्राम की व्यवस्था की गई है।

## छह तीर्थस्थलों से निकलेगी निशान यात्रा

**खंडवा।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 27 जुलाई को विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तनवे के नेतृत्व में श्रद्धा संगम निशान यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा कावेश्वर, गुरु गादी ब्रह्मवीर कुंड सहित छह प्राचीन तीर्थस्थलों से प्रारंभ होकर शाम 5 बजे पुरानी अनाज मंडी में एकत्रित होगी। यहां से यात्रा जय अंबे चौक, शनि मंदिर, भवानी माता रोड होते हुए दादाजी धाम पहुंचेगी।



## सांदीपनि विद्यालय में सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया गया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अवसर पर सांदीपनि विद्यालय पंधाना में सम्मान एवं पर्यावरण संरक्षण को समर्पित प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। साथ ही एक पेड़ गुरु के नाम अभियान के अंतर्गत त्रिवेणी पौधारोपण कर गुरुजनों के सम्मान के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती छाया गोविंद मोरे रहीं। इस दौरान विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु का मार्गदर्शन जीवन को सही दिशा प्रदान करता है। शिक्षा के साथ संस्कार, गुरुजनों का सम्मान और पर्यावरण संरक्षण भी प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने प्रकृति संरक्षण का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम का संचालन देवेन्द्र गढ़वाल ने किया।

## धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर कांग्रेस ने मनाया जश्न

**खंडवा।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की खबर के बाद जिला कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में कांग्रेस कार्यकताओं ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई। कालमुखी, हरसूद सहित जिलेभर में भी कांग्रेस कार्यकताओं ने जश्न मनाया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने इसे छात्रों के संघर्ष और सत्य की जीत बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने युवाओं और विद्यार्थियों की आवाज को सड़क से संसद तक उठाया। यह छात्रों के आंदोलन की जीत है।

## खंडवा को मिली दो साप्ताहिक ट्रेनों की सौगात

**खंडवा।** सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के प्रयासों से खंडवा को जयपुर-हैदराबाद और काचीगुड़ा-श्रीगंगानगर साप्ताहिक ट्रेनों की सुविधा मिलने जा रही है।जयपुर-हैदराबाद साप्ताहिक ट्रेन को स्थायी कर दिया गया है। ट्रेन 25 जुलाई से खंडवा पहुंचेगी, जिससे जिलेवासियों को जयपुर, अजमेर, हैदराबाद सहित अन्य शहरों के लिए बेहतर रेल सुविधा मिलेगी।

## धाकड़ माहेश्वरी समाज दादाजी के चरणों में निशान अर्पित करेगा

**खण्डवा।** दादाजी का पर्व गुरु पूर्णिमा महोत्सव की तैयारी जोर शोर से चल रही है शहरवासी भी इस उत्सव को लेकर उत्साहित है जगह-जगह से दादाजी के भक्त दादाजी के चरणों में निशान भेट करने के लिए दूर-दराज से दादाजी मंदिर पहुंच रहे हैं।अखिल भारतीय धाकड़ माहेश्वरी समाज केंद्रीय कार्यकारिणी के जिला अध्यक्ष रितेश केदारनाथ गुप्ता के तत्वावधान में दादाजी निशान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें धाकड़ माहेश्वरी पंचायत भवन, स्थानीय समिति खंडवा, महिला मंडल एवं स्थानीय समिति युवा मंडल व समाज बंधुओ के द्वारा धार्मिक यात्रा संपन्न कराई जा रही है।यह यात्रा रविवार शाम 5 बजे सराफा बाजार स्थित शीतला माता मंदिर से प्रारंभ होकर केवल राम पेट्रोल पंप, पहुंचेगी।

## गुरु पूर्णिमा से पहले शहर की सड़कें दुरुस्त की जाये-महापौर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

श्री दादाजी गुरु पूर्णिमा महोत्सव को देखते हुए शहर में श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन और बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव ने क्कड्ढष्ठ एवं नगर निगम के तकनीकी अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रमुख मार्गों का निरीक्षण कर महोत्सव से पहले गड्ढों और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत हर हाल में पूरी करने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि देश-प्रदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। अंतर्गत आने वाले शेर चौराहे से पंधाना रोड, बस स्टैंड से मानसिंह मिल चौराहा, तीन पुलिया से आनंद नगर एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज, इंदिरा चौक से जसवाड़ी रोड, अवस्थी चौराहे से भंडारिया गांव सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर मरम्मत एवं सुधार कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे। इसके अलावा तीन पुलिया, महाराणा प्रताप प्रतिमा स्थल के कलवर्ट, मोघट थाना रोड, गिदवानी मार्केट से इंदौर रोड, धर्म कांटा से इंदौर नाका तथा जिला चिकित्सालय से इंदौर नाका रोड सहित अन्य स्थानों पर भी आवश्यक कार्य कराने के निर्देश दिए गए हैं। महापौर ने स्पष्ट कहा कि व्यवस्थाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और कार्य केवल कागजों पर नहीं, बल्कि मैदानी स्तर पर दिखाई देना चाहिए। बैठक में क्कड्ढष्ठ के श्री शिवशंकर अरझरे, नगर निगम के कार्यपालन यंत्री श्री राधेश्याम उपाध्याय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मोटरसाइकिल से कट मारने की बात पर विवाद, दो भाइयों से मारपीट

**खालवा।** ग्राम ढकोची में मोटरसाइकिल से कट मारने की बात को लेकर विवाद हो गया। पुलिस के अनुसार दो आरोपियों ने संदीप और उसके भाई सुरेश के साथ गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों, लकड़ी और लोहे की वस्तु से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## खाना मांगने की बात पर विवाद

**मूंदी।** वार्ड क्रमांक 1 में खाना मांगने की बात को लेकर विवाद हो गया। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने फरियादी के साथ गाली-गलौज की तथा उसकी पत्नी और उसके भाई ने लकड़ी से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## सब्बल से युवक पर जानलेवा हमला

**मूंदी।** जलवापाटी में घर के सामने विवाद के दौरान दो आरोपियों द्वारा एक व्यक्ति के साथ गाली-गलौज कर सब्बल से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार हमले में फरियादी के सिर और दाहिने हाथ के अंगूठे में चोट आई है। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। दोनों आरोपी फिलहाल फरार बताए गए हैं।

**एल्डरमैन का किया स्वागत**

**खंडवा/पंधाना।** नगर परिषद पंधाना में हाल ही में नियुक्त किए गए चार नवनियुक्त एल्डरमैन का विधायक कार्यालय पर स्वागत किया।

## आज जिलेभर में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन होगा

**उज्जैन।** गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व एवं प्रसव पश्चात जांचों की बेहतर व्यवस्था तथा जोखिमपूर्ण गर्भावस्था के सुचारू प्रबंधन के उद्देश्य से जिले में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान एवं एक्सटेंडेड प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख को जिले की शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि इसी क्रम में शनिवार 25 जुलाई को प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक जिले की विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान को लेकर पार्टी की बैठक संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650 वीं जयंती के उपलक्ष में 29 जुलाई से 20 फरवरी 2027 तक आयोजित होने वाले श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान को लेकर जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि संत रवींदास जी महाराज की जयंती को लेकर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश से पूरे पखवाड़े को लेकर जारी किए कार्यक्रमों को लेकर जिले के सभी पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई जिसमें प्रोजेक्टर के माध्यम से पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों की बिंदुवार चर्चा की गई।पूज्य संत श्री रवीदास जी महाराज की एक यात्रा जम्मूकश्मीर से आरम्भ होकर मध्यप्रदेश से होकर उनके जन्म स्थान बनारस तक जाएगी ,उस यात्रा के स्वागत ,ओर रूट को लेकर भी चर्चा कर कार्यकताओं को दायित्व दिया गया। अजीत कार्यक्रमों को लेकर आयोजित कार्यक्रमों को लेकर जिला अध्यक्ष श्री तोमर ने जिला संयोजक के साथ संयोजक एवं मंडल स्तर पर प्रभारी नियुक्ति किए हैं। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस बैठक में जिला अध्यक्ष श्री तोमर के साथ विधायक नारायण पटेल, सुभाष कोठारी,हरीश कोटवाले, सेवादास पटेल, मुकेश तनवे,अरुण सिंह मुन्ना, जिला महामंत्री धर्मेंद्र बजाज सूरजपाल सिंह सोलंकी संतोष सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष एसटी मोर्चा दशरथ कलमे,त्रिलोक पटेल, अमर यादव,कपिल अनजने, प्रवक्ता सुनील जैन, मीडिया प्रभारी मंगलेश तोमर, प्रदेश महिला मोर्चा मीडिया प्रभारी हर्षा ठाकुर ,भारत पटेल, नरेंद्र सिंह तोमर,सुधांशु जैन,प्रियांशु चौरे,तपन डोंगरे,आनंद चौहान,प्रीतम डोडवा, गन्नू गुरबानी आदि उपस्थित थे।

# वषार्काल में भू-अर्जन एवं डिजाइन-ड्रॉइंग कार्य पूर्ण कर लिए जाएं - कलेक्टर श्री सिंह

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने शुक्रवार को सिंहस्थ 2028 के लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से प्रचलित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभाकक्ष में ली। इस दौरान विभागों के माध्यम से कार्य प्रगति की जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि वषार्काल का प्रभावी उपयोग करते हुए भू-अर्जन, डिजाइन एवं ड्रॉइंग से संबंधित सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि वर्षा ऋतु समाप्त होते ही सभी निर्माण कार्य पूर्ण गति से प्रारंभ किए जा सकें। सिंहस्थ से जुड़े किसी भी अधोसंरचना विकास कार्य में भूमि अर्जन अथवा डिजाइन-ड्रॉइंग संबंधी लंबित कार्यों के कारण विलंब नहीं होना चाहिए। सभी विभाग अपने-अपने कार्यों की नियमित समीक्षा करते हुए संभावित बाधाओं का पूर्व में ही निराकरण सुनिश्चित करें।अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वर्षा समाप्ति के बाद सभी सिविल निर्माण कार्य निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार तेजी से प्रारंभ किए जाएं, जिससे परियोजनाओं की प्रगति प्रभावित न हो और सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जा सकें। सिंहस्थ-२०२८ की तैयारियां शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। सभी विभाग आपसी समन्वय एवं प्रभावी कार्ययोजना के साथ कार्य करें, ताकि सिंहस्थ से संबंधित समस्त अधोसंरचना विकास कार्य समय पर पूर्ण होकर देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। बैठक में जल संसाधन, नामामि शिप्रे, पुलिस हाउसिंग, पर्यटन, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, भवन विकास निगम, लोक निर्माण विभाग, सिंहस्थ डिवीजन, पीआईयू, सेतू, राष्ट्रीय राजमार्ग, सड़क विकास निगम, भू-अर्जन सहित अन्य विभागों के प्रचलित कार्यों की समीक्षा की गई।

## कलेक्टर ने ग्राम भंवरी एवं पिपलोदा द्वारकाधीश का किया भ्रमण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने शुक्रवार को उज्जैन ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम भंवरी एवं पिपलोदा द्वारकाधीश का भ्रमण कर विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान ग्राम भंवरी में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित ग्राम निर्माण के उद्देश्य से 500 आम के पौधों का पौधरोपण किया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि पौधरोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, हरित एवं संतुलित वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

उन्होंने ग्रामीणों से पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का भी आग्रह किया।इसके पश्चात कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम पिपलोदा द्वारकाधीश में ग्रामीणजनों से संवाद स्थापित कर केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही दस्तक अभियान के अंतर्गत निरीक्षण कर संबंधित गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध लाभ पहुँचाने तथा ग्राम विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

## न्यूज -कॉलम

### प्रधान आरक्षक से एएसआई बने मालवीय का निधन



**उज्जैन।** पुलिस विभाग में वर्ष 1986 में जनसेवा की भावना से आरक्षक के पद भर्ती हुये विक्रमसिंह मालवीय घट्टिया थाने पर प्रधान आरक्षक के रूप में अपनी सेवा दे रहे थे। 2 दिन पहले ही प्रमोशन होने पर उन्हे एएसआई बनाया गया था। शनिवार को उनका आकस्मिक निधन हो गया। खबर घट्टिया थाने और पुलिस विभाग तक पहुंची तो माहौल गमगीन हो गया। घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि एएसआई विक्रमसिंह लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। उनके हार्ट का ऑपरेशन भी हुआ था। बीमारी के दौरान ही उन्हे प्रमोशन मिला था। लेकिन शनिवार को उनके निधन की खबर आई। उन्होने अपने कार्यकाल के दौरान जिले के कई थानों पर अपनी कर्तव्यनिष्ठा के साथ ड्युटी का निभाया। वह मूलरूप से ग्राम करोहन के रहने वाले थे और वर्तमान में देवासरोड स्थित शिवांश एवेन्यू नागझिरी क्षेत्र में परिवार के साथ निवासरत थे। उनकी अंतिम यात्रा में थाना स्टॉफ के साथ पुलिस विभाग के कई पुलिसकर्मी शामिल हुये।

### दुर्घटना में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी की पत्नी घायल

**उज्जैन।** नानाखेडा क्षेत्र में रहने वाले सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी त्रिभुवननाथ की पत्नी तारादेवी शनिवार सुबह सडक दुर्घटना में गंभीर घायल हो गई। बताया जा रहा है कि तारादेवी सुबह वॉक पर निकली थी, उसी दौरान शांतिपैलेस चौराहा पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना की खबर मिलते ही डायल 112 और एम्बुलेंस मौके पर पहुंच गई थी। उन्होने उपचार के लिये निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार चल रहा है। पुलिस द्वारा टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश दुर्घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जा रही है।

### 8 साल बाद गिरफ्त में आया चैक बाउंस का आरोपी

**उज्जैन।** दोस्त से गाडी खरीदने के लिये उधार लिये रूपये लौटने के एवज में 2 लाख का चैक देने वाले लाखन पिता गंगाराम निवासी ग्राम कडछली के खिलाफ चैक बाउंस का मामला 2019 में नरवर थाना पुलिस ने दर्ज किया था। आरोपी लाखन मामला दर्ज होने के बाद से न्यायालय में प्रस्तुत नहीं हो रहा था। उसके खिलाफ न्यायालय ने स्थायी वारंट जारी कर दिया था। पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी। 8 साल बाद शुक्रवार रात स्थायी वारंटी के गांव में आने की खबर मिलने पर नरवर थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई की टीम ने घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया। शनिवार दोपहर को न्यायालय में पेश किया गया।

### केबल डाल रहे बिजली कर्मचारी पर चाकू से वार



**उज्जैन।** नागझिरी थाना क्षेत्र के ग्राम करोंदिया चौराहा पर बिजली विभाग में काम करने वाला ईश्वर पिता तेजराम भाटी पोल पर केबल डालने का काम कर रहा था। उसी दौरान वहां गांव में रहने वाला पंकज पिता आत्माराम आया और बोला गाली-गलौच करते हुये बोला कि मेरे घर पर केबल क्यों नहीं लगाई। कर्मचारी ईश्वर ने गाली देने से मना किया तो पंकज ने थप्पड मुक्कों से मारपीट करते हुये चाकू से वार किया। कर्मचारी ईश्वर की आंख के ऊपर चाकू लगा, जिससे वह घायल हो गया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। नागझिरी पुलिस ने घायल बिजली कर्मचारी का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपी के खिलाफ नुकुली चीज से मारने का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### बुजुर्ग मकान मालिक और किरायेदार के बीच मारपीट

**उज्जैन।** क्षीरसागर क्षेत्र में लीलाधर पिता कन्हैयालाल सिलोदिया 72 साल का अंजली विला भवन बना हुआ है। उन्होने मकान का एक हिस्सा किराये पर शांतिलाल चौहान 63 साल को दिया है। दोनों के बीच मकान में ज्यादा लोगों को बुलाने की बात पर विवाद हो गया। मामला मारपीट में बदला और कोतवाली थाने तक जा पहुंचा। शांतिलाल ने शिकायत में बताया कि किराये के मकान में ज्यादा लोगों को न आने देने की बात पर उसके साथ मारपीट की गई है। वहीं लीलाधर सिलोदिया ने बताया कि शांतिलाल द्वारा उनकी पत्नी के साथ बत्तमिजी की गई, जिसका विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। कोतवाली पुलिस ने मामला सीनियर सिटीजन का होने पर उन्हे समझाईश का प्रयास किया। लेकिन दोनों शिकायत दर्ज कराने पर अड गये। पुलिस ने क्रॉस प्रकरण दर्ज किया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 160-7 | 239-4 |
| मेन बाजार | | |
| कल्याण नाइट | | |
| मिलन डे | 468-8 | 458-7 |
| मिलन नाइट | 226-0 | 580-3 |
| मधुर डे | 239-4 | 130-4 |
| मधुर नाइट | 156-2 | |
| शुभांक | 3 5 | 6 |

#### गोली मारकर भागे बदमाश को 20 मिनट में दबोचा था ....

# टीआई को बहादूर और आरक्षक को मानवता का इनाम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

गोली मारने के बाद लोडेड कट्टा लेकर भाग रहे बदमाश को जान की परवाह नहीं कर 20 मिनट में दबोचने वाले टीआई को शनिवार दोपहर एसपी ने बहादूर के सम्मान सम्मानित किया। गोली लगने पर घायल को अस्पताल पहुंचाने और उसका उपचार करने वाले आरक्षक को मानवता का सम्मान दिया गया।

टॉवर चौक पर शुक्रवार दोपहर मानोरोगी बदमाश प्रभुलाल मालवीय ने देशी कट्टे से देसाईनगर में रहने वाले 55 साल के आशुतोष सोनी को गोली मार दी थी। गोली चलने की खबर मिलते ही माधवनगर टीआई गजेन्द्र पचोरिया मौके पर पहुंच गये थे। बदमाश गोली मारने के बाद हाथ में लोडेड कट्टा लेकर पैदल भागा था। टीआई ने बदमाश को पकडने के लिये पीछा किया।



करीब 20 मिनट पीछा करने के बाद बदमाश को जीरो पाइंट रेलवे ट्रेक के यहां दबोच लिया गया था। बदमाश के पास लोडेड कट्टा था उसने टीआई पर तान दिया था, लेकिन जान की परवाह किये बिना टीआई ने उस पर काबू कर लिया। बदमाश के पास से कारतूस लगा कट्टा और चार जिंदा कारतूस बरामद किये गये। टीआई के साहस और बहादूर की खबर एसपी प्रदीप शर्मा को मिली। शनिवार को वह माधवनगर थाना भवन पहुंचे और टीआई पचौरियों को बहादूर का सम्मान देते हुये 10 हजार के इनाम से सम्मानित किया।

**यातायात आरक्षक को 5 हजार का इनाम**-एसपी प्रदीप शर्मा ने गोलीकांड के दौरान मानवता दिखाने वाले यातायात आरक्षक अनमोल की मानवीयता की प्रशंसा करते हुये उसे भी 5 हजार के इनाम से पुरूस्कृत किया। आरक्षक टॉवर चौक ड्युटी पर तैनात था। गोली चलने की खबर मिलते ही वह मौके पर पहुंच गया था, उसने घायल को तत्काल रिक्शा में डाला और उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। यहीं नहीं आरक्षक द्वारा उपचार के दौरान उसकी ड्रीप पकडी और ऑपरेशन थियेटर तक लेकर पहुंचा। आरक्षक अस्पताल पहुंचाने में देरी करता तो घायल की जान भी जा सकती थी।

### रिमांड पर गोली चलाने वाला बदमाश

टॉवर चौक पर गोली चलाने वाला बदमाश प्रभुलाल रेलवे ट्रेक पर भागते समय घायल हो गया था। टीआई द्वारा से दबोचने के बाद उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया था। उसके दोनों पैरों में चोंट लगी थी, अभिरक्षा में उसका उपचार कराया गया। शनिवार को डिस्चार्ज होने पर उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। टीआई पचौरिया ने बताया कि आगर मालवा पिपलोन चौकी पर पहले भी कट्टे के साथ पकडा जा चुका है। उसके खिलाफ तराना में अपराध दर्ज है। फिलहाल उससे बरामद कट्टे और कारतूस के संबंध में पूछताछ जारी है।

# महाकाल धाम के मकान में बनाकर रखा था बंधक

## हनीट्रेप गर्ल गिरफ्त से दूर, गैंग से बरामद हुई कार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

हनीट्रेप के जाल में फंसाकर युवक के परिजनों से 10 लाख की फिरौती वसूलने वाली गर्ल गिरफ्त में नहीं आ सकी। उसकी गैंग के सदस्यों से अपहरण, ब्लैकमेलिंग और फिरौती में प्रयुक्त एक कार ओर बरामद कर ली गई। शनिवार को पुलिस युवक को एक दिन तक बंधक बनाकर रखे मकान तक भी पहुंची, जो किराये पर लिया गया था।

नरवर के रहने वाले हैदर पटेल से इंस्टाग्राम पर दोस्ती करने के बाद भोपाल की रहने वाली अंजली ठाकुर ने 18 जुलाई को अपनी गैंग के साथ मिलकर तपोभूमि चौराहा के पास से अपहरण कर लिया था। उसका अश्लील वीडियो बनाया गया था और एक दिन तक बंधक बनाकर रखा था। गैंग ने 50 लाख की फिरौती मांगी थी, 26 लाख में बात तय कर 10 लाख नगद लिये थे, 16 लाख के एवज में हैदर की आई-10 कार, सोने की चैन, घडी रख ली थी।

गैंग के बंधन से रिहा होने के बाद हैदर ने 20 जुलाई को नानाखेडा पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने गैंग से जुडे 10 आरोपियों लोकेश पिता राजेश शर्मा पंवासा, राजपाल पिता जालमसिंह राठौड ग्राम जहांगीरपुर इंगोरिया, पंकज पिता गजानंद बमोरिया अवंतिपुरा, यशवंत पिता जगदीश देवडा, आर्यन पिता मुकेश राठौर तिरुपतिधाम, लखन पिता नारायणसिंह पंवार ग्राम पिपलिया डाबी उन्हेल, इदरीश पिता दिलीप पटेल नरवर, इमरान उर्फ राजा पिता खाजू पटेल, जयसिंह पिता अजबसिंह चौहान निवासी बदरखां और आयुष पिता दिनेश जाटवा निवासी भैरूनाला उज्जैन को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया है। गिरफ्त में आने पर 5 लाख रूपये, फरियादी की कार और बोलेरो जप्त कर ली थी। पूछताछ में शनिवार को एक कार ओर जप्त की गई। एसआई हेमंतसिंह जादौन ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ कर बंधक बनाने वाली जगह का पता लगाया गया। गैंग के मुख्य आरोपी दंबग हिन्दू सेना चलाने वाले लोकेश शर्मा ने बताया कि उसने पंवासा क्षेत्र में बन रही महाकाल धाम कालोनी में किराये से मकान लिया है। वहीं पर हैदर को रखा गया था। शनिवार को पुलिस ने महाकाल धाम कालोनी पहुंचकर मकान की तस्दीक की। इस बात का पता लगाया जा रहा है कि मकान किराये से देने वाले ने पुलिस को किरायदार की सूचना दी है या नहीं।

एसआई जादौन के अनुसार गैंग में शामिल अंजली ठाकुर भोपाल और दीपक राजपूत पंवासा गिरफ्त में नहीं आ सके है। उनकी तलाश में एक टीम उनके ठिकानों पर दबिश दे रही है। रविवार को गिरफ्त में आये 10 आरोपियो का रिमांड खत्म होने पर उन्हे न्यायालय में पेश किया जायेगा।

### बिना अनुमति ताजिया जुलूस निकालना पडा भारी



**उज्जैन।** डीजे की तेज आवाज में ताजिया जुलूस निकालने की खबर मिलने पर पुलिस ने जुलूस निकालने और डीजे बजाने की अनुमति मांगी। जुलूस आयोजक और डीजे संचालक के पास अनुमति नहीं होने पर दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि बीती शाम गंगावाडी मेला रोड फीकर मोहल्ला से डीजे की तेज आवाज में ताजिया जुलूस निकालने की खबर मिली थी। जुलूस धुलेट तिराहा की ओर जा रहा था। पुलिस ने आधे रास्ते में पहुंचकर जुलूस निकालने वाले आयोजक की जानकारी मांगी। जुलूस साबिर शाह द्वारा निकाला जा रहा था। उससे अनुमति मांगी गई उसने बताया कि अनुमति नहीं ली गई है। जुलूस में बज रहे डीजे संचालक विनोद निवासी रामलीला मैदान से डीजे संचालित करने की अनुमित के संबंध में पूछा गया, उसके पास भी अनुमति नहीं थी। बिना अनुमति जुलूस और डीजे बजाने के मामले में साबिर शाह के खिलाफ जिलाधीश के आदेश का पालन नहीं करने की धारा- 223 (बी) बीएनएस और डीजे संचालक के खिलाफ कोलाहल अधिनियम 1985 की धारा 7/15 का केस दर्ज किया गया। थाना प्रभारी ने महिदपुर वासियों से अपील करते हुये कहा कि किसी भी प्रकार का जुलूस या आयोजन करने से पहले शासन से विधिवत अनुमति प्राप्त कर शासन के निर्देशानुसार ही कार्यक्रम आयोजित करें, अन्यथा पुलिस कार्यवाही व अन्य प्रशानिक कार्यवाही का सामना करना पड सकता है।

### धरम बडला मार्ग पर दुर्घटना, 2 भाई घायल

**उज्जैन।** धरमबडला मार्ग पर शनिवार दोपहर दुर्घटना में बाइक सवार 2 भाई गंभीर घायल हो गये। बताया जा रहा है कि सुनील पिता नगजीराम 26 साल निवासी इलियासखेडी और उसका छोटा भाई राजेश 23 साल महाकाल मंदिर में सिक्युरिटी गार्ड का काम करते है और ड्युटी खत्म होने पर बाइक से घर लौट रहे थे। उसी दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी। दोनों भाईयो के पैरों में फैक्चर हुआ है। एक भाई के हाथ में भी गंभीर चोंट लगी है। दोनों को एम्बुलेंस से चरक अस्पताल लाया गया था। ड्युटी कंपाउंडर द्वारा दुर्घटना की सूचना चिंतामण गणेश थाना पुलिस को दी गई है।

# चाकूबाज और दादागिरी करने वालों का निकाला जुलूस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



महाकाल मंदिर सिक्युरिटी गार्ड को चाकू मारने वाले और आरक्षक से दादागिरी करने वाले बदमाशों का शनिवार को पुलिस ने जुलूस निकाला। दोनों मामलों के 3 आरोपियों को दोपहर बाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

शुक्रवार दोपहर को महाकाल मंदिर धनुष द्वार पर सिक्युरिटी गार्ड आकाश राठौर को 2 युवकों ने मंदिर परिसर में आकर फूल-प्रसादी बेचने से मना करने की बात पर चाकू मार दिये थे। महाकाल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर चंद घंटो में अकुंश परमार जयसिंहपुरा को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं उसके दूसरे साथी अंशुल गेहलोत जयसिंहपुरा को शनिवार सुबह गिरफ्तार किया गया।



एसआई पुरूषोत्तम गौतम ने बताया कि चाकू अंकुश ने मारा था। उनकी निशानदेही पर चाकू जप्त किया। दूसरा मामला गुदरी चौराहा पर यातायात व्यवस्था संभाल रहे आरक्षक शांतिलाल चरकोटा ने रिक्शा क्रमांक एमपी 09 डीझेड 2347 के चालक को प्रतिबंधित मार्ग पर जाने से रोका था। चालक आंनद चौहान ने आरक्षक की कॉलर पकड ली थी और झूमाझटकी कर धमकी देने लगा था। महाकाल थाना एसआई के.के. मालवीय ने आरक्षक की शिकायत पर शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज कर चालक आंनद को गिरफ्तार कर लिया था। शनिवार दोपहर चाकूबाजी करने वालों का मंदिर क्षेत्र में जुलूस निकाला गया, वहीं आरक्षक की कॉलर पकडने वाले को गुदरी चौराहा लगाया गया जहां बीच-बाजार उठक-बैठक लगवाई गई। रिक्शा चालक गुंडागर्दी नहीं करने कसम खाता रहा। पुलिस ने दोपहर बाद तीनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया है।

## हरसिद्धी-चारधाम मार्ग पर प्रतिबंधित रहेगें वाहन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सावन-भादौ माह में बाबा महाकाल की सवारी के दौरान यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखने के लिये हरसिद्धी-चारधाम मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंधि लगाया दिया है। पुलिस द्वारा नियम का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

बाबा महाकाल की सवारी को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को पुलिस द्वारा यातायायत और सुरक्षा व्यवस्था को लागू करते हुये हरसिद्धी-चारधाम मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित करने के निर्णय लिया। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि सावन-भादौ माह में देशभर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु धार्मिक नगरी में आयेगें। उनकी सुरक्षा के साथ मंदिर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को बनाये रखने के लिये वाहन प्रतिबंधित मार्ग का निर्णय लिया गया है। सभी प्रकार के वाहन चालकों से अपील है कि प्रतिबंधित मार्ग छोड वैकल्पिक मार्ग पर आवाजाही करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता श्रद्धालुओं की सुरक्षा है। हरसिद्धि माता मंदिर से चारधाम मंदिर मार्ग तक बडी संख्या में श्रद्धालु पैदल दर्शन के लिये पहुंचते है। जिसके चलते उक्त मार्ग को श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। सावन माह में प्रति सोमवार निकलने वाली बाबा की सवारी के दौरान भी कुछ मार्गो पर वाहनों को प्रतिबंधित किया जायेगा और वैकल्पिक मार्गो के साथ पार्किंग व्यवस्था लागू की जायेगी।

#### पर्यटन के साथ ही स्वास्थ्य शिक्षा को लेकर बढेगा महत्व....

# धनवंतरी स्वास्थ्य विवि की स्थापना से धर्मनगरी होगी मालामाल


### उज्जैन विश्व विद्यालय के अधीन रहेंगे छह संभाग के मेडिकल कालेज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

धर्मनगरी उज्जैन को पर्यटन एवं स्वास्थ्य शिक्षा का विश्व विद्यालय देकर एक बार फिर से मालामाल करने की तैयारी की जा रही है। इससे स्वास्थ्य शिक्षा से संबंधित कार्यो को लेकर आने वाले पर्यटन एवं तीर्थाटन का लाभ भी ले सकेंगे और उज्जैन को बहुत कुछ हासिल हो सकेगा। यही नहीं मेडिसीटी के साथ मेडिकल डिवाइस पार्क सहित अन्य सभी योजनाओं को भी इससे आधार मिल सकेगा।

हाल ही में मध्यप्रदेश विधानसभा ने चिकित्सा शिक्षा का सबसे बड़ा फैसला लिया है। प्रदेश में उज्जैन में नए धन्वंतरि स्वास्थ्य विश्वविद्यालय की स्थापना का है। इसके साथ ही जबलपुर स्थित मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय का क्षेत्राधिकार घटाकर केवल चार संभागों तक सीमित कर दिया गया है।

मध्यप्रदेश धन्वंतरि स्वास्थ्य विश्वविद्यालय विधेयक तथा मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक बहुमत से पारित किए गए। नई व्यवस्था के अनुसार अब जबलपुर आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के अधीन जबलपुर, सागर, रीवा और शहडोल संभाग के सरकारी एवं निजी मेडिकल कॉलेज रहेंगे। उज्जैन स्थित धन्वंतरी स्वास्थ्य विश्वविद्यालय के अधीन भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, नर्मदापुरम और चंबल संभाग के सभी सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेज संचालित होंगे। सरकार का तर्क है कि इससे दोनों विश्वविद्यालयों पर प्रशासनिक दबाव कम होगा और मेडिकल संस्थानों के संचालन में अधिक दक्षता आएगी।



**ये होगा लाभ**- चिकित्सा विवि की स्थापना से उससे संबंधित महाविद्यालयों के छात्रों एवं प्राध्यापकों के साथ सभी का संबंध रहेगा। 6 संभाग के अधीन आने वाले महाविद्यालयों से आने वालों के कारण धर्मनगरी का पर्यटन और तीर्थाटन और अधिक विकसित होगा और यहां के व्यवसायों को अधिक आधार मिलेगा। इसके साथ ही मेडिकल डिवाइस पार्क भी इससे और मजबूती हासिल कर सकेगा। वहां बनने वाले उपकरण एवं महाविद्यालयों में होने वाली रिसर्च के आधार पर नए उपकरणों की ईजाद के लिए भी यह आधार का काम करेगा। हाल की स्थिति में उज्जैन संभाग के अधिन जिलों में मंदसौर, रतलाम, देवास, उज्जैन में ही एक दर्जन मेडिकल कालेज हैं। जिन्हें अपने कार्यो के लिए प्रदेश के दुसरे छोर पर जाना पडता था। इससे सीधे तौर पर लाभ महाविद्यालयों एवं उसकी प्रशासनिक कार्रवाईयों में तेजी आने के साथ लाभ होगा।

**सरकार का दावा**-स्वास्थ्य शिक्षा का विस्तार मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में 33 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं और सरकार आने वाले वर्षों में एमबीबीएस की 10 हजार तथा पीजी की 5 हजार सीटों का लक्ष्य लेकर चल रही है। एक विश्वविद्यालय पर लगातार बढ़ते संस्थानों का बोझ प्रभावी संचालन में बाधा बन रहा था। दो विश्वविद्यालय बनने से प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी, संबद्ध कॉलेजों की निगरानी बेहतर होगी, चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता सुधरेगी, विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ेगी। संशोधन विधेयक के तहत मेडिकल विश्वविद्यालयों में कुलपति नियुक्ति के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज में 10 वर्ष तक प्रोफेसर रहने की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। अब स्वास्थ्य क्षेत्र के अनुभवी विशेषज्ञों को भी कुलपति बनाया जा सकेगा।

# आत्म साक्षात्कार



आप लोगों को यह अवश्य स्मरण होगा कि आत्म-साक्षात्कार ही हमारे जीवन का चरम लक्ष्य है। हम आत्म-साक्षात्कार नहीं कर पाते, क्योंकि हमारी आत्मा का प्रकृति, मन और शरीर के साथ तादात्मय हो गया है। अज्ञानी मनुष्य अपने शरीर को ही आत्मा समझता है। उसकी अपेक्षा कुछ उन्नत मनुष्य मन को ही आत्मा समझता है, किंतु दोनों ही भूल में हैं।

अच्छा, आत्मा इन सब उपाधियों के साथ कैसे एकाकार हो जाती है? चित्त में नाना प्रकार की लहरें (वृत्तियां) उठकर आत्मा को आच्छादित कर लेती हैं और हम इन लहरों में से आत्मा का कुछ प्रतिबिंब मात्र देख पाते हैं। यही कारण है, जब क्रोध-वृत्ति रूपी लहर उठती है, तो हम आत्मा को क्रोधयुक्त देखते हैं। कहते हैं, हम क्रुद्ध हैं। जब चित्त में प्रेम की लहर उठती है, तो उस लहर में अपने को प्रतिबिंबित देखकर हम सोचते हैं, हम प्यार कर रहे हैं।

ये सब पूर्व संस्कार जब आत्मा के स्वरूप को आच्छादित कर लेते हैं, तभी ऐसे भाव उदित होते हैं। चित्त रूपी सरोवर में जब तक एक भी लहर रहेगी, तब तक आत्मा का यथार्थ स्वरूप दिखाई नहीं देगा। जब तक समस्त लहरें बिल्कुल शांत नहीं हो जातीं, तब तक आत्मा का यथार्थ स्वरूप प्रकाशित नहीं होगा। इसीलिए पतंजलि ने यह समझाया है कि ये तरंगरूप वृत्तियां क्या हैं और बाद में उनको दमन करने का सर्वश्रेष्ठ उपाय सिखलाया है। तीसरी बात यह सिखलाई है कि जैसे एक बृहत अग्नि-राशि छोटे-छोटे अग्निकणों को निगल लेती है, उसी प्रकार एक लहर को इतनी प्रबल बनाना होगा, जिससे अन्य सभी लहरें बिल्कुल लुप्त हो जाएं। जब केवल एक लहर बच रहेगी, तब उसका भी निरोध करना सहज हो जाएगा।



सम्पादकीय

## समाधान की आशा

केंद्र सरकार और सीजेपी अर्थात कॉकरोच जनता पार्टी के बीच दूसरे दौर की बातचीत समग्रता में सकारात्मक रही है। जैसी कि उम्मीद थी, सरकार ने सीजेपी की दो मांगों को सैद्धांतिक रूप से स्वीकार कर लिया है। नीट परीक्षा के चलते आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिजन को मुआवजा देने और छात्र प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई न करने पर सहमति सराहनीय है। अब बात केवल शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर अटकी हुई है। सरकार अभी इसके लिए तैयार नहीं है, पर कोई ठोस फैसला शनिवार को सामने आ सकता है। सीजेपी प्रवक्ता आशुतोष रांका और सौरभ दास ने शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह से मुलाकात में यह भी संकेत दिया है कि सरकार को जल्दी फैसला लेना चाहिए, क्योंकि यह आंदोलन बढ़ रहा है। वाकई, इस आंदोलन से प्रेरित प्रदर्शन देश के अनेक शहरों में होने लगे हैं। राष्ट्रीय राजधानी के एक बड़े क्षेत्र में यातायात और इंटरनेट सेवा को आंशिक रूप से बाधित करना पड़ रहा है। एक बड़े क्षेत्र में कामकाज और जनजीवन पर असर पड़ रहा है। इस आंदोलन का सही रूप में पटाक्षेप सरकार को करना ही चाहिए। ध्यान रहे कि पुलिसिया ज्यादती की सुनवाई अदालत तक पहुंच गई है।

कोई संदेह नहीं कि बीते दिनों में पेपर लीक के प्रति जैसी कड़ाई देखने में आई है, वह अभूतपूर्व है। जहां परीक्षा में अनेक प्रक्रियागत सुधार हो रहे हैं, वहीं पेपर लीक संबंधी कानून को और कड़ा बनाने का फैसला केंद्रीय कैबिनेट ने लिया है। जो भी अच्छे सुझाव हैं, उन्हें लागू करने की इच्छा सरकार में दिख रही है। सरकार के यथोचित प्रयासों से 26 दिन बाद सोनम वांगचुक का अनशन टूटा है। स्वयं सोनम ही कहते रहे हैं कि देश के लिए जान देने से ज्यादा जरूरी है, देश को जिंदगी देना। गौरतलब है, सोनम की मांगों में मंत्री के इस्तीफे की बात पुरजोर ढंग से नहीं थी और इसकी आलोचना भी हो रही है। वैसे, यह तथ्य हर कोई जानता है कि केवल एक मंत्री के इस्तीफे से हालात नहीं बदलेंगे, पूरे परीक्षा तंत्र को बदलने की जरूरत है। परीक्षा तंत्र की कमियां निशाने पर रहनी चाहिए। हालांकि, यह नई बात नहीं है कि राजनीति संदेशों में जीती है। संदेश कई बार सुधारों से भी ज्यादा महत्वपूर्ण लगने लगते हैं। कई बार ऐसा भी हुआ है कि सरकारों ने देश को संदेश तो पूरा दिया, पर ठोस सुधार की प्रक्रिया को वे आगे नहीं बढ़ा पाईं।

दैनिक अवन्तिका के पितृपुरुष की जयंती पर विशेष


# स्व. श्री गोवर्धनलाल मेहता 'दा साब': अविस्मरणीय व्यक्तित्व एवं कृतित्व



आचार्य शैलेन्द्र पाराशर (दैनिक अवन्तिका)

मालवा की शस्य-श्यामला धरती ने अनेक ऐसी विभूतियों को जन्म दिया है, जिन्होंने अपने कर्म, चिंतन, संघर्ष और लोकसेवा से समाज को नई दिशा प्रदान की। इन्हीं यशस्वी विभूतियों में एक तेजस्वी, कर्मयोगी और मूल्यनिष्ठ व्यक्तित्व थे– स्व. श्री गोवर्धनलाल जी मेहता 'दा साब' । वे केवल दैनिक अवन्तिका के संपादक ही नहीं थे, बल्कि मालवा की जनचेतना के सजग प्रहरी, सामाजिक सरोकारों के संवाहक और जनपक्षधर पत्रकारिता के संवाहक भी थे। उनकी जयंती केवल एक व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण नहीं , बल्कि उस मूल्यपरक पत्रकारिता को नमन करने का भी अवसर है, जिसने समाचार को समाज की आवाज, जनसमस्याओं का दर्पण और पत्रकारिता को लोकसेवा का सशक्त माध्यम बनाया। 'दा साब' का जीवन इस बात का जीवंत प्रमाण है कि जब पत्रकारिता सत्य, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़ती है, तब वह केवल समाचार नहीं देती, बल्कि समाज की दिशा भी निर्धारित करती है।

श्री गोवर्धनलाल मेहता का जन्म शाजापुर जिले के रंथभँवर ग्राम में एक संस्कारवान ब्राह्मण परिवार में हुआ। बचपन से ही उनके भीतर आत्मनिर्भर बनने, समाज के लिए कुछ सार्थक करने और जीवन को कर्म की कसौटी पर सिद्ध करने की अद्भुत आकांक्षा थी। यही आंतरिक प्रेरणा उन्हें मात्र अठारह वर्ष की आयु में श्री महाकाल की नगरी उज्जैन ले आई। यह आगमन केवल स्थान परिवर्तन नहीं था, यहीं से एक ऐसे जीवन-संघर्ष का प्रारंभ हुआ, जिसने आगे चलकर मालवा की पत्रकारिता के इतिहास को एक नई दिशा प्रदान की। उज्जैन में उनका प्रारंभिक जीवन अभावों, संघर्षों और चुनौतियों से भरा था। आर्थिक संसाधनों का अभाव था, किंतु आत्मविश्वास असीम था। उन्होंने कभी परिस्थितियों को दोष नहीं दिया, बल्कि उन्हें अपने व्यक्तित्व को गढ़ने का अवसर बनाया। यही अनुभव आगे चलकर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की सबसे बड़ी शक्ति बने। परंपरागत संस्कार, व्यावहारिक अनुभव और आत्मप्रज्ञा का अद्भुत समन्वय उनके व्यक्तित्व में परिलक्षित होता था। लोकजीवन, श्रम, संघर्ष, समाज और मानवीय संवेदनाओं ने उन्हें निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरित किया। वे मानते थे कि मनुष्य की वास्तविक परीक्षा विपरीत परिस्थितियों में ही होती है। इसलिए उन्होंने कठिनाइयों से कभी पलायन नहीं किया, बल्कि उनका साहसपूर्वक सामना करते हुए सफलता के नए आयाम स्थापित किए। स्वतंत्रता आंदोलन और सामाजिक चेतना से उनका गहरा जुड़ाव रहा। वे भारतीय मजदूर संघ, जनसंघ तथा अनेक सामाजिक संगठनों से जुड़े रहे। श्रमिकों, गरीबों और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए उन्होंने अनेक आंदोलनों में भाग लिया। उनके लिए समाजसेवा केवल भाषणों और नारों का विषय नहीं



थी, बल्कि जीवन का व्यवहार और कर्म का संकल्प थी।

मालवी भाषा, मालवा की संस्कृति और भारतीय जीवन-मूल्यों के प्रति उनकी गहरी आस्था थी। सादगी, सहजता, आत्मीयता और उच्च विचार उनके व्यक्तित्व की स्वाभाविक पहचान थे। कुछ व्यक्तित्व केवल अपना जीवन नहीं जीते, वे अपने समय का इतिहास रचते हैं। उनका संघर्ष एक संस्था का रूप ले लेता है और उनके जीवन-मूल्य आने वाली पीढ़ियों के पथ को आलोकित करते रहते हैं। उनके जीवन-संघर्ष और सामाजिक सरोकारों ने उनके भीतर यह विश्वास दृढ़ किया कि समाज परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम जनसंचार हो सकता है। 14 जनवरी 1968 जब दैनिक अवन्तिका का प्रथम अंक प्रकाशित हुआ। यह केवल एक समाचार-पत्र का जन्म नहीं था, बल्कि मालवा की जनभावनाओं को स्वर देने वाले एक नए युग का शुभारंभ था। 'दा साब' ने पत्रकारिता को कभी मात्र व्यवसाय नहीं माना, उनके लिए यह समाज के प्रति एक उत्तरदायित्व ,सजगता और लोकसेवा का माध्यम थी।

दैनिक अवन्तिका की सफलता किसी संयोग का परिणाम नहीं थी। यह 'दा साब' के अथक श्रम, दूरदृष्टि, संगठन-कौशल, प्रतिबद्धता और जनविश्वास की अर्जित पूँजी थी। समाचार-पत्र के प्रत्येक चरण में उन्होंने स्वयं को पूरी निष्ठा से समर्पित किया। समाचारों के चयन से लेकर मुद्रण, वितरण और पाठकों से संवाद तक वे प्रत्येक कार्य में समान रुचि लेते थे। वे सदैव इस बात पर बल देते थे कि समाचार-पत्र की सबसे बड़ी पूँजी उसकी विश्वसनीयता होती है। यही कारण था कि दैनिक अवन्तिका ने शीघ्र ही मालवा ही नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश के अनेक जिलों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर ली। समय के साथ उन्होंने आधुनिक तकनीक को भी खुले मन से अपनाया। टेलीप्रिंटर की स्थापना, ऑफसेट मुद्रण व्यवस्था तथा समाचार-संकलन की आधुनिक प्रणालियों को अपनाकर उन्होंने दैनिक अवन्तिका को निरंतर प्रगतिशील बनाए रखा। संसाधनों की कमी कभी उनकी गति और संकल्प के मार्ग में बाधक नहीं बनी। उनका विश्वास था कि संसाधनों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण संकल्प, श्रम और कर्म के प्रति निष्ठा होती है। 'दा साब' की पत्रकारिता का मूल स्वर समाज के वंचित, पीड़ित और उपेक्षित वर्गों की आवाज बनना था। वे निर्भीक थे, परंतु निराधार नहीं, स्पष्टवादी थे, परंतु कटु नहीं, निष्पक्ष थे, परंतु संवेदनहीन नहीं। इसी संतुलन ने उनके व्यक्तित्व, कृतित्व एवं पत्रकारिता को विशिष्ट बनाया था। उनका संपादकीय दृष्टिकोण, भारतीय सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय अस्मिता और मानवीय मूल्यों पर आधारित था। उन्होंने सदैव जनसेवा, समाजहित एवं मानवीय मूल्यों को सर्वोच्च माना। उनकी मान्यता थी कि समाचार-पत्र केवल घटनाओं का विवरण प्रस्तुत करने वाला माध्यम नहीं है, बल्कि वह समाज के नैतिक विवेक का निर्माण भी करता है। उनका मानना था कि अनुभव, आत्मचिंतन एवं निरंतर सीखने की प्रवृत्ति ही सफलता का आधार है।

'दा साब' की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक थी नई प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें आगे बढ़ाने की अद्भुत क्षमता। उन्होंने अनेक युवा पत्रकारों, लेखकों, कवियों और व्यंग्यकारों को अपनी प्रतिभा अभिव्यक्त करने का अवसर दिया। वे रचनाओं को केवल प्रकाशित ही नहीं करते थे, बल्कि रचनाकारों का उत्साहवर्धन भी करते थे। उनके स्नेहिल मार्गदर्शन में अनेक लेखक और पत्रकार अपनी विशिष्ट पहचान बनाने में सफल हुए। मुझे भी उनके आत्मीय स्नेह और प्रेरणादायी मार्गदर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। दैनिक अवन्तिका में मेरी कविताएं, व्यंग्य और विविध विषयों पर लिखे गए आलेख प्रकाशित होते रहे । यदि कोई समाचार-पत्र अपने मूल्यों पर अडिग रहे, क्योंकि वह केवल समाचारों का प्रकाशन नहीं करता, बल्कि समाज के भविष्य के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्व. श्री गोवर्धनलाल मेहता 'दा साब' का संपूर्ण जीवन यह संदेश देता है कि कठिनाइयाँ संकल्पित व्यक्तित्वों का मार्ग नहीं रोक सकतीं। संघर्ष यदि सेवा से जुड़ जाए, श्रम यदि संकल्प से जुड़ जाए और पत्रकारिता यदि जनहित से जुड़ जाए, तो इतिहास स्वयं उसका सम्मान करता है। उन्होंने अपने पुरुषार्थ से सिद्ध किया कि एक व्यक्ति भी दृढ़ इच्छाशक्ति, ईमानदारी और लोकमंगल की भावना के साथ कार्य करे, तो वह एक संस्था, एक परंपरा और एक युग का निर्माण कर सकता है।

आज उनकी 111वीं जयंती पर हम उन्हें केवल श्रद्धासुमन अर्पित नहीं करते, बल्कि उनके आदर्शों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी व्यक्त करते हैं। स्व. श्री गोवर्धनलाल मेहता 'दा साब' केवल दैनिक अवन्तिका के केवल संपादक ही नहीं, बल्कि एक विचार, एक मूल्य, एक परंपरा और एक युग प्रवर्तक थे। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना रहेगा। उनकी पावन जयंती पर उन्हें शत-शत सादर नमन।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 26 जुलाई 2026 रविवार
सूर्योदय - 05:59 सूर्यास्त 19:08
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - द्वादशी 13:58 उपरांत त्रयोदशी
नक्षत्र - ज्येष्ठा 07:35 उपरांत मूल
योग - ऐन्द्र 22:05 उपरांत वैधृति
करण - बालव
चन्द्रमा - वृश्चिक में है। 07:35 पर धनु में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - सावान मास 11 तारिख

**मेष-** आय में निश्चितता रहेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। सहकर्मी साथ नहीं देंगे। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे।

**वृषभ-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा।

**मिथुन-** किसी के व्यवहार से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**कर्क-** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आत्मशांति रहेगी। यात्रा संभव है। व्यापार ठीक चलेगा।

**सिंह-** नौकरी में चैन रहेगा। दूसरों की जवाबदारी न लें। थकान रह सकती है।

**कन्या-** तीर्थदर्शन की योजना फलीभूत होगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे।

**तुला-** किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। भाग्य अनुकूल है। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक-** धन प्राप्ति सुगम होगी। शत्रुओं का पराभव होगा। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं। प्रसन्नता रहेगी।

**धनु-** स्थायी संपत्ति के कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़ी समस्या का हल सहज ही प्राप्त होगा।

**मकर-** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें।

**कुंभ-** अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें। कारोबार ठीक चलेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य अनुकूल है।

**मीन-** समय का लाभ लें। मित्रों का सहयोग करने का मौका प्राप्त होगा। मेहनत का फल मिलेगा।

समसामयिक

## छात्र आंदोलन: मुद्दों से भटकती बहस और भविष्य की चिंता



डॉ सत्यवान सौरभ (दैनिक अवन्तिका)

लोकतंत्र में विरोध-प्रदर्शन केवल अधिकार नहीं, बल्कि जवाबदेही सुनिश्चित करने का एक प्रभावी माध्यम भी है। जब व्यवस्था में कोई गंभीर खामी सामने आती है, तब जनता अपनी आवाज बुलंद करती है और सरकार से जवाब मांगती है। विशेष रूप से जब मामला लाखों विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा हो, तब विरोध का स्वर और अधिक स्वाभाविक हो जाता है। ठएएळ जैसी राष्ट्रीय परीक्षा में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक की खबरों ने पूरे देश के युवाओं और उनके अभिभावकों को चिंतित किया। वर्षों की कठिन मेहनत के बाद यदि किसी परीक्षा की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लग जाए, तो आक्रोश पैदा होना असामान्य नहीं है। किंतु इस पूरे घटनाक्रम ने एक बड़ा प्रश्न भी खड़ा किया कि क्या छात्र आंदोलनों का उद्देश्य वास्तव में छात्रों का भविष्य रह गया है, या फिर वे धीरे-धीरे राजनीतिक और वैचारिक संघर्षों का मंच बनते जा रहे हैं?

किसी भी छात्र आंदोलन की सबसे बड़ी ताकत उसकी नैतिकता होती है। जब छात्र अपने अधिकारों और भविष्य के लिए संघर्ष करते हैं, तब समाज उनके साथ खड़ा होता है। अभिभावक, शिक्षक और आम नागरिक भी उनकी मांगों को उचित मानते हैं। लेकिन जैसे ही आंदोलन का केंद्र बदलने लगता है और मूल मुद्दे से असंबंधित विषय मंच पर आने लगते हैं, तब उसकी विश्वसनीयता पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। यदि परीक्षा में गड़बड़ी के विरोध का मंच ऐसे नारों, भाषणों या विवादों का केंद्र बन जाए जिनका शिक्षा व्यवस्था से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है, तो आंदोलन की गंभीरता कम होती है और वास्तविक मुद्दा पीछे छूट जाता है। आज देश का युवा पेपर लीक से परेशान है। उसे इस बात की चिंता है कि वर्षों की मेहनत कहीं किसी अपराधी गिरोह की वजह से व्यर्थ न चली जाए। ऐसे में सबसे बड़ा प्रश्न यह होना चाहिए कि पेपर लीक कैसे रुकेंगे, परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित कैसे बनाया जाएगा, दोषियों को कितनी जल्दी और कितनी कठोर सजा मिलेगी तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कौन-से संस्थागत सुधार किए जाएंगे। यदि इन मूल प्रश्नों के स्थान पर केवल राजनीतिक नारे और सरकार विरोध या सरकार समर्थन की बहस प्रमुख हो जाए, तो समाधान की दिशा कमजोर पड़ जाती है।

यह भी स्वीकार करना होगा कि पेपर लीक कोई नई समस्या नहीं है। अलग-अलग राज्यों में, अलग-अलग सरकारों के समय विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं के मामले सामने आते रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि समस्या किसी एक दल, एक मंत्री या एक सरकार तक सीमित नहीं है। समस्या उस तंत्र में है जिसमें अपराधी गिरोह सेंध लगाने में सफल हो जाते हैं। इसलिए यदि हर बार केवल राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तक ही चर्चा सीमित रहेगी, तो वास्तविक अपराधी बच निकलेंगे और विद्यार्थी बार-बार पीड़ित होंगे।

किसी मंत्री का इस्तीफा लोकतांत्रिक जवाबदेही का विषय हो सकता है, लेकिन यह अपने आप में अंतिम समाधान नहीं है। मंत्री बदलने से व्यवस्था तभी बदलेगी जब प्रशासनिक सुधार, तकनीकी सुरक्षा, पारदर्शी जांच और कठोर दंड व्यवस्था लागू होगी। यदि जड़ पर प्रहार नहीं होगा तो केवल चेहरे बदलने से परिणाम नहीं बदलेंगे। इसलिए छात्र आंदोलनों का केंद्र व्यक्ति नहीं, व्यवस्था में सुधार होना चाहिए। सोशल मीडिया के दौर में आंदोलनों की दिशा बहुत तेजी से बदलती है। कुछ सेकंड की वीडियो क्लिप, एक नारा या एक पोस्ट पूरे आंदोलन की छवि तय कर देती है। यही कारण है कि आंदोलन से जुड़े लोगों की जिम्मेदारी पहले से कहीं अधिक बढ़ जाती है।

# जनपक्षधर पत्रकारिता के अमर हस्ताक्षर स्व.गोवर्धन लाल मेहता दा साहब



डॉ जफर महमूद (दैनिक अवन्तिका)

मालवा की पत्रकारिता के इतिहास में कुछ नाम ऐसे हैं, जिन्होंने समाचार पत्र को केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि समाज परिवर्तन का सशक्त माध्यम बनाया। स्वर्गीय गोवर्धन लाल मेहता दा साहब ऐसा ही एक व्यक्तित्व थे। उनकी 111वीं जयंती पर उन्हें स्मरण करना केवल एक पत्रकार को श्रद्धांजलि देना नहीं, बल्कि उस विचारधारा को नमन करना है, जिसने पत्रकारिता को जनसेवा, सामाजिक न्याय और श्रमिक हितों का माध्यम बनाया।

स्व. गोवर्धन लाल मेहता दा साहब प्रख्यात दैनिक अवन्तिका के संस्थापक थे। उन्होंने उस दौर में समाचार पत्र की शुरूआत की, जब समाज के श्रमिक, मजदूर, किसान और सामान्य नागरिकों की आवाज को पर्याप्त स्थान नहीं मिल पाता था। उन्होंने यह महसूस किया कि लोकतंत्र तभी मजबूत होगा, जब समाज के अंतिम व्यक्ति की पीड़ा भी समाचारों का विषय बने। इसी सोच के साथ दैनिक अवन्तिका की स्थापना हुई। अवन्तिका केवल समाचार पत्र नहीं, एक जनआंदोलन था। इसकी पहचान निर्भीक, निष्पक्ष और जनपक्षधर पत्रकारिता के रूप में बनी। इसमें सत्ता की प्रशंसा से अधिक समाज की समस्याओं को महत्व दिया गया। मजदूरों के अधिकार, सामाजिक असमानता, जनकल्याण और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर दा साहब ने पत्रकारिता को समाज की चेतना से जोड़ा।

स्व. गोवर्धन लाल मेहता दा साहब का जीवन सादगी, संघर्ष और सेवा का पर्याय था। वे मानते थे कि पत्रकार की लेखनी केवल घटनाओं का विवरण देने के लिए नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा दिखाने के लिए होती है। यही कारण था कि उन्होंने अपने जीवन का अधिकांश समय श्रमिकों, वंचितों और आमजन के हितों की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। उनकी पत्रकारिता में सत्य के प्रति प्रतिबद्धता और जनहित सर्वोपरि था।

आज मीडिया का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। तकनीक ने पत्रकारिता को नई गति दी है, लेकिन इसके साथ मूल्यों की परीक्षा भी बढ़ी है। ऐसे समय में स्व. गोवर्धन लाल मेहता दा साहब का जीवन और दैनिक अवन्तिका की परंपरा हमें याद दिलाती है कि पत्रकारिता की वास्तविक शक्ति उसकी विश्वसनीयता, निष्पक्षता और जनसरोकारों में निहित होती है।

उनकी 111वीं जयंती पर हम उनके प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए यह संकल्प लें कि सत्य, निष्पक्षता और समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता जैसे मूल्यों को सदैव जीवित रखेंगे। यही स्व. गोवर्धन लाल मेहता के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी और यही दैनिक अवन्तिका की गौरवशाली विरासत का सम्मान भी।

स्व. गोवर्धन लाल मेहता दा साहब का व्यक्तित्व समय की सीमाओं से परे है। उनके द्वारा स्थापित आदर्श और पत्रकारिता के मूल्य आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके समय में थे। मालवा की पत्रकारिता और सामाजिक चेतना के इतिहास में उनका योगदान सदैव स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा।

निरंतर समाज की आवाज बना हुआ है, दैनिक अवंतिका। बेबाक और निडर पत्रकारिता कि इस परंपरा को स्वर्गीय गोवर्धन लाल मेहता दा साहब के बाद सुमन मेहता ने निभाया। पौराणिक नगरी उज्जैन को आध्यात्मिक नगरी के रूप में रूपांतरित करने में सुरेन्द्र मेहता एवं संदीप मेहता के संपादन में दैनिक अवंतिका ने निरंतर भूमिका निभाई है। शासन प्रशासन की परवाह किए बगैर दैनिक अवंतिका की पत्रकारिता राष्ट्र, देश और समाज हित में आवाज बुलंद कर रही है।

श्रद्धेय दा साब की 111वी जयंती पर विशेष

# दा साब की निर्भीक लेखनी जनहित में निरंतर चलायमान रही



निर्लेश तिवारी (दैनिक अवन्तिका)

एक सरल ,दूरदृष्टा , निर्भीक व तटस्थ व्यक्तित्व के रूप मे दैनिक अवंतिका के संस्थापक दासाब स्व. गोवर्धनलालजी मेहता की महाकाल की नगरी और आंचलिक क्षेत्रों मे विशिष्ट छवि बनी रही। उनके कार्यकाल मे अखबार जगत मे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा रहती थी। एक दूसरे के प्रति परस्पर समभाव अखबार मालिको व संपादको मे सदैव बना रहता था। एक राष्ट्रीय समाचार पत्र के बाद दैनिक अवंतिका दशकों तक लगभग द्वितीय/ तृतीय स्थान पर बना रहा। नब्बे के दशक मे लगभग पांच- छ : वर्ष उज्जैन मे रहने का अवसर प्राप्त हुआ और तब से यह विशेष लगाव आज तक जारी है।

दैनिक अवंतिका से गहरा जुड़ाव तभी से प्रतीत होता है। फ्रीगंज क्षेत्र मे निवास होने से वहाँ के उस दौर के एसटीडी/ पीसीओ , टाइपिंग_ फोटो कॉपी सेंटर, होटल्स, टॉवर की चाट, चौपाटी चाय_पान की दुकान शहीद पार्क के टेलर्स और इसके आगे डॉक्टर के चैंबर्स, केमिस्ट, मुसद्दीपुरा का पुराना दवा बाजार , छत्रीचौक की मयूर लॉज एवम पवित्र भोजनालय से लेकर फ्रीगंज के होटल श्रीमाया व राजकुमार, लक्ष्मीनारायण, ओम कैफे, लक्ष्मीविलास रेस्टरेंट आदि लगभग सभी जगह एक बात एकसार होती थी की सभी स्थानों पर दैनिक अवंतिका का सुबह सवेरे मेज पर होना।

उस दौर मे केंद्र व प्रदेश मे कांग्रेस की सत्ता थी। प्रदेश हित मे सरकार के खिलाफ दादा की निर्भीक कलम चलायमान रही। भले ही विज्ञापन और आर्थिक नुकसान हुआ होगा पर प्रतिष्ठा बन गयी। व्यक्तिगत संबंध सबसे मधुर रहे फिर वह अधिकारी वर्ग हो या किसी भी दल के राजनेता_ जनप्रतिनिधि। उस वक्त शायद अवंतिका अखबार की कीमत मात्र एक_डेढ़ रुपये रही होगी ,जबकि प्रतिस्पर्धी अखबार का मूल्य दोगुना था। सिंहस्थ मे प्रचार प्रसार बढ़कर ग्रामीण_आंचलिक व इंदौर महानगर मे फैलाव हुआ । पितृपुरुष गोवर्धनलाल जी दासाब की कड़ी मेहनत और दूरदृष्टि से यह आज प्रदेश के प्रमुख समाचार पत्रों मे शुमार है। अवंतिका परिवार की अगली पीढी के प्रतिनिधि के रूप मे कालांतर मे परम श्रद्धेय सुरेंद्र मेहता जी ने अखबार को नई दिशा दी ।

वर्तमान दौर मे आदरणीय संदीप मेहताजी ने भी दासाहब के पदचिन्हों पर चलते हुए नये मुकाम हासिल किये। वो जमीनी स्तर पर काम करते है और मैंने स्वयं उन्हे मैदान मे एक जुझारू व्यक्ति के रूप मे देखा है।उज्जैन से इंदौर, भोपाल दिल्ली के प्रवास के दौरान वे हमेशा उजार्वान बने रहते है। टीम के कप्तान के बतौर वे सभी के लिए एक आदर्श उदहारण बन बेहतर प्रदर्शन के लिए अपनी विशिष्ट व मनमोहक शैली मे प्रेरित करते है। ₹डाउन टू अर्थ₹ और परिपक्व पत्रकार जैसी संज्ञा को वे सार्थक करते रहे है। प्रयोगधर्मी संपादक के रूप मे वे बेहद सफल रहे है उसी कड़ी मे तीसरी पीढी के चिरंजीवी सप्त मेहता को अवसर देकर दैनिक ब्रह्मास्त्र को स्थापित करना एक अप्रतिम सफलता रही।

मालवा क्षेत्र मे प्रचार- प्रसार मे अभिवृद्धि के लिए संदीपजी देर रात सेअलसुबह तक हॉकर्स के मध्य रहे तब उनकी सादगी और विनम्रता को आत्मसात करने की मेरी इच्छा भी बलवती हुई। महंगाई और व्यवसायीकरण के इस दौर मे भी अखबार की कीमत मात्र तीन रुपये इसकी यूएसपी है। विज्ञापन पर निर्भर न रहते हुए मूल कंटेंट सच्ची व निष्पक्ष खबरो के आधार पर यह आज भी अग्रणी है।

इन सबसे ऊपर महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है की अखबार से जुड़े चतुर्थ श्रेणि वर्ग व वितरण एजेंसीयो से लेकर संपादकीय ,विज्ञापन ,विपणन ,सरक्युलेशन विभाग और वस्तुतः प्रत्येक कर्मचारी के प्रति परिवार के सदस्य जैसा व्यवहार प्रबंधन को उच्चतम दर्जा प्रदान करता है। प्रबंधन के सतत प्रोत्साहन से मेरे आलेख संपादकीय पृष्ठ निरंतर प्रकाशित होते रहे है जिसके लिए मे हमेशा कृतज्ञ रहूँगा।

रक्तांजलि जैसे सारगर्भित एवम सारोकार के मंचों के माध्यम से दासाब के विचारों को जीवंत रखने के अभिनव प्रयास के लिए दैनिक अवंतिका समूह व मेहता परिवार को साधुवाद।

महाकाल की नगरी से प्रकाशित अखबार प्रदेश देश व वैश्विक पटल पर अपनी विशेष पहचान स्थापित करे यही शुभेच्छा ।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6300 से 6350 विशाल 6050 से 6150 मसूर 6000 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9500 से 9900 उड़द गर्मी 8800 से 9500 ग्रेविटी क्लीन 10000 से 10200 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7200 से 8500 काबुली रशियन 5800 बिटकी 5200 से 5300 सरसों निमाड़ी 7800 से 8100 रायडा 7000 से 7100 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7700 से तुअर दाल 7400 से 7600 मूंग दाल 8800 से 8900 बेस्ट 9000 से 9100 मूंग मोगर 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द दाल 10800 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 12000 से 12300 बेस्ट 12400 से 12700 मसूर दाल 7950 से 8050 बेस्ट 8150 से 8250 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डे- 1,41,700 रवा- 1,41,400 चांदी- टंच- 2,23,000 पाट- 2,22,500।

## उज्जैन किराना


**अशोक कुमार भगवानदास**

152 फवारा चौक उज्जैन


किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## शासकीय ऋण की प्रगति की समीक्षा की

**शुजालपुर।** अग्रणी जिला प्रबंधक शाजापुर शैलेन्द्र सुमन की अध्यक्षता में शुक्रवार को जनपद पंचायत शुजालपुर के सभागृह में शुजालपुर ब्लॉक के लिए जून 2026 तिमाही के लिए खण्ड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सम्बंधित विभागों के अधिकारी एवं बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित हुए। अग्रणी जिला प्रबंधक शाजापुर द्वारा वार्षिक साख योजना 2026-27 एवं शासकीय ऋण योजनान्तर्गत प्रगति की समीक्षा की गई एवं लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर लक्ष्यों को पूर्ण करने एवं सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का समय सीमा में निराकरण के लिए निर्देशित किया गया।

## वृद्धजनों के निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनेंगे

**शुजालपुर।** आयुष्मान भारत निरामयम योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों के निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शाजापुर जिले की सभी जनपद पंचायतों की ग्राम पंचायतों में 25 एवं 26 जुलाई 2026 को विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर शाजापुर ऋ जु बाफ ना द्वारा जारी आदेश के अनुसार जनपद पंचायत शाजापुर, मोमन बड़ोदिया, कालापीपल एवं शुजालपुर में 25 जुलाई शनिवार एवं 26 जुलाई रविवार को ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन उपलब्ध सर्वसुविधा युक्त स्थानों पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## औषधीय पौधे लगाकर संरक्षण का लिया संकल्प

**शुजालपुर।** गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत मध्य प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित कैलेंडर के अनुसार शुक्रवार को शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहम्मदखेड़ा में एक गुरु एक वृक्ष अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इको क्लब प्रभारी एवं स्काउट मास्टर विक्रम सिंह कुशवाहा के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर में जामुन, नीम, मीठा नीम एवं बेलपत्र जैसे औषधीय और पर्यावरण हितैषी पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि प्रत्येक पौधे को एक-एक कक्षा शिक्षक के नाम समर्पित किया गया।

## पीपलोंन कला में हाजियों का सम्मान

**आगर मालवा।** मक्का-मदीना से 35, 45 और 47 दिन की हज यात्रा पूरी कर लौटे आगर, पीपलोंन कला और आसपास के क्षेत्रों के हाजियों का शुक्रवार को पीपलोंन कला में स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाजजनों ने हज यात्रा से लौटे सभी हाजियों को मुबारकबाद देते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद सफर की खुशी साझा की। इसी क्रम में पीपलोंन कला में बब्लू मुल्तानी एवं शमसुद्दीन के संयोजन में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता गुड्डू लाला, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रईस शेख, सरपंच रामचन्द्र राठौर, जनपद सदस्य जान मोहम्मद पटेल, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री शाहरुख अहमद, रियाज खान सिरपोई, डग के पूर्व सदर अमान खान सहित बड़ी संख्या में हाजी एवं समाजजन मौजूद रहे।

## क्रेशर पर काम कर रहे श्रमिक की संदिग्ध मौत

**शुजालपुर।** शुजालपुर सिटी थाना क्षेत्र के ग्राम उगली स्थित एक क्रेशर मशीन पर कार्यरत श्रमिक की शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद साथी श्रमिक उसे तत्काल उपचार के लिए शुजालपुर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान दीपक पाटीदार निवासी पाड़लिया के रूप में हुई है। वह पिछले कई वर्षों से अपनी मां के साथ मामा के गांव उगली में रह रहा था। करीब दो सप्ताह पहले ही उसने क्रेशर मशीन पर पत्थर तोड़ने वाली हेमर मशीन संचालित करने का कार्य शुरू किया था। परिजनों ने आशंका जताई है कि दीपक की मौत करंट लगने से हुई है। हालांकि घटना के समय उसके साथ तीन अन्य कर्मचारी भी काम कर रहे थे। ऐसे में यदि करंट फैलता तो उनके भी इसकी चपेट में आने की संभावना रहती। इससे मौत के कारण को लेकर स्थिति फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है।

### क्या पूरे शाजापुर को मरवाओगे?

# अवैध कॉलोनियों और लटकते तारों को देख भड़के विधायक, अफसरों की लगाई क्लास

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

एसी कमरों में बैठकर फाइलों पर धूल जमने देने वाले अफसरों को जब सीधे सड़क पर जनता के सवालों का सामना करना पड़ता है, तो क्या होता है ? इसका जीता-जागता नजारा शुक्रवार को शाजापुर में देखने को मिला। मौका था द्वारकापुरी कॉलोनी का, जहां सिर पर मौत बनकर झूलते बिजली के तारों और अवैध कॉलोनियों के मकड़जाल को देखकर शाजापुर के भाजपा विधायक अरुण भीमावद का सब्र जवाब दे गया।



भरे मजमे में उन्होंने प्रशासनिक अमले की ऐसी बखिया उधेड़ी कि नगर पालिका, विद्युत मंडल और राजस्व विभाग के आला अफसरों के चेहरे की हवाइयां उड़ गई। दोपहर करीब एक बजे रहवासियों की शिकायत मिलने पर विधायक सीधे वार्ड क्रमांक 25 के ग्राउंड जीरो पर पहुंच गए।यहां सड़क किनारे एक ही जगह पर गुच्छों में लटकते दर्जनों मीटर और उलझे केबल्स का जंजाल किसी बड़े हादसे को खुला न्योता दे रहा था। स्थानीय लोगों ने विधायक के सामने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि कई सालों से यहां सिर्फ अस्थायी कनेक्शन के भरोसे जिंदगी कट रही है। पिछली तेज आंधी में ये तार टूटकर जमीन पर आ गिरे थे, लेकिन बार-बार की गुहार के बाद भी जिम्मेदार विभागों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। मौके की बदहाली और जनता की परेशानी देखकर विधायक गुस्सा हो गए। उन्हें मौजूद नगर पालिका के सीएमओ भूपेंद्र कुमार दीक्षित ने जब कॉलोनाइजरों से चर्चा करने का गोलमोल जवाब देकर अपना पल्ला झाड़ने की कोशिश की, तो विधायक ने उन्हें जमकर लताड़ लगाई। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि पिछले दस सालों में तुम्हारे इलाके में अवैध कॉलोनियां कट गईं, तुमने आज तक कितनों को नोटिस दिया? किसी को बुलाया तक नहीं और अब मेरे सामने फालतू बातें कर रहे हो।

उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को खुली चेतावनी देते हुए कहा कि अगले एक साल के भीतर हम सबको मिलकर यह काम हर हाल में निपटाना है। उन्होंने साफ कर दिया कि अगले साल जब वे इसी तारीख को यहां वापस आएं, तो यह सारा काम मुकम्मल मिलना चाहिए। विधायक के इस तीखे तेवर ने जहां जनता को बड़ी राहत दी है, वहीं कामचोर सिस्टम की नींद उड़ा दी है।

> **कलेक्टर मैडम को यहां घुमा दो- भीमावद**
>
> विधायक ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि क्या पूरे शाजापुर को जनता को मरवाने का इरादा है? उन्होंने दो टूक निर्देश दिए कि यह सारा अवैध काम तुरंत प्रभाव से बंद किया जाए। उन्होंने मौके पर मौजूद एसडीएम से कहा कि मैडम, आप भी थोड़ा ध्यान दीजिए, और कलेक्टर मैडम को यहां घुमा दो तो सबको सूज पड़ जाएगी। सड़क पर लगी अफसरों की इस ताबड़तोड़ क्लास के बाद, विधायक अरुण भीमावद ने हवा-हवाई वादों की जगह एक सख्त डेडलाइन भी तय कर दी।





## ईदगाह और जिला अस्पताल के सामने से अतिक्रमण पर चला बुलडोजर हटाया अवैध निर्माण

**देवास।** नगर निगम ने शुक्रवार को शहर में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस बल की मौजूदगी में निगम की टीम ने ईदगाह (एबी रोड) क्षेत्र में अभियान चलाया। इस दौरान सरकारी जमीन और सड़क पर किए गए अतिक्रमण हटाए गए। जेसीबी की मदद से एक दर्जन से अधिक टीन शेड और एक अवैध निर्माण को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने विरोध करने का प्रयास किया। हालांकि, नगर निगम और पुलिस की मौजूदगी में अभियान बिना रुके जारी रहा। जेसीबी से पूरे क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इसके बाद निगम की टीम जिला अस्पताल के सामने पहुंची। यहां सड़क किनारे वर्षों से रखी लगभग 20 से 25 गुमटियां और अस्थायी दुकानें हटाई गईं। जेसीबी की मदद से सभी गुमटियों को हटाकर सड़क खाली कराई गई। यहां भी हल्का विरोध हुआ, लेकिन पुलिस ने स्थिति संभाल ली और कार्रवाई पूरी कराई। यह संयुक्त अभियान करीब ढाई घंटे तक चला। इसमें नगर निगम, पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि शहर में यातायात और आम लोगों की सुविधा में बाधा बनने वाले अतिक्रमण के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी इसी तरह कार्रवाई की जाएगी।

## उत्कृष्ट विद्यालय में पौधों का रोपण कर विधायक ने जानी छात्रों से समस्याएँ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शहर के उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 में इस बार गुरु पूर्णिमा का पर्व प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और आधुनिक शिक्षा की ओर बढ़ते मजबूत कदम के रूप में मनाया गया।

विद्यालय में आयोजित समारोह सिर्फ गुरु वंदना तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण के संकल्प और स्कूल को हाईटेक बनाने की दिशा में एक यादगार दिन बन गया। कार्यक्रम की शुरुआत एक गुरु, एक पेड़ के नाम नामक एक अनूठे पर्यावरण अभियान से हुई। गुरुओं के सम्मान को प्रकृति से जोड़ते हुए इस पहल के तहत विद्यालय के छात्र-छात्राओं और पूरे स्टाफ ने पूरे उत्साह के साथ परिसर में 101 पौधे रोपे। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे शाजापुर विधायक अरुण भीमावद ने जब छात्रों से संवाद किया, तो विद्यार्थियों ने भी पूरी बेबाकी से अपने स्कूल की बुनियादी जरूरतें और समस्याएं उनके सामने रख दीं। छात्रा दिव्या सोनी ने पुराने भवनों की जर्जर स्थिति और वहां से पानी टपकने की समस्या की ओर विधायक का ध्यान आकृष्ट कराया, ताकि जल्द मरम्मत हो सके। वहीं, छात्र मोहम्मद अली अलाउद्दीन ने खेल गतिविधियों को बेहतर बनाने और सुरक्षा के लिहाज से मैदान की बाउंड्रीवॉल निर्माण की पुरजोर मांग उठाई। इसी क्रम में छात्र लोकेश चौहान ने आधुनिक समय की जरूरत का हवाला देते हुए सभी कक्षाओं में डिजिटल पढ़ाई के लिए स्मार्ट बोर्ड लगाने की मांग रखी।

## परीक्षा सुधार की मांग कर ज्ञापन सौंपा

**आगर मालवा।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को परीक्षा और भर्ती व्यवस्था में सुधार और छात्र आंदोलनों पर हुई कार्रवाई के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने आंबेडकर पार्क से नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली और डिप्टी कलेक्टर कमल मंडलोई को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर अपर्णा गर्ग और तहसीलदार विजय सेनानी भी मौजूद रहे। ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। इसके साथ ही, आंदोलन के दौरान जान गंवाने वाले प्रत्येक छात्र के परिवार को 1 करोड़ की आर्थिक सहायता देने और छात्र आंदोलन पर हुई पुलिस कार्रवाई, एक्सपायर्ड आंसू गैस के गोलों तथा कीलों वाली लाठियों के इस्तेमाल की निष्पक्ष जांच कराने की मांग रखी।

### आंदोलन के तीसरे चरण में उतरे पटवारी

## 28 जुलाई से ऑनलाइन कार्यों के बहिष्कार की चेतावनी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रदेशव्यापी चरणबद्ध आंदोलन का तीसरा चरण शुक्रवार से शुरू हो गया। इसके तहत जिले की सभी तहसीलों के पटवारियों ने शासकीय व्हाट्सएप समूहों से सामूहिक रूप से लेफ्ट होकर अपनी लंबित मांगों के समर्थन में विरोध दर्ज कराया। संघ के जिलाध्यक्ष हरिओम हनोतिया ने बताया कि प्रदेश संगठन के आह्वान पर शाजापुर, शुजालपुर, कालापीपल, मोहन बड़ोदिया, अवंतिपुर बड़ोदिया, गुलाना और पोलायकलां तहसीलों के पटवारियों ने एकजुट होकर आंदोलन के तीसरे चरण की शुरुआत की है।

संघ का कहना है कि लंबे समय से लंबित कैडर रिव्यू, पदोन्नति, समयमान वेतनमान, नायब तहसीलदार विभागीय परीक्षा, विभिन्न योजनाओं के लंबित मानदेय का भुगतान तथा पटवारियों को जज प्रोटेक्शन एक्ट के दायरे में शामिल करने जैसी मांगों पर शासन द्वारा अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इन्हीं मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है।

संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं हुआ तो 28 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक वेबजीआईएस, सारा सहित अन्य ऑनलाइन शासकीय कार्यों का बहिष्कार किया जाएगा। इसके बाद भी समाधान नहीं होने पर 3 अगस्त 2026 से प्रदेशभर में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी।

## सत्य का साथ देने वाला ही बनता है सत्यनारायण- पं. मनावत ने

**शुजालपुर।** जीवनलाल हजारीलाल अग्रवाल परिवार के तत्वावधान में आयोजित श्री शिवपुराण कथा के दूसरे दिन कथावाचक पंडित श्याम मानवत ने सत्य की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि जीवन में असफ लता स्वीकार करना बेहतर है, लेकिन कभी असत्य का सहारा नहीं लेना चाहिए। सत्य ही सनातन है और सत्य ही भगवान तक पहुंचने का मार्ग है। कथावाचक ने बताया कि सृष्टि के आरंभ में जब भगवान शिव अनंत ज्योतिर्लिंग (प्रकाश स्तंभ) के रूप में प्रकट हुए, तब उसके आदि और अंत का पता लगाने के लिए भगवान ब्रह्मा और भगवान विष्णु निकले। ब्रह्मा ऊपर की ओर गए, जबकि विष्णु नीचे की ओर। लंबे प्रयास के बाद भी दोनों को प्रकाश स्तंभ का छोर नहीं मिला। उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु ने लौटकर विनम्रता के साथ अपनी असफ लता स्वीकार कर ली, जबकि ब्रह्मा ने केतकी के फू ल को झूठा साक्षी बनाकर दावा किया कि वे प्रकाश स्तंभ के शिखर तक पहुंच गए हैं। भगवान शिव ने असत्य पर क्रोधित होकर ब्रह्मा का एक मस्तक काट दिया। वहीं भगवान विष्णु की सत्यनिष्ठा से प्रसन्न होकर उन्हें सत्यनारायण की उपाधि प्रदान की। पं. मानवत ने कहा कि यही सत्यनारायण कथा का मूल संदेश है।

## सरपंच ने पुलिस मौजूदगी में निर्माणाधीन मकान तुड़वाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

शाजापुर जिले के अकोदिया थाना क्षेत्र के ग्राम ऊंचावद में सरपंच ओमप्रकाश सक्सेना पर निर्माणाधीन मकान तुड़वाने और विरोध करने पर मारपीट करने के आरोप लगे हैं। 20 जुलाई की घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें सरपंच कथित तौर पर हाथापाई करते नजर आ रहे हैं।

पीड़ित ओमप्रकाश पांचाल के परिवार के मुताबिक, वे अपनी जमीन पर मकान का निर्माण करा रहे थे। आरोप है कि सरपंच ओमप्रकाश सक्सेना, मुरलीधर पाटीदार और उनके परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे तथा दबाव बनाकर निर्माणाधीन मकान का एक हिस्सा तुड़वा दिया।



> **विरोध करने पर हाथापाई का आरोप**
>
> परिवार का आरोप है कि जब ओमप्रकाश पांचाल के भाई नरेंद्र पांचाल ने इसका विरोध किया तो उनके साथ गाली-गलौज और हाथापाई की गई। उनका यह भी दावा है कि घटना के दौरान अकोदिया थाने के दो पुलिस जवान और एक महिला आरक्षक मौके पर मौजूद थे, लेकिन उन्होंने विवाद रोकने के लिए कोई हस्तक्षेप नहीं किया।

## महासतियों का चातुर्मास के लिए मंगल प्रवेश, शोभायात्रा के साथ स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में शुक्रवार को जैन महासतियों पूज्यश्री प्रेक्षा महाराज साहब और नवदीक्षिता पूज्यश्री हेमप्रभा महाराज साहब का चातुर्मास के लिए भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इस अवसर पर शहर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे मार्ग पर धार्मिक जयघोष गूंजते रहे और श्रद्धालुओं ने महासतियों का भावपूर्ण स्वागत किया। मंगल प्रवेश यात्रा का शुभारंभ श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर से हुआ। नवकारसी के बाद कलश यात्रा कवि कालिदास मार्ग, शालिनी रोड और श्री आदेश्वर मंदिर मार्ग से होते हुए महावीर भवन पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति और उत्साह के साथ शामिल रहे, जिससे शहर का वातावरण पूरी तरह धर्ममय हो गया।



उन्होंने श्रद्धालुओं से सामायिक, उपवास, एकासन, आयंबिल सहित विभिन्न तप-आराधनाएं करने और नियमित प्रवचनों का लाभ लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में देवास के अलावा इंदौर, उज्जैन, भोपाल, रतलाम, शाजापुर और शुजालपुर से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु और अतिथि शामिल हुए। वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ की अध्यक्ष संगीता राहुल चौधरी ने सभी का स्वागत करते हुए आयोजन की सफलता का श्रेय गुरु भगवंतों के आशीर्वाद और संघ की एकजुटता को दिया।

> **कार्यकर्ताओं का सम्मान**
>
> कार्यक्रम में ट्रस्ट के सचिव विशाल जैन, नवयुवक मंडल और आयोजन से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं को सफल आयोजन के लिए सम्मानित किया गया। अंत में संघ की ओर से सभी अतिथियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया गया। समाजजनों ने इसे देवास में पिछले लगभग 40 वर्षों का सबसे भव्य और ऐतिहासिक चातुर्मास मंगल प्रवेश बताया।


## नीलामी सूचना

**क्रमांक- 05/27** **दिनांक- 25-01-26**

शा. प्रा. विद्यालय नामलपुर, विकासखण्ड बड़नगर, जिला उज्जैन सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विद्यालय परिसर में स्थित जर्जर भवन विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक के निर्देशानुसार ध्वस्त किया जा चुका है। ध्वस्तीकरण से प्राप्त मलबा एवं अनुपयोगी सामग्री (ईट, लोहे की सामग्री आदि) की नीलामी निम्नानुसार की जाएगी!

नीलामी की तिथि - 03-08-2026
समय- 12 बजे से
स्थान - शासकीय प्राथमिक विद्यालय नामलपुर

**शर्तें:-**

1. नीलामी खुनी बोली के आधार पर होगी।
2. सर्वाधिक बोली लगाने वाले को सामग्री प्रदान की जाएगी।
3. सकल बोलीदाता को उसी दिन पूरी राशि जमा करनी होगी।
4. भुगतान के बाद सामग्री स्वयं अपने खर्च पर उठानी होगी।

**प्रधानाध्यापक**
**शा.प्रा.वि. नामलपुर**
**जनशिक्षा केन्द्र शा. कृषि उ मा.वि. खरसौद खुर्द**



## जाहिर सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने दिपेश शर्मा पिता श्री अशोक जी शर्मा निवासी 449, अतिरिक्त विश्वबैंक कालोनी, आगर रोड़, उज्जैन से उनके द्वारा मूल स्वामी बेबी पिता दगपाल सिंह भदौरिया निवासी महाशक्ति नगर, देवास रोड़, उज्जैन से क्रय अनुबंधीत किया हुआ भूखण्ड क्रमांक 24 व 25 स्थित संजय नगर, आगर रोड़, उज्जैन में है । उक्त भूखण्डो का कुल सयुंक्त क्षेत्रफल 95.87 वर्गमीटर अर्थात 1032 वर्गफीट लगभग है। जिसकी लम्बाई -43 फीट व चौड़ाई 24 फीट है को क्रय करने का सौदा किया है और इसके सम्बन्ध में टोकन राशि प्राप्त कर सौदा चिट्ठी मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित किया है। उक्त सौदा चिट्ठी के पालन में मेरे पक्षकार उक्त भूखण्डो के अनुबंध पत्र/विक्रय-पत्र का निष्पादन व पंजीयन शीघ्र ही अपने पक्ष में कराने वाले है, यदि उक्त भूखण्डो में अन्य किसी व्यक्ति को कोई स्वत्व, हित, अधिकार प्राप्त हो या उक्त विक्रय व्यवहार के सम्बन्ध मे अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूखण्डो पर किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, संस्था एवं कम्पनी का किसी किस्म का कोई भार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मुझे सूचित करें और लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि ऐसी आपत्ति का समुचित निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूखण्डो का विक्रय-पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा और इसके पश्चात की जाने वाली कोई भी आपत्ति शुन्य होकर मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी नही होगी। दिनांक 24/07/2026

**अखिलेश बाफना, एडवोकेट**
**कार्यालय-111, प्रथम तल, हर्शदीप टॉवर, नानाखेडा पेट्रोल पम्प के पास, उज्जैन मो.न. - 9826266570**



## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे पक्षकार तुलसीराम पिता स्व. दामोदर निवासी 115/4, कमल कॉलोनी, अंकपात मार्ग उज्जैन एवं दयाराम पिता स्व. दामोदरजी निवासी गली नंबर 3, गोंदा की चौकी, अंजली माता मंदिर के पीछे, उज्जैन के पैत्रक स्वामित्व का एक भवन जो कि भवन क्र. 3/2, चौसठ योगिनी मार्ग, तिलकेश्वर बस्ती, पथ क्र. 2 उज्जैन में स्थित है का फर्जी विक्रय पत्र निरमा बाई पति सोहन सिंह निवासी ग्राम मुण्डली तहसील महिदपुर जिला उज्जैन द्वारा छलपूर्वक कराया गया है। उक्त भवन मेरे पक्षकारो के पैत्रक स्वामित्व का है जिसमें मेरे पक्षकारगणों का समान अधिकार है। उक्त विक्रय पत्र के संपादन के विरूद्ध मेरे पक्षकार द्वारा उचित वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इस कारण सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भवन के संबंध में किसी प्रकार का कोई संव्यवहार निरमा बाई पति सोहन सिंह से न करे अन्यथा उक्त संव्यवहार मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

**मितेश भार्गव**
**बी.कॉम., एल.एल.बी. हायकोर्ट एडव्होकेट**
**कार्यालय :- 201, द्वितीय मंजिल, सिटी ट्रेड सेंटर बड़ा सराफा, उज्जैन, मो. 98270-15951**



## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकारगण राजपालसिंह पिता ईश्वरसिंह, एवं श्रीमती ललिताकुंवर पति राजपासिंह, निवासीगण सी/9/9 महानंदानगर देवासरोड उज्जैन को श्रीमती आबिदा अली पति इरफान अली, पता-84 हरिफाटक महाकाल मार्ग उज्जैन ने उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का प्लाट नंबर 5/1-ए महाकाल मार्ग गली नंबर 07 वार्ड क्रमांक 31 क्षेत्रफल 725 वर्गफीट उज्जैन को क्रय करने की लिखित सौदा चिट्ठी दिनांक 1.4.2026 को साक्षी पंकज मिश्रा एवं विशाल शर्मा के समक्ष तय करते हुये अग्रिम विक्रय मूल्य की राशि प्राप्त कर ली है। उक्त प्लाट के विक्रय पत्र का संपादन आबिदा अली मेरे पक्षकारगण के हित में नहीं कर रही है। इस कारण मेरे पक्षकारगण ने एक वाद न्यायालय अष्टम जिला जज महोदय उज्जैन के समक्ष विक्रय पत्र का संपादन कराने हेतु प्रस्तुत किया है, जो प्रकरण क्रमांक 389-ए/2026 पर अंकित होकर विचाराधीन है। मेरे पक्षकारगण को ऐसी जानकारी मिली है कि उक्त श्रीमती आबिदा अली मेरे पक्षकार से हुये सौदे को छिपाकर उक्त प्लाट किसी अन्य को विक्रय व भारग्रस्त करने और बैंक मे बंधक रखने का प्रयास कर रही है। ऐसी स्थिति में कोई भी व्यक्ति उक्त श्रीमती आबिदा अली से उक्त प्लाट के संबंध में किसी प्रकार का कोई कय विक्रय या ऋण उधार देने का व्यवहार नहीं नहीं करे, अन्यथा ऐसा कोई व्यवहार मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारक नहीं रहेगा और इसके लिये वह स्वंय जिम्मेदार रहेगा।

**पंखुरी समदानी हाईकोर्ट, एडवोकेट**
**स्थित-92, गोंदा चौकी, गुरू मंदिर के पास, उज्जैन**
**फोन नंबर 0734-2551822**



## जाहिर सूचना

**ग्राम नजरपुर तह. घट्टिया जिला उज्जैन स्थित कृषि भूमि सर्वे नंबर 573/1 रकबा 0.59 हेक्टेयर के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्रीमती रमाबाई पति स्व. वज्जा निवासी- नजरपुर तह. घट्टिया जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व, आधिपत्य की ग्राम नजरपुर तह. घट्टिया जिला उज्जैन स्थित कृषि भूमि सर्वे नंबर 573/1 रकबा 0.59 हेक्टेयर भूमि को गणपत पिता पर्वतसिंह निवासी ग्राम राजोदा तह. घट्टिया जिला उज्जैन द्वारा धोखाधडी करते हुए उक्त भूमि प्रतिफल की राशि अदा किये बिना रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP17IGR18842026A100049766 दिनांक 06.01.2026 के आधार पर विक्रय पत्र अपने हित में संपादित कराकर राजस्व अभिलेखो में अपना नाम भी दर्ज करा लिया जिस संबंध में हमारे पक्षकार द्वारा श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय अनुभाग घट्टिया जिला उज्जैन के समक्ष अपील प्रकरण क्र. 0014/अपील/2026-27 प्रस्तुत की गई थी, उक्त अपील श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी द्वारा आदेश दिनांक 21.07.2026 को स्वीकार की जाकर तहसीलदार महोदय के नामांतरण प्र.क्र. 1928/अ-6/2025-26 में पारित आदेश दिनांक 22.04.2026 को निरस्त किया जाकर उक्त भूमि पर हमारे पक्षकार का नाम राजस्व अभिलेखो में दर्ज किया जा चुका है तथा उक्त भूमि पर आधिपत्य भी हमारे पक्षकार का ही है तथा उक्त विक्रय पत्र क्र. MP17IGR18842026A100049766 दिनांक 06.01.2026 को शुन्य घोषित किये जाने हेतु हमारे पक्षकार द्वारा श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश महोदय कनिष्ठ खण्ड उज्जैन के समक्ष एक व्यवहार वाद क्र. 294/2026 भी संस्थित किया गया है जो कि विचाराधीन है, उसके बावजूद भी उक्त अवैध व शुन्य विक्रय पत्र के आधार पर गणपत पिता पर्वतसिंह के द्वारा उक्त भूमि को अन्यत्र विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है उपरोक्त स्थिति में यदि किसी अन्यत्र पक्ष के द्वारा हमारे पक्षकार की उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के संबंध में गणपत पिता पर्वतसिंह से कोई संव्यवहार, विक्रय पत्र, दान, गिरवी, बक्षिस, बंधक या हस्तांतरण संबंधी कोई कार्यवाही की जाती है तो वह हमारे पक्षकार पर बंधनकारक न होकर अवैध व शुन्य होगी। सो सूचित हो।

**(राजेश परिहार ) अधिवक्ता म.प्र. उच्च न्यायालय**
**556 समर्थ ड्रीम सिटी, नैनोद गोमटगिरी, इन्दौर (म.प्र.)**
**मो.न. 9907508980**



XI-HC--43

Respondent No. 1 to 3 Notice for Admission and L.A.7237/2025 for Stay
Fixed for 10-08-2026

**उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, खण्डपीठ इंदौर पुनरीक्षण के आवेदन-पत्र की सुनवाई के लिये नियत दिनांक की विरोधी पक्षकार को सूचना सिविल पुनरीक्षण क्रमांक** CR/1018/2024

Process Id: 35394/2026

**SMT. SHYAMABAI @ KAMLABAI आवेदक**

**विरूद्ध**

**SMT. SHASHI @ SUSHEELA PANWAR and others अनावेदक**

सन 2024 के MCA क्रमांक 7 सन 2024 में न्यायालय II District Judge (Shri Hemant Savita), District Ujjain (Madhya Pradesh) की डिक्री/आदेश दिनांक28-08-2024 के पुनरीक्षण के लिए आवेदन-पत्र।

प्रति.

R-No.1- Smt. Shashi @ Susheela Panwar,
W/o. Late Shri Nathusingh Panwar,
Age-55 years Occupation-House wife,
R/o: N-1/G-4, 32 Battalion, District Ujjain (M.P.)
R-No.2- Senani
R/o: 32 Vahini, Vishesh Shshatra Bal, Ujjain, District Ujjain (M.P.)
R-No.3- Public in General.

कृपया सूचित हो कि ऊपर वर्णित पुनरीक्षण के लिये आवेदन-पत्र श्री Appellant द्वारा इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया और पंजीयित किया गया है और यह कि इंदौर में आपकी उपस्थिति के लिये दिनांक 10-08-2026 नियत किया गया है और यह कि यह मामला उस दिन या उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस मामले के संबंध में आपके लिये कार्य करने के लिये विधिवत प्राधिकृत कोई अन्य व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ तो आपकी अनुपस्थिति में सुनवाई की जायगी और निर्णय दिया जायेगा।

आज दिनांक 10-07-2026 को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, खण्डपीठ इंदौर की मोहर से दिया गया।

**उच न्यायालय के आदेश से,**
**(Smt. Anamika Choure)**
**Administrative Officer(J)**

CR-DA1

## कारगिल विजय दिवस पर शुजालपुर कॉलेज में रैली

**शुजालपुर।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रविवार, 26 जुलाई को क्रीड़ा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में देशभक्ति रैली, शहीदों को श्रद्धांजलि सभा एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7 बजे टेम्पो चौराहा शुजालपुर मंडी से देशभक्ति रैली के साथ होगी, जो बस स्टैंड होते हुए अटल भवन परिसर पहुंचेगी। इसके बाद दीप प्रज्वलन, अमर शहीदों को पुष्पांजलि, स्वागत उद्बोधन एवं अतिथियों के संबोधन होंगे। समारोह के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार रहेंगे, जबकि जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष आलोक खन्ना कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय एकता एवं संविधान के प्रति निष्ठा का सामूहिक संकल्प, कारगिल के अमर शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन, राष्ट्रगान तथा महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया जाएगा।

## योग- प्राणायाम से स्वस्थ जीवन का संदेश

**शुजालपुर.** गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत दीप्ति कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को विद्यार्थियों के लिए योग, प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार का विशेष सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम विद्यालय के प्रबंधक फादर कुरियन एवं प्राचार्य सिस्टर जेस के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। विद्यालय के खेल शिक्षक मनीष इचोरिया ने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी देते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत और एकाग्रता में वृद्धि होती है। सूर्य नमस्कार को उन्होंने संपूर्ण शरीर के लिए श्रेष्ठ व्यायाम बताते हुए कहा कि इससे ऊर्जा, स्फूर्ति और सकारात्मक सोच का विकास होता है। सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साह और अनुशासन के साथ योगाभ्यास किया। उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, प्रतिदिन योग एवं प्राणायाम करने तथा भारतीय संस्कृति की इस अमूल्य परंपरा को दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

## सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ प्रोटेस्ट पर प्रबोधन का आयोजन

**शाजापुर।** दुपाड़ा मार्ग स्थित सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाजापुर और आगर विभाग के विभाग समन्वयक सुरेंद्र जोशी ने नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में चल रहे स्टूडेंट प्रोटेस्ट पर विद्यालय के कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों का प्रबोधन करते हुए इस समसामयिक मुद्दे की सत्यता से सभी को अवगत कराया। जोशी ने कहा कि बच्चे राष्ट्र के भावी कर्णधार हैं, हमें किसी भी बात की वास्तविकता जाने बगैर आंख मूंदकर विश्वास नहीं करना चाहिए। परीक्षार्थियों के मुद्दे की आड़ में हमारी संस्कृति एवं सांस्कृतिक मान बिंदुओं पर हमला कुछ देश विरोधी लोगों के द्वारा किया जा रहा है हमें इस वास्तविकता का बोध होना चाहिए और राष्ट्र प्रथम का भाव हमारे मन में होना चाहिए। इस अवसर पर सी.बी.एसई.के प्राचार्य राहुल देशमुख और एम.पी.बोर्ड के प्राचार्य देवकरण शर्मा मंचसीन रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षिका लीना भट्ट ने किया। आभार अजीत पाराशर ने माना।

## पेपर लीक और छात्र हितों को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

**शाजापुर।** देश में लगातार हो रहे पेपर लीक और भर्ती परीक्षाओं में धांधली के विरोध में शनिवार को शाजापुर में भारी आक्रोश देखने को मिला। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने छात्र आंदोलनों के समर्थन में कलेक्ट्रेट पर उग्र प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम एसडीएम मनीषा वास्कले को ज्ञापन सौंपा। दोपहर 12 बजे बड़ी तादाद में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कुछ लोग मुख्य गेट पर भी चढ़ गए। अंतत: दोपहर लगभग 1 बजे ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में आंदोलन में जान गंवाने वाले छात्रों के परिजनों को एक करोड़ रुपए की आर्थिक मदद देने, पेपर लीक और छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई पर संसद में चर्चा कराने की मांग की गई। साथ ही शिक्षा माफियाओं पर कठोर एक्शन और छात्रों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई न करने, कथित पुलिस कार्रवाई की निष्पक्ष जांच, छात्राओं के साथ हुई घटनाओं, सादी वर्दी वाले लोगों की पहचान सार्वजनिक करने, आंसू गैस के इस्तेमाल और क्षतिग्रस्त वाहनों की जांच की मांग भी की गई।

## एक महीने बाद दुल्हन के किन्नर निकलने पर विवाद

**शाजापुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में शादी में बड़े धोखे और उसके बाद हुई हिंसक वारदात का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक परिवार जिस लड़की से एक लाख रुपये देकर अपने बेटे का ब्याह करके लाया था, वह किन्नर निकली। जब पीड़ित परिवार ने इस धोखे का विरोध किया और बातचीत के लिए लड़की पक्ष को बुलाया, तो उन्होंने अपनी गलती मानने के बजाय लड़के वालों के घर पर ही लाठी-डंडों और हथियारों से हमला कर दिया। इस घटना में परिवार के कई सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शाजापुर निवासी 28 वर्षीय युवक की शादी 29 जून 2026 को राजगढ़ जिले के पचोर स्थित एक मंदिर में हिंदू रीति-रिवाजों से संपन्न हुई थी। पीड़ित युवक के भाई का कहना है कि इस रिश्ते के लिए उन्होंने लड़की के परिजनों को एक लाख रुपये की नकद राशि भी दी थी। शादी के बाद शुरुआत में सब कुछ सामान्य लग रहा था, लेकिन लगभग एक महीने बाद जब ससुराल वालों को यह सच्चाई पता चली कि उनकी नई बहू असल में किन्नर है, तो पूरा परिवार गहरे सदमे में आ गया। पीड़ित परिवार ने मामले को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने के उद्देश्य से लड़की के परिजनों को शाजापुर बुलाया था। शुक्रवार रात करीब 10 बजे पचोर से लड़की के परिजन आजाद, राकेश और चंदो बाई युवक के घर पहुंचे।

# अंधेरा घिरते ही घरों पर बरसने लगते है पत्थर, बाल-बाल बची महिला

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**



शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत धोबी चौराहे के रहवासी इन दिनों एक अनजाने खौफ के साये में जीने को मजबूर हैं। पिछले दो दिनों से जैसे ही शाम ढलती है, यहां के घरों पर अचानक ईंट और पत्थर बरसने लगते हैं। रात को भी अज्ञात असामाजिक तत्वों ने इसी तरह की वारदात को अंजाम दिया, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात करीब 10 बजे मोहल्ले की एक महिला अपने घर के बाहर बैठी हुई थी। तभी अचानक अज्ञात दिशा से ईंट और टाइल्स के टुकड़े आकर गिरे। गनीमत यह रही कि महिला को कोई चोट नहीं आई, वरना एक बड़ा और गंभीर हादसा हो सकता था। इस अचानक हुए पथराव से गली में अफरा-तफरी मच गई। घबराए लोगों ने तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सायरन की आवाज सुनते ही पत्थरबाजी थम गई। पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर छतों और आसपास के सुनसान इलाकों में सघन तलाशी ली, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर शरारती तत्व मौके से फरार होने में कामयाब रहे।

### बुजुर्गों और बच्चों का घर से निकलना हुआ मुश्किल

लगातार हो रही इस पत्थरबाजी से मोहल्ले के लोग खासे डरे हुए हैं। स्थानीय रहवासियों ने चिंता जाहिर करते हुए बताया कि अमूमन शाम के वक्त गली के छोटे बच्चे बाहर खेलते हैं और बुजुर्ग घर के बाहर बैठते हैं। ऐसे में अगर आसमान से गिरता कोई भारी पत्थर किसी को लग गया, तो जानलेवा साबित हो सकता है। पूरे इलाके में डर का माहौल इस कदर है कि लोगों ने शाम के बाद घर से बाहर निकलना और बैठना कम कर दिया है।

### पुलिस ने बढ़ाया पहरा, होगी सख्त कार्रवाई

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस मुस्तैद हो गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने रहवासियों को आश्वस्त किया है कि इस तरह की ओछी हरकत कर शहर का माहौल बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों की जल्द ही पहचान कर ली जाएगी। उनके खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में कोई ऐसी हरकत करने की जुर्रत न करें। एहतियात के तौर पर इलाके में पुलिस गश्त भी बढ़ा दी गई है।

# चालक अस्पताल में रहा भर्ती 60 लाख का ट्रक ले उड़े चोर

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**



जिले में वाहन चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब भारी-भरकम वाहन भी सुरक्षित नहीं हैं। ताजा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है, जहां बीमारी के कारण सड़क किनारे खड़ा किया गया करीब 60 लाख रुपये का एक ट्रक रातों-रात चोरी हो गया।

चालक अपनी जान बचाने के लिए अस्पताल क्या गया, पीछे से अज्ञात चोरों ने मौके का फायदा उठाते हुए इस बड़ी वारदात को अंजाम दे दिया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। यह घटना शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत कौटिल्य स्कूल के पास घटी। राजस्थान के कोटा दादाबाड़ी निवासी ट्रक मालिक अजहरुद्दीन 40 वर्ष ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनका ट्रक भोपाल में चूना खाली करने के बाद नलखेड़ा से गिट्टी लोड करने के लिए जा रहा था। सफर के दौरान शाजापुर के पास अचानक चालक की तबीयत बिगड़ गई। स्थिति खराब होने पर उसने समझदारी दिखाते हुए ट्रक को कौटिल्य स्कूल के पास सुरक्षित खड़ा कर दिया और इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल चला गया। बीमारी के चलते चालक को रातभर अस्पताल में ही भर्ती रहना पड़ा।

### सुबह लौटा तो उड़े होश

शनिवार सुबह जब चालक को अस्पताल से छुट्टी मिली और वह ट्रक के पास पहुंचा, तो उसके होश उड़ गए। मौके से ट्रक नदारद था। उसने आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उसने तुरंत मालिक को घटना की जानकारी दी और थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। बताया जा रहा है कि चोरी हुए इस ट्रक की कीमत 55 से 60 लाख रुपए के बीच है।

### सीसीटीवी कैमरों पर टिकी पुलिस की जांच

इतनी बड़ी चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस फौरन हरकत में आ गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया है। चोरों का सुराग लगाने के लिए अब घटनास्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस के हाथ कोई ठोस सुराग नहीं लगा है, लेकिन पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। मामले की सघन जांच जारी है।

## वैगन शेड में सेंध लगाकर एल्यूमिनियम वायर चोरी

**शुजालपुर।** रेलवे स्टेशन परिसर से सटे हुए रेलवे वैगन शेड में सेंधमारी कर चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात बदमाशों ने 22 जुलाई की रात शेड की दीवार में करीब एक फीट का छेद कर अंदर प्रवेश किया और वहां रखे करीब 50 हजार रुपए मूल्य के एल्यूमिनियम वायर लेकर फरार हो गए। घटना शेड में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई। फुटेज में बदमाश मोबाइल की रोशनी के सहारे चोरी करते दिखाई दे रहे हैं। जाते समय कुछ कैमरों को भी नुकसान पहुंचाया।

## संघ के प्रदेश अध्यक्ष बने पं. जोशी

**शुजालपुर।** श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण संघ ने संगठन के विस्तार और समाज सेवा की गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से नई प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया है। इसके तहत पं. जनकराय जोशी को मध्यप्रदेश का प्रदेश संगठन मंत्री मनोनीत किया गया है। संगठन ने जोशी की सक्रिय सामाजिक भागीदारी, संगठन के प्रति समर्पण और समाजहित में किए जा रहे कार्यों को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक - रतलाम मंडल-पश्चिम रेलवे पार्किंग स्टेण्ड की ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाइट ई-ऑक्शन पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है। **केटलॉग सं PARKING-RTM -11-1, अनुबंध का प्रकार पार्किंग स्टेण्ड, लॉट नं. PARKING-RTM BCH- TW-40-22-3 (Bercha), PARKING-RTM-BNG-TW-86-26-1 (Barnagar TW), PARKING-RTM-BMI-MX-80-26-1 (Bamania TW & FW), PARKING-RTM-SEH- MX-82-26-1 (Sehore TW & FW), PARKING-RTM-KUH-MX-79-25-1 (Khachroad TW, ThW & FW), अनुबंध की अवधि** 3 वर्ष। ई-नीलामी की तिथि और समय सभी लॉट के लिए ई-नीलामी दिनांक **11.08.2026** को 11:00 बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मॉडयूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है।

**SPAN/4/1/175**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## तीन भैंसें चोरी कर डेढ़ लाख की फिरौती मांगी

**शुजालपुर।** सिटी थाना क्षेत्र के गांव मंडावर निवासी एक किसान की तीन भैंसें चोरी होने के मामले में नया मोड़ सामने आया है। किसान का आरोप है कि चोरी के कुछ दिन बाद उसे अपनी एक भैंस एक पिकअप वाहन में मिली।

भैंस वापस देने के एवज में आरोपियों ने डेढ़ लाख रुपए की मांग की और पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। भय के चलते किसान ने तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई, लेकिन लगातार मिल रही धमकियों के बाद अब थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार ग्राम मंडावर निवासी 45 वर्षीय शिवनारायण परमार ने रिपोर्ट में बताया कि 21 जून की रात परिवार के साथ सोने के बाद सुबह पशुशाला पहुंचे तो तीनों भैंसें गायब थीं। तलाश के दौरान खेतों से होते हुए पैरों के निशान रायपुर-धारियाखेड़ी की ओर मिले। बाद में मिली जानकारी के आधार पर वह परिजनों के साथ रंथभंवर क्षेत्र पहुंचे, जहां रेलवे फाटक के पास खड़ी एक पिकअप में उन्हें अपनी एक भैंस दिखाई दी। फरियादी का आरोप है कि पिकअप के पास मौजूद मेहरबान सिंह गुर्जर ने भैंस लौटाने के बदले डेढ़ लाख रुपए की मांग की।

विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। बाद में आरोपियों ने उसकी एक भैंस और फिर शेष दो भैंसें भी गांव पहुंचाकर छोड़ दीं, लेकिन पुलिस में शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। रिपोर्ट में यह भी आरोप लगाया गया है कि पिछले कुछ दिनों से आरोपी लगातार मोबाइल फोन पर रुपए मांगते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इससे परेशान होकर फरियादी ने थाने में शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## विवाह दो काया नहीं, दो कुलों का मिलन है- पं. श्याम मनावत

**शुजालपुर।** शहर के तनीषी गार्डन में आयोजित शिव महापुराण कथा के दौरान शनिवार को भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। भगवान शिव की भव्य बारात निकाली गई, जिसके बाद कथा पंडाल में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिव-पार्वती का विवाह संपन्न हुआ।

इस दौरान श्रद्धालुओं ने विवाह उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लिया। मानस मर्मज्ञ पंडित श्याम मनावत ने विवाह प्रसंग का आध्यात्मिक महत्व बताते हुए कहा कि विवाह दो व्यक्तियों का नहीं, दो वंशों का मिलन है। विवाह दो शरीरों का नहीं, दो आत्माओं का मिलन है। यह दो विचारों, दो मनों और अंतत: दो कुलों का पवित्र संगम है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव विश्वास के प्रतीक हैं और माता पार्वती श्रद्धा की स्वरूप हैं। श्रद्धा और विश्वास का मिलन ही शिव-पार्वती विवाह का वास्तविक संदेश है। जब भक्ति रूपी श्रद्धा, भगवान के प्रति अटूट विश्वास का वरण करती है, तभी जीवन में शिवत्व का उदय होता है। पंडित मनावत ने वैवाहिक संबंधों की विशिष्टता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में धर्म पिता, धर्म माता तथा धर्म भाई-बहन जैसे रिश्तों की मान्यता है, लेकिन पति-पत्नी का संबंध अद्वितीय और निर्विकल्प होता है। इस रिश्ते का कोई विकल्प नहीं हो सकता। उन्होंने अपने उद्बोधन का समापन इन पंक्तियों के साथ किया ईश्वर ने नहीं बनाया तेरा कोई विकल्प है,जिंदगी तेरे साथ समझौता नहीं, संकल्प है। कथा के दौरान शिव-पार्वती विवाह की झांकी, वैदिक रीति-रिवाज और मंगल गीतों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव और माता पार्वती के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी बहादुर पिता श्री लक्ष्मण जाति बलाई निवासी व कृषक ग्राम भूतिया तहसील घटिया जिला उज्जैन म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नबंर 212 रकबा 0.46 हैक्टर में से विक्रीत व विनिमय रकबा 0.43 हैक्टर भूमि, कुल किता 01 कुल रकबा 0.43 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम भूतिया प.ह.न. 00105 तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय एवं विनिमय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन से (05) पांच दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्षकार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सुचित हो । इति दिनांक - 25-07-2026

**राकेश शर्मा ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड ऑफिस क्रमांक 07**
**ग्राम घटिया जिला उज्जैन**
**मो. 8719997462, 9584898788**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती जमीला बी पति अजीज खान, निवासी: खरनावदा रोड़, ग्राम नरवर, तह. व जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक मकान स्थित ग्राम आबादी नरवर, तह. व जिला उज्जैन जो भूमि सर्वे क्र. 585 का भाग होकर ग्राम पंचायत नरवर में स्थिति है । जिसका कुल क्षेत्रफल 118.44 वर्ग मीटर तथा चर्तुसीमा पूर्व में रास्ता है, पष्चिम में रास्ता है, उत्तर में मकान रामप्रसाद नाई का है, दक्षिण में भूखण्ड अजीज पटेल का स्थित है। यह कि, उपरोक्तवर्णित सम्पत्ति श्रीमती जमीला बी पति अजीज खान ने इसके पूर्व स्वामी श्रीमती हसीना बी पति बाबू खां से बजरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 17.07.2017, दस्तावेज क्र. एमपी 432022017ए1403857 के द्वारा क्रय की है। वर्तमान में उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति आर.बी.एल. लिमिटेड में बंधकग्रस्त है। यह कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति का चेन विक्रय पत्र दिनांक 18.03.1992, दस्तावेज क्र. 529 वर्तमान सम्पत्ति मालीक के पास उपलब्ध नहीं है। श्रीमती जमीला बी पति अजीज खान के द्वारा मेरे पक्षकार बैंक ऑफ इण्डिया में उपरोक्तवर्णित सम्पत्ति को बंधकग्रस्त करने का प्रस्ताव कर टेक-ओवर ऋण प्राप्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अत: इस जाहिर सूचना के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि उक्त भवन/भूखण्ड में कोई स्वत्व या हिस्सा रखता हों, या आर.बी.एल. लिमिटेड के अतिरिक्त किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, साहुकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो अथवा किसी न्यायालय में विचाराधिन कोई प्रकरण हो तो ऐसे सम्बंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 3 (तीन) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सकें। अवधि व्यतित होने के पश्चात मेरे पक्षकार बैंक के द्वारा ऋण स्वीकृत किया जा सकता है तथा उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बैंक के हित में बंधकग्रस्त किया जा सकता है तथा उसके पश्चात किसी प्रकार की आपत्ती मान्य नहीं होगी। ना ही मेरे पक्षकार पर बंधककारक होगी।

इति - दिनांक 24.07.2026, उज्जैन

**विवेक पाठक अभिभाषक**
**42, घटकरपर मार्ग मालवा होजअरी के सामने,**
**फ्रीगंज, उज्जैन मो. 94248-92788**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन स्वामी मोहम्मद हिदायत खान पिता अब्दुल सत्तार उम्र 56 वर्ष निवासी 47 महाकाल मार्ग पथ क्र. 1 खंदार मोहल्ला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य का मकान म्यू. क्रमांक 4/5 अहिल्याबाई मार्ग गली क्रमांक 04 वार्ड क्रमांक 31 उज्जैन में स्थित है, जिसका साईज 12 फीट बाय 30 फीट, कुल क्षेत्रफल 33.36 वर्ग मीटर है, उक्त मकान दो मंजिला गार्डर फर्शी का निर्मित है, जिसके पूर्व दिशा में- मकान हकीम साहब का, पश्चिम दिशा में- मकान रफीक मौलाना का उत्तर दिशा में- मकान अब्दुल रहीम का, दक्षिण दिशा में- गली है, उक्त मकान को मेरे पक्षकार मोहम्मद रफीक पिता अब्दुल लतीफ निवासी 300 बेगमबाग कालोनी उज्जैन ने मय तल भूमि से लेकर निर्मित दो मंजिले मकान को हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा दिनांक 24-07-2026 को अनुबंध-पत्र के जर्ये तय करके सौदे की बयाना राशि भी भवन स्वामी को अदा दी तथा अब अनुबंधित मकान के शेष विक्रय मूल्य की राशि अदा करके उक्त मकान के विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीयन कराना बाकी है, यदि उक्त मकान पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, सोसायटी, निगम, निकाय, वित्तिय संस्था आदि का कोई भी बकाया ऋणभार, जमानत, विवाद, मेंटेनेंस, भार, कुर्की, हक, हिस्सा, स्वत्व, हित, अधिकार, न्यायालयीन स्थगन आदि हो अथवा उक्त मकान के विक्रय के सौदे में किसी भी व्यक्ति, बैंक, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदी को भी कोई वैधानिक आपत्ति हो या कोई पारिवारिक या न्यायालयीन विवाद / स्थगन / जमानत आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन होने से 7 दिन की अवधि में लिखित सप्रमाण आपत्ति मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें एवं भवन स्वामी को भी आपत्ति की सूचना देवें, अन्यथा इस जाहिर सूचना की अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक व मान्य नहीं होगी एवं उक्त अनुबंधित मकान के विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा उनके हित में या उनके निर्देशित व्यक्ति के हित में करा लिया जावेगा। सूचित हो।

दिनांक 26-07-2026

**अजय सोनी एडवोकेट**
**कार्यालय 7, महाकाल रोड़ गली नं. 10 उज्जैन**
**मो.9826929549**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्रीमती कोसल्या सोलंकी पति श्री दिलीप राज निवासी, 253 तिरुपति धाम कालोनी कनिपुरा रोड उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.) के मालिकी, स्वामित्व, स्वत्व, एवं आधिपत्य की कृषि भूमि, जो कि, भूमि सर्वे क्रमांक 753/6 रकबा 0.209 हेक्टेयर कुल किता 01 रकबा 0.209 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम माधोपुर वार्ड न. 40 तेह उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र. ) में स्थित हो कर उपरोक्त कृषि भूमि को विक्रय कर रही हु जिसका कुल क्षेत्रफल 22500 वर्गफीट है, भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर अनुबंध पत्र का निष्पादन कर बयाना राषि अदा कर दी है शेष राषि अनुबंध. नुसार अदाकर कृषि भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जाना है। उक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा ऋण भार, दान, विक्रय, बक्षीस, अनुबंध आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा उक्त अवधि पष्चात् मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेगें उसके पष्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी नही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगी। सूचित हो। इति दिनांक-24/07/2026 स्थान- उज्जैन

**दस्तावेज लेखन गोविंद सिंह देवड़ा**
**( श्री महादेव सर्विस प्रोवाईडर )**
**सी-1/1, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, उज्जैन**
**मो. 7987253722-8085428258**

## न्यूज-कॉलम

### पेट की खातिर करतब दिखाती नन्ही बालिका



**नीमच।** कला,हुनर जो भी कहें शहर में इन दिनों एक परिवार बाल बच्चों सहित छत्तीसगढ़ से नीमच में करतब दिखाने पहुंचा है द्य शहर के विभिन्न चौराहों पर कर्तव्य दिखाकर रोजी-रोटी झूठ रहे हैं। नीमच के अंबेडकर मार्ग पर शुक्रवार को जब अवंतिका कार्यालय के समीप प्रतिनिधि ने कर्तव्य दिखाते देखा तो उनके पिता से चर्चा की जिसमें उन्होंने पेड़ के खातिर छत्तीसगढ़ से यहां तक पहुंच कर सर्कस के करतब दिखाने की बात कही द्य वहीं नन्ही बालिका की शिक्षा और भी ध्यान देने की कह कर उन्हें उचित सहयोग भी किया गया द्य आमजन ने भी उन्हें सरा हना के साथ आर्थिक सहयोग भी किया गया।

### अवैध एमडी ड्रग्स मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर।** थाना शहर कोतवाली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एमडी ड्रग्स प्रकरण में बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए आरोपी जमील (32) पिता जाकीर शाह निवासी धारियाखेडी हा.मु. लालबाग रामपुरा जिला नीमच को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया है। आरोपी पूर्व में भी क्राइम ब्रांच इंदौर के एनडीपीएस मामले में आरोपी रह चुका है। उल्लेखनीय है कि 7 मई 2026 को पुलिस ने आरोपी इमरान उर्फ बंटी पठान को 500 ग्राम एमडी व 500 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। इस मामले में पूर्व में 8 आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### पूर्व सैनिक परिषद आज मनायेगा कारगिल विजय दिवस

**मंदसौर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला मंदसौर के तत्वावधान में रविवार, 26 जुलाई 2026 को कारगिल विजय दिवस का गरिमामय आयोजन किटियानी स्थित सैनिक कार्यालय के समीप बने कारगिल विजय पार्क में दोपहर 12.30 बजे से किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान कारगिल युद्ध में मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर बलिदानियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके साथ ही मंदसौर जिले के कारगिल युद्ध के वीरों, वीर नारियों तथा शहीद परिवारों को विशेष रूप से आमंत्रित कर उनका सार्वजनिक अभिनंदन एवं सम्मान किया जाएगा।

# श्री आर्यरक्षित जैन तीर्थ पर मुनि श्री प्रीतेशचन्द्रसागरजी की बड़ी दीक्षा संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



शनिवार को स्थानीय चन्द्रपुरा मेन रोड स्थित श्री आर्यरक्षित सुरि जैन तीर्थ धाम में पूज्य आचार्य श्री अशोक सागर सुरिश्वरजी म.सा. ठाणा 11 की पावन निश्रा में मुनिराज श्री प्रीतेशचन्द्रसागरजी म.सा. का बड़ी दीक्षा (महाव्रत ग्रहण) महोत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर आचार्यगणों द्वारा नवदीक्षित संत का नया नामकरण श्री पर्वचन्द्रसागरजी महाराज किया गया।

उल्लेखनीय है कि श्री प्रीतेशचन्द्रसागरजी म.सा. ने 11 जुलाई 2026 को श्री नागेश्वर तीर्थ (उन्हेल, राजस्थान) में जैन भागवती दीक्षा ग्रहण की थी।

शनिवार को आयोजित महोत्सव के दौरान मंदसौर में चातुर्मास हेतु पधारे आचार्य श्री सागरचंद्र सागरजी, आचार्य श्री सौम्यचन्द्र सागरजी, आचार्य श्री विवेकचन्द्र सागरजी, आचार्य श्री तीर्थचन्द्र सागरजी, प्रवर्तक श्री पदमयश सागरजी, प्रवर्तक श्री धैर्यचन्द्र सागरजी सहित अन्य पूज्य संतों की उपस्थिति में उन्हें जैन धर्म व दर्शन में अनिवार्य 5 महाव्रतों के प्रत्याख्यान श्रवण कराकर बड़ी दीक्षा प्रदान की गई।

दीक्षा विधि के दौरान आचार्य श्री सामन्तचन्द्र सागरजी म.सा. ने कहा कि एक जैन संत के लिए सदैव सत्य बोलना, चोरी न करना, निर्दोष गोचरी ग्रहण करना, आजीवन पूर्ण ब्रह्मचर्य का पालन करना तथा आवश्यकता से अधिक वस्तुओं एवं धन का संग्रह न करते हुए अपरिग्रह का आचरण करना अनिवार्य है।

इस पावन अवसर पर गुजरात से पधारे सुप्रसिद्ध संगीतकार त्रिलोक मोदी की भक्तिमयी प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। कार्यक्रम में श्री आर्यरक्षित सुरि जैन तीर्थ के अध्यक्ष शांतिलाल लोढ़ा, उपाध्यक्ष मुकेश खमेसरा, सचिव दिलीप डांगी, चातुर्मास समिति अध्यक्ष अनिल संघवी, सचिव संदीप धींग, जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ अध्यक्ष संजय जैन श्वेता, पूर्व अध्यक्ष कमल कोठारी, प्रेमेन्द्र चौरड़िया, विरेन्द्र भण्डारी, समाजसेवी सुरेन्द्र भण्डारी आदि की उपस्थिति रही।

# सांदीपनि विद्यालय भविष्य गढ़ने वाला अनूठा प्रकल्प है : मंत्री श्री काश्यप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

. जिले के प्रभारी मंत्री एवं जनजातीय कार्य विभाग, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य काश्यप ने ग्राम बिरमावल में लगभग 68 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित दो अत्याधुनिक सांदीपनि विद्यालयों का लोकार्पण किया। इनमें ग्राम बिरमावल में 34 करोड़ 65 लाख रुपये तथा रावटी में 33 करोड़ 48 लाख रुपये की लागत से निर्मित सांदीपनि विद्यालय शामिल हैं।

लोकार्पण के बाद प्रभारी मंत्री डॉ. शाह एवं मंत्री श्री काश्यप ने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उनकी प्रतिभा की सराहना की। इस अवसर पर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप स्कूटी एवं लैपटॉप भी प्रदान किए गए।

समारोह को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि सांदीपनि विद्यालय किसी मंदिर से कम नहीं हैं, जहां से बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नई जीवनधारा प्रारंभ होगी। उन्होंने कहा कि आज मां सरस्वती के मंदिर का लोकार्पण हुआ है और वर्तमान पीढ़ी के बच्चे सौभाग्यशाली हैं, जिन्हें आधुनिक सुविधाओं से युक्त विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार बच्चों को निःशुल्क गणवेश, साइकिल, पाठ्यपुस्तकें सहित अनेक सुविधाएं उपलब्ध करा रही है तथा शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए कहा कि "सोच बदलो, सितारे बदल जाएंगे।" प्रभारी मंत्री ने बिरमावल सांदीपनि विद्यालय तक पहुंचने वाले लगभग डेढ़ किलोमीटर मार्ग का डामरीकरण रोड बनाने की बात की। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि सांदीपनि विद्यालय भविष्य गढ़ने वाला अनूठा प्रकल्प है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और बलराम ने सांदीपनि आश्रम में शिक्षा ग्रहण कर ज्ञान और संस्कारों की मिसाल प्रस्तुत की थी। उसी भावना को आत्मसात करते हुए राज्य सरकार ने आधुनिक सुविधाओं, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और श्रेष्ठ शिक्षकों की व्यवस्था के साथ इन विद्यालयों का निर्माण किया है। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर अध्ययन करने तथा अपने गांव, जिले और प्रदेश का नाम रोशन करने का आह्वान किया।



# सांदीपनि विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पर नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

सांदीपनि महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंदसौर में गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मदनलाल राठौड़ ने अपने सम्बोधन में नशा मुक्ति के साथ-साथ व्यक्तित्व निर्माण और जीवन में उत्तम संस्कारों के समन्वय के महत्व पर बल दिया। विशेष अतिथि जिला विकास समिति के सदस्य अनिल कियावत ने छात्राओं को नशे से होने वाले गंभीर नुकसानों और दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय दूबेला एवं महिला मोर्चा प्रतिनिधि पुष्पा चौहान ने छात्राओं को संबोधित करते हुए स्वयं को तथा अपने परिवार को नशे से दूर रखने की सलाह दी और श्रेष्ठ व अनुशासित जीवन जीने का मार्गदर्शन प्रदान किया।

जिला नशा मुक्ति समिति के संचालक एवं कार्यक्रम के सूत्रधार करणसिंह परिहार ने आयोजन की प्रासंगिकता और उपयोगिता पर प्रकाश डाला। स्वागत भाषण प्रभारी प्राचार्य राजेश रत्नावत ने दिया, जबकि मंचीय व्यवस्थाएं सुरेश बोराना एवं कुंदन सांखला द्वारा सम्भाली गईं। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक महेश त्रिवेदी ने किया तथा आभार प्रदर्शन हामिद खान जैदी ने व्यक्त किया।

# छात्र-परिषद का गठन व शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलियामंडी

डेफोडिल्स स्मार्ट स्कूल, गुड़भेली, पिपलियामंडी में छात्र परिषद का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पिपलियामंडी चौकी प्रभारी एस.आई. श्री रितेश डामोर रहे। समारोह की शुरूआत नव-निर्वाचित छात्र परिषद के पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाकर की गई।

मुख्य अतिथि श्री रितेश डामोर ने सभी छात्र नेताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया और उन्हें अनुशासन, नेतृत्व एवं सेवा भाव के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशे से दूरी, है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत उपस्थित सभी विद्यार्थियों को नशा मुक्त जीवन की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती प्रिया शर्मा, चेयरमैन श्री रूपचंद होतवानी, डायरेक्टर श्री विनोद शर्मा, समस्त शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

कार्यक्रम के अंत में हेड बॉय तनिष्क बोहरा एवं हेड गर्ल मैत्री मेहता ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया, कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिका श्रीमती सोनिया कुमावत द्वारा किया गया, प्रिंसिपल श्रीमती प्रिया शर्मा ने छात्र परिषद को विद्यालय के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु शुभकामनाएं दीं।

## चेक अनादरण परिवादी को मिला जिला कोर्ट से न्याय

**आलोट।** चेक अनादरण मामले में परिवादी को जिला कोर्ट से न्याय मिला है जानकारी के अनुसार परिवादी जगदीश लोठिया द्वारा आरोपी तुलेश पिता ईश्वरलाल राठौर निवासी नागेश्वर रोड मेवाती मोहल्ला आलोट जिला रतलाम के विरुद्ध 2 लाख 75 हजार रुपया नगद लेने के बदले चेक दिया था जो अपर्याप्त निधि के कारण बाउंस हो गया था जिसका परिवाद न्यायालय न्यायिक दंडाधिकारी महोदय प्रथम श्रेणी आलोट के समक्ष पेश किया था जिसे निरस्त कर दिया था उक्त आदेश के विरुद्ध परिवादी द्वारा अपने अभिभाषक के माध्यम से जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के समक्ष पेश की थी उक्त अपील डॉ आरिफ खान पटेल साहब द्वारा 23 जुलाई को स्वीकार कर अधीनस्थ न्यायालय के आदेश को पलट दिया।



# एसपी कप फुटबॉल टूर्नामेंट से युवाओं को मिलेगा नशामुक्ति का संदेश

**नीमच।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित प्रदेशव्यापी "नशे से दूरी है जरूरी अभियान 2.0" के अंतर्गत युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करने तथा उन्हें खेल एवं सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से जिला पुलिस नीमच द्वारा "एसपी कप फुटबॉल टूनामेंट" का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 26 से 30 जुलाई तक दशहरा मैदान, नीमच में आयोजित की जाएगी।पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास के निर्देशन में आयोजित इस पहल का उद्देश्य खेलों के माध्यम से युवाओं में नशामुक्त जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना है। प्रतियोगिता में जिले की 17 फुटबॉल टीमें भाग लेंगी, जो खेल भावना के साथ-साथ नशामुक्ति का संदेश भी जन-जन तक पहुंचाएंगी।टूनामेंट की तैयारियों के संबंध में पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास ने पुलिस कंट्रोल रूम में विभिन्न फुटबॉल क्लबों के सचिवों की बैठक लेकर आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा की। बैठक में प्रतियोगिता के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा सभी टीमों से खेल भावना एवं अनुशासन के साथ सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया ।

## न्यूज कालम



### एमएसएमई को सशक्त बनाने हेतु राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली जागरूकता कार्यशाला

**मंदसौर।** लघु उद्योग भारती मंदसौर इकाई द्वारा पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण के सहयोग से राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया, जिसमें 40 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ लघु उद्योग भारती मंदसौर के अध्यक्ष डॉ. सौरभ तोमर के स्वागत भाषण से हुआ, उन्होंने कहा कि एमएसएमई देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, उन्होंने कर्मचारियों की दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा को उद्योगों का सामाजिक दायित्व बताया। एमएसएमई विभाग मध्यप्रदेश शासन की सहायक निदेशक श्रीमती प्रगति सिंह ने उद्यमियों से कर्मचारियों के सुरक्षित भविष्य हेतु एनपीएस अपनाने का आग्रह किया। पीएफआरडीए के सहायक प्रबंधक अजिंक्य देशपांडे, यूटीआई पेंशन फंड के अमोल कलमकर, इंडियन बैंक के उप क्षेत्रीय प्रबंधक मुकेश कुमार गुप्ता, यूनियन बैंक की वरिष्ठ प्रबंधक पूजा सोलंकी तथा इंडियन बैंक के प्रबंधक अभिजीत मिश्रा ने तकनीकी सत्र में एनपीएस पंजीयन प्रक्रिया, निवेश विकल्पों एवं पेंशन लाभों पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। अंत में सचिव हर्षित सोंगरा ने आभार व्यक्त किया।

### आईएएस अधिकारी दिव्यांक सिंह होंगे मंदसौर जिले के नए कलेक्टर



**मंदसौर।** आईएएस अधिकारी अदिति गर्ग के स्थान पर वर्ष 2017 बैच के आईएएस अधिकारी दिव्यांक सिंह को मंदसौर जिले का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा नए मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल के पदभार ग्रहण करने के बाद प्रशासनिक स्तर पर बड़ा बदलाव करते हुए 20 आईएएस अधिकारियों की तबादला सूची जारी की गई है। इस प्रशासनिक फेरबदल के अंतर्गत मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग का तबादला कर उन्हें भोपाल में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग में अतिरिक्त प्रभार सौंपते हुए संचालक पद पर नियुक्त किया गया है। दिव्यांक सिंह वर्तमान में भोपाल में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग में अपर आयुक्त के पद पर पदस्थ थे। उल्लेखनीय है कि अदिति गर्ग ने 29 जुलाई 2024 को मंदसौर कलेक्टर का पदभार संभाला था।

### कृति की जिला स्तरीय कवि गोष्ठी आज

**नीमच।** शहर की ख्यात नाम कृति संस्था द्वारा 26 जुलाई को अपरान्ह 4 बजे से परशुराम मन्दिर सभागृह एल आय सी रोड पर जिला स्तरीय कवि गोष्ठी का आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए संस्था अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि इस पावस गोष्ठी मे नीमच ,मनासा व आस पास के नवोदित और वरिष्ठ कवियों द्वारा अपनी रचनाओं का पाठ किया जायेगा। गोष्ठी की सूत्रधार श्रीमती सविता चौधरी होंगी। कार्यक्रम के सहसंयोजक कमलेश जायसवाल ने कहा कि नीमच जिले में पहली बार आयोजित जिला स्तरीय कवि गोष्ठी की अध्यक्षता साहित्य अनुरागी पारस जी जैन (कोलकाता वाले)अध्यक्ष आरोग्य भारती, नीमच करेंगे। सचिव रघुननंदन पाराशर ने बताया कि इस अवसर पर संस्था की सदस्य विवरणिका का लोकार्पण भी किया जाएगा।

### कुं. शक्तावत शोकसभा में उपस्थित हुए



**पिपलिया मंडी।** नीमच जिले में नीमच विधानसभा क्षेत्र के गांव उगरान में कांग्रेस पार्टी के साथीयों के साथ ठाकुर साहब प्रताप सिंह ठाकुर साहब गोपाल सिंह के बड़े भाई साहब एवं भंवर सिंह के पूज्य पिताजी ठाकुर साहब भेरु सिंह सिसोदिया के आकस्मिक स्वर्गवासी हो जाने पर 24 जुलाई को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने उनके निज निवास पर उपस्थित होकर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर शोक संवेदना व्यक्त की।

### हेयर एंड ब्यूटी ओलपिंक में तीसरा स्थान हासिल पर हुआ भव्य स्वागत



**पिपलिया मंडी।** राष्ट्रीय प्रायोजित में तीसरा स्थान पाया नितेश सोलंकी ने पिपलिया मंडी छोटे से गांव का बालक नितेश सोलंकी गुड़भेली बड़ी इंदौर में फीनिक्स सीटाडेल मॉल आयोजित हेयर एंड ब्यूटी ओलपिंक में अपनी कला में तीसरा स्थान हासिल किया अन्य साथियों ने भी अपना कला का प्रदर्शन किया नगर में स्टेशन बालाजी से भव्य जुलूस फूल माला पहनकर नगर में दुकानदार संघ अध्यक्ष गिरीश सेन समाज समाज जनों ने नगर में भव्य स्वागत किया।

### 173 ग्राम एमडी ड्रग्स और बड़ी मात्रा में निर्माण केमिकल जप्त

**मंदसौर।** जिले के गरोठ थाना पुलिस ने 2 आरोपियों से 173 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स (कीमत 1.73 लाख रु.) तथा एमडी ड्रग्स निर्माण में प्रयुक्त होने वाला २४.५७० किलोग्राम केमिकल जप्त किया है।पुलिस ने प्राप्त मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पावटी गांव स्थित रणजीत सिंह के खेत के बाड़े से आरोपी रणजीत सिंह निवासी पावटी तथा ईश्वर सिंह निवासी ढाकनी को गिरफ्तार किया। मौके से हाइड्रोक्लोरिक एसिड (12.750 किग्रा), एमएमए केमिकल (6.460 किग्रा) तथा एमडीसी केमिकल (5.360 किग्रा) सहित परिवहन में उपयोग की जा रही वेन्यू कार, स्विफ्ट कार तथा 4 एंड्रॉइड मोबाइल जप्त किए गए। मामले में 4 अन्य आरोपी दीपक गुर्जर, विक्रम उर्फ गुड्डू सिंह, राजेंद्र सिंह एवं राजू लाला फरार हैं।

# ब्लॉक कांग्रेस द्वारा केंद्र सरकार का पुतला दहन कर दिया राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण द्वारा ग्राम धनेरिया कला में रैली साथ और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर केंद्री शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की माँग की और दिल्ली में कांग्रेस के नैताओ व छात्रो द्वारा शांति पूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करने पर उनके साथ अलोकतांत्रिक व्यवहार के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण के नेतृत्व में केंद्र सरकार का पुतला दहन किया एवं राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन पटवारी को दिया गया । ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बलवंत पाटीदार ने ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति महोदया से माँग की .केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान का तत्काल इस्तीफा दे।

परीक्षा में हुई अनियमितताओं और उन व्यवस्थागत विफलताओं पर संसद में तत्काल चर्चा हो जिन्होंने लाखों छात्रों के भविष्य को खतरे में डाल दिया है।

नई दिल्ली में छात्रों के विरोध प्रदर्शनों के दौरान शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज सभी और आपराधिक मामलों को तुरंत वापस लिया जाए। रैली, विरोध प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बलवंत पाटीदार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री मति मधु बंसल, ब्लॉक प्रभारी हिदायत उल्लाह खान, मंडलम अध्यक्ष बाबूलाल अहीर, देवेंद्र पटेल , दशरथ अहीर ,विष्णु पाटीदार, रघुनंदन पाटीदार, दिलीप जोशी, पूरण पाटीदार , वीपी सिंह, कन्हैया लाल विश्वकर्मा, पंचायत अध्यक्ष बंटी अहीर , कन्हैया लाल विश्वकर्मा, सत्यनारायण भील , मदन लाल जाटव, राजेश धाकड़, नंदकिशोर धाकड़ ,बलवंत सिंह भाटी, हीरालाल मारू ,बालमुकंद शर्मा,घनश्याम अजमेरा, राहुल विश्वकर्मा ,मदनलाल नायक, फुल चंद्र अहीर, रतनलाल तंवर, मोहम्मद सलीम मंसूरी, राजू नायक, राजेश अहीर, मुकेश राव, रामचंद्र तूगनावत, मोहनलाल धनगर ,पवन पाटीदार,अशोक शर्मा,रमेश मारू, अजय अहीर,राजू नायक, प्रवीण राठौर, इमरान,मुकेश अहीर , महिला शक्ति अनुसुइया बाई, लीला बाई, शेरबानो, ऊषा देवी, सोहन बाई शारदा बाई आदि कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे । ज्ञापन का वाचन पूर्व सरपंच विष्णु पाटीदार ने किया ।

## महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम

**पिपलिया मंडी।** पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, पिपलिया मंडी में इको क्लब के तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता उत्पन्न करना एवं हरित परिसर के निर्माण को बढ़ावा देना था।


पश्चिम रेलवे द्वारा विभिन्न विशेष ट्रेनों की फेरों में विस्तार

| गाड़ी सं. | से | तक | चलने का दिन | विस्तारित तिथि तक |
|---|---|---|---|---|
| 09189 | मुंबई सेंट्रल | कटिहार | शनिवार | 29.08.2026 |
| 09190 | कटिहार | मुंबई सेंट्रल | मंगलवार | 01.09.2026 |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | बनारस | बुधवार | 30.09.2026 |
| 09184 | बनारस | मुंबई सेंट्रल | शुक्रवार | 02.10.2026 |
| 09065 | सूरत | छपरा | मंगलवार | 29.09.2026 |
| 09066 | छमपरा | सूरत | मंगलवार | 30.09.2026 |
| 09151 | उधना | मधुबनी | बुधवार, शुक्रवार | 11.09.2026 |
| 09152 | मधुबनी | उधना | बुधवार, शुक्रवार | 11.09.2026 |
| 09031 | उधना | हसनपुर रोड | रविवार | 13.09.2026 |
| 09032 | हसनपुर रोड | उधना | रविवार | 15.09.2026 |
| 09111 | वडोदरा | गोरखपुर | सोमवार | 28.09.2026 |
| 09112 | गोरखपुर | वडोदरा | मंगलवार | 30.09.2026 |
| 09195 | वडोदरा | मऊ | सोमवार | 26.09.2026 |
| 09196 | मऊ | वडोदरा | सनवार | 27.09.2026 |
| 09343 | डॉ. अम्बेडकर नगर | पटना | शनिवार | 01.10.2026 |
| 09344 | पटना | डॉ. अम्बेडकर नगर | बुधवार | 02.10.2026 |
| 09119 | प्रतापनगर | लालकुआँ | सनवार | 27.09.2026 |
| 09120 | लालकुआँ | प्रतापनगर | शुक्रवार | 28.09.2026 |
| 09465 | अहमदाबाद | दरभंगा | गक्रवार | 11.09.2026 |
| 09466 | दरभंगा | अहमदाबाद | सोमवार | 14.09.2026 |

ठहरावों, हाल्टों के समय और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं।

गाड़ी संख्या 09189, 09183, 09065, 09151, 09031, 09111, 09195, 09343, 09119 और 09465 के विस्तारित फेरों के लिए बुकिंग दिनांक 26.07.2026 को सभी पीआरएस (PRS) काउंटरों और आईआरसीटीसी (IRCTC) वेबसाइट पर खुलेगी। उपरोक्त ट्रेनें विशेष किराये पर विशेष ट्रेनों के रूप में चलेंगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें और फॉलो करें
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ रखें

## सोमानी भाजपा नगर मंडल महामंत्री नियुक्त



**तराना।** भाजपा उज्जैन ग्रामीण जिला संगठन ने नगर मंडल तराना की नई कार्यकारिणी घोषित की। इसमें दीपक सोमानीको नगर मंडल तराना का महामंत्री नियुक्त किया गया।जिला ग्रामीण अध्यक्ष की सहमति से नगर मंडल अध्यक्ष आकाश बोड़ाना ने यह जिम्मेदारी सौंपी। पार्टी ने संगठन को मजबूत करने और नीतियों को बूथ स्तर तक पहुंचाने के लिए युवाओं को मौका दिया है।नियुक्ति पर सोमानी ने कहा कि वे निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे।

## डॉ. बागी नए खंड चिकित्सा अधिकारी

**सुसनेर।** स्वास्थ्य विभाग में प्रशासनिक कार्यसुविधा की दृष्टि से एक बड़ा फेरबदल किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आगर-मालवा के द्वारा जारी एक नए आदेश के तहत डॉ. अखिलेश कुमार बागी को सिविल हॉस्पिटल सुसनेर का नया खंड चिकित्सा अधिकारी नियुक्त किया गया है। डाक्टर बागी अब डाक्टर बृजभूषण पाटीदार की जगह लेंगे। बता दें कि 18 जून को सीबीएमओ डॉक्टर राजीव कुमार बरसेना का स्थानांतरण उज्जैन होने के बाद डॉक्टर बृजभूषण पाटीदार को अस्पताल संचालन के भौतिक अधिकार दिए गए थे। वित्तीय अधिकार नहीं दी जाने से पिछले दो माह से कर्मचारियों का वेतन नहीं मिलने के साथ ही हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का भुगतान भी नहीं हो रहा था।

## नगर मण्डल की कार्यसमिति घोषित

**तराना।** तराना नगर मण्डल अध्यक्ष आकाश बोड़ाना ने नगर मण्डल की मण्डल कार्यसमिति घोषित की। जिसमें 6 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 6 मंत्री, 1 कोषाध्यक्ष, 1 सह-कोषाध्यक्ष, 1 कार्यालय मंत्री, 1 सह कार्यालय मंत्री, 1 मीडिया प्रभारी, 1 सह मीडिया प्रभारी, 1 आईटी सेल प्रभारी, 1 आईटी सेल सहप्रभारी, 1 सोशल मीडिया प्रभारी, 1 सोषल मीडिया सहप्रभारी नियुक्त किये गये है। जिसमें मण्डल उपाध्यक्ष रश्मि जोशी, सत्यनारायण पाटीदार, सुशील रिंकु डोडिया, कृष्णा शेरू परमार, संदीप जाधव, अखिलेश पोरवाल, मण्डल महामंत्री नरेन्द्र सोलंकी दीपक सोमानी मण्डल मंत्री, शीला अजय वर्मा, पवन सोलंकी, लोकेश ठाकुर, रूपेश पिंटू जोशी, करण पाटीदार, आकाश गवली, कोषाध्यक्ष सुरभि गर्ग , सह कोषाध्यक्ष प्रवेश जोशी, कार्यालय मंत्री महेन्द्र पंजाबी, सह कार्यालय मंत्री रूपम गुर्जर, मीडिया प्रभारी सचिन बोड़ाना , सह मीडिया प्रभारी सुनिल यादव , सोशल मीडिया प्रभारी अंकित चोहान , आईटी सेल प्रभारी गणेश परिहार, आईटी सेल सहप्रभारी ज्योति खरे सहित कार्यसमिति सदस्य को नियुक्त किया है। जानकारी जिला मीडिया प्रभारी गजेन्द्र परमार ने दी।

## फसल बीमा दावों की विसंगतियों को दूर करने की मांग

**सारंगपुर।** जिले के किसानों की फसल बीमा क्लेम राशि को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कृषि विभाग के उप संचालक पान सिंह करोलिया, सहायक संचालक वासिम खान एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी) के मैनेजर गोविंद पाटीदार उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में बांटी गई बीमा क्लेम राशि पर विस्तृत चर्चा करना था। अधिकारियों और किसान प्रतिनिधियों ने इस बात पर गहन विचार-विमर्श किया कि जिन क्षेत्रों में बीमा राशि जमा हो चुकी है, वहां का विवरण स्पष्ट किया जाए और जिन किसानों को बीमा राशि अब तक नहीं मिल सकी है, उन्हें इसके कारणों की पारदर्शी जानकारी उपलब्ध कराई जाए। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि बीमा क्लेम राशि से जुडी सभी जानकारियां जल्द से जल्द किसानों तक पहुंचाई जाएंगी, ताकि भ्रम की स्थिति दूर हो सके। इस अवसर पर उन्नातशील किसान सतीश बैस, कमल सिंह दरबार तथा छतर सिंह राजपूत सहित अन्य किसान प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# महिदपुर में मंगल वरदाय चातुर्मास का भव्य मंगल प्रवेश, श्रद्धा और भक्ति से सराबोर हुआ नगर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर





प्रातः स्मरणीय, कलिकाल कल्पतरु, अभिदान राजेंद्रकोष रचयिता, विश्वपूज्य दादागुरुदेव आचार्य देवेश श्रीमद् विजय राजेंद्रसुरीश्वरजी महाराजा साहब एवं पुण्य सम्राट गुरुदेव आचार्य देवेश श्रीमद् विजय जयंतसेनसूरीश्वरजी म.सा. की दिव्य कृपा से एवं हृदय सम्राट वर्तमान गच्छाधिपति आचार्य आचार्य देवेश श्रीमद् विजय नित्यसेनसुरीश्वरजी म.सा. की आज्ञा से महिदपुर नगर में श्री राजेंद्रसूरीश्वरजी महराजा जन्म द्विशताब्दी समर्पित मंगल वरदाय चातुर्मास होने जा रहा है। जिसका का भव्य मंगल प्रवेश गुरुवार को शोभायात्रा, धर्मसभा एवं विविध धार्मिक आयोजनों के साथ श्रद्धापूर्वक सम्पन्न हुआ।

मातृ हृदया साध्वी श्री स्नेहलता श्रीजी म.सा. की सुशिष्या साध्वी श्री तत्वलता श्रीजी म.सा., साध्वी श्री कुसुमलता श्रीजी म.सा., साध्वी श्री जिनांगयशा श्रीजी म.सा. एवं साध्वी श्री करुणायशा श्रीजी म.सा. आदि ठाणा का महिदपुर नगर में मंगल प्रवेश हुआ। इस अवसर पर नगर सहित देश के विभिन्न स्थानों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति से पूरा वातावरण धर्ममय हो उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री लाल मंदिर में आयोजित नवकारसी से हुआ। इसके पश्चात श्री लाल मंदिर से भव्य मंगल प्रवेश शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई त्रिस्तुतिक जैन पौषधशाला पहुंची। शोभायात्रा में सुसज्जित घोड़े, धर्मध्वज, बैंड, ढोल एवं आकर्षक रथ विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। एक रथ में विश्वपूज्य दादागुरुदेव श्रीमद् विजय राजेन्द्रसूरीश्वरजी महाराजा तथा दूसरे रथ में पुण्य सम्राट गुरुदेव श्री जयंतसेनसूरीश्वरजी महाराजा की प्रतिमाएं विराजित थीं, पूज्य गुरुदेव की मूर्ति के समक्ष शोभा यात्रा में धर्मावलियों ने बड़ी संख्य में गवली कर श्रद्धा अभिव्यक्त की शोभायात्रा में साध्वी भगवंत, की अगवानी में नगर के समस्त श्री संघ सदस्य,महिला मंडल, बहु मंडल, बालिका मंडल, श्रावक-श्राविकाएं, बच्चे, जैन सोशल ग्रुप ,जैन समाज के अन्य विविध संगठन सदस्य सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी शामिल हुए। शोभायात्रा की संपूर्ण व्यवस्था आदर्श महावीर नवयुवक मंडल द्वारा की गई।

त्रिस्तुतिक जैन पौषधशाला में आयोजित धर्मसभा का संचालन श्री संघ के उपाध्यक्ष आकाश मेहता ने किया। कोषाध्यक्ष वीरेंद्र मेहता ने गुरु वंदन किया ।

अपने मंगल प्रवचन में साध्वी श्री तत्वलता श्रीजी मसा ने कहा कि चातुर्मास केवल चार माह का काल नहीं, बल्कि आत्मकल्याण का श्रेष्ठ अवसर है। उन्होंने बताया कि इन चार महीनों में धर्म, आराधना, संयम, स्वाध्याय एवं तप के माध्यम से आत्मा की शुद्धि और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। साध्वीश्री ने 'मंगल वरदाय चातुर्मास' नाम का आध्यात्मिक महत्व समझाते हुए कहा कि यह चातुर्मास सभी के जीवन में मंगल, सद्भाव एवं धर्मभावना का विकास करने वाला है। उन्होंने श्रद्धालुओं से चातुर्मास के प्रत्येक दिन को धमाराधना, त्याग एवं सदाचार से सार्थक बनाने का आह्वान किया।

### जनप्रतिनिधि व गणमान्यजन रहे उपस्थित

प्रवेश कार्यक्रम की अगवानी में क्षेत्र विधायक दिनेश जैन 'बॉस', पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान उपस्थित रहे एवं श्री संघ सदस्यों के साथ प्रवेश मार्ग पर धार्मिक धुनों पर भक्ति नृत्य में झूमे। अखिल भारतीय श्री राजेन्द्र नवयुवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश छाजेड़ पारा वाले, अ भा श्री राजेंद्र नवयुवक परिषद के मीडिया प्रभारी ब्रजेश बोहरा नागदा, मध्यप्रदेश राजेंद्र महिला परिषद अध्यक्ष संगीता पोरवाल भी सोमैया में विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही नागदा, कुशलगढ़, महिदपुर रोड, उज्जैन, सारंगी, करवड़, पारा, जावरा, रतलाम, राजगढ़, टांडा, धामंदा, मेघनगर, खाचरौद, पुणे, बड़नगर, धार, कसरावद, बबलई एवं सरवा श्री संघ सहित अनेक श्री संघों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

धर्मदास गणनायक प्रवर्तक श्री जिनेन्द्रमुनिजी के मुखारविंद से

## खाचरौद के मुमुक्षु राजेंद्रजी बुपक्या ने ताल में जैन भगवती दीक्षा अंगीकर की

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खाचरोद



दीक्षा विधि प्रारंभ कर दीक्षार्थी को पांच मांगलिक संत मंडल एवं पांचवीं मांगलिक प्रवर्तकश्री जिनेंद्रमुनिजी ने श्रवण करवाई। पश्चात प्रवर्तक श्रीजी ने मुमुक्षु राजेंद्र भाई को दीक्षा प्रदान कर पूज्य अतिशयमुनिजी म.सा का शिष्य घोषित किया। मुमुक्षु को रजोहरण प्रदान करते हुए पूज्य प्रवर्तक श्री जिनेन्द्रमुनिजी ने फरमाया कि यह कर्म रज को दूर करने वाला धर्म ध्वज है। इससे यतना करना। पात्र संयम निर्वाह का साधन है। संयम का दृढ़ता से पालन करना और आप भी गुणों के पात्र बनना। प्रवर्तकश्री जिनेंद्रमुनिजी ने नवदीक्षित का नामकरण कर पूज्य श्री नंदराजमुनिजी म.सा. नाम दिया। दीक्षा को लेकर खाचरोद संघ का उत्साह चरम पर रहा। लगभग 200 से अधिक समाज जन इस अवसर पर इस प्रसंग के साक्षी बने ` इस दीक्षा प्रसंग पर धर्मदास गणनायक प्रवर्तकश्री जिनेन्द्रमुनिजी, अभयमुनिजी, अतिशयमुनिजी, ठाणा-8 का पावन सानिध्य मिला। दीक्षा महोत्सव का प्रारंभ नवकार महामंत्र से हुआ।उल्लेखनीय की है इस दीक्षा के साथ धर्मदास गणनायक प्रवर्तक श्री जिनेन्द्रमुनिजी म.सा के मुखारविंद से धर्मदास गण में यह 50 वीं दीक्षा संपन्न हुई ।

हर घर पेंशन पहुंचाने के उद्देश्य से

## प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का लाभ लेने की अपील

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। योजना के तहत 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर हितग्राही को प्रतिमाह 3 हजार रुपये की आजीवन पेंशन प्रदान की जाती है। हितग्राही की मृत्यु होने पर उसके पति या पत्नी को 1500 रुपये प्रतिमाह पारिवारिक पेंशन का लाभ भी मिलता है।

नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना का लाभ 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे श्रमिकों को मिलेगा, जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये से अधिक नहीं है। साथ ही आवेदक आयकरदाता नहीं होना चाहिए तथा वह ईपीएफ, ईएसआईसी अथवा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) का सदस्य नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि योजना में आयु के अनुसार 55 रुपये से 200 रुपये तक मासिक अंशदान जमा करना होता है। हितग्राही द्वारा जमा की गई राशि के बराबर अंशदान केंद्र सरकार भी जमा करती है, जिससे श्रमिकों को वृद्धावस्था में नियमित पेंशन का लाभ मिल सके।

## बारिश से सोयाबीन को मिली संजीवनी

**सारंगपुर।** सारंगपुर क्षेत्र में करीब दो सप्ताह के लंबे इंतजार के बाद हुई बारिश ने किसानों को बडी राहत दी है। बारिश से खरीफ फसलों, खासकर सोयाबीन में फिर से जान आ गई है। लंबे समय से बारिश नहीं होने के कारण फसल मुरझाने लगी थी, लेकिन अब खेतों में नमी लौटने से किसानों की उम्मीदें बढ गई हैं। किसान मुकेश गोस्वामी ने बताया कि लगातार बारिश नहीं होने से सोयाबीन की फसल सूखने लगी थी। नमी बचाने के लिए किसान खेतों में डोरे चलाकर फसल को बचाने का प्रयास कर रहे थे। अब बारिश के बाद फसल की स्थिति में सुधार दिखाई दे रहा है। कृषि विभाग के एसएडीओ राजेश राजपूत ने बताया कि बुवाई के 35 से 45 दिन बाद सोयाबीन में फूल आने की प्रक्रिया शुरू होती है।



## पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग की दशा सुधारने सेवा दल ने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर।

सारंगपुर नगर के मध्य से गुजरने वाले पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने गहरे गड्ढों, कीचड और अव्यवस्थित शोल्डर की समस्या को लेकर जिला कांग्रेस सेवा दल के द्वारा जिला महासचिव कैलाश ठाकुर के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग के एसडीओ को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि सडक के दोनों ओर तत्काल मुरम व चूरी डालकर समतल व सुरक्षित पैदल मार्ग का निर्माण कराया जाए।

### बारिश में राहगीरों और स्कूली बच्चों की आफत

ज्ञापन के माध्यम से ध्यान आकर्षित कराया गया कि पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर लंबे समय से सडक किनारे गहरे गड्ढे और कीचड व्याप्त है। बारिश के मौसम में स्थिति अत्यधिक गंभीर हो गई है।

साढ़े चार लाख पेंशनरों के साथ करें न्याय

## जनवरी से बकाया डीए एरियर सहित भुगतान करने के दे आदेश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खाचरोद

मध्य प्रदेश के 4:50 लाख पेंशनर जनवरी 2026 से ही महंगाई भत्ता की आश लगाए बैठे हैं सात माह व्यतीत हो जाने के बाद भी मध्य प्रदेश सरकार डी ए देने का नाम नहीं ले रही है जो पेंशनरों के साथ घोर अन्याय है । मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष स्वरूप नारायण चतुर्वेदी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अवगत कराया की पेंशनरों का बुढ़ापे में एकमात्र सहारा पेंशन और इस पर मिलने वाला डी ए है।

चतुर्वेदी ने कहा कि केंद्र सरकार अपने पेंशनरों को समय-समय पर (जनवरी एवं जुलाई वर्ष में दो बार) डी ए दे रही है लेकिन मध्य प्रदेश सरकार जनवरी का डी ए आज तक नहीं दे पाई है इसके चलते प्रदेश के पेंशनरों को इस महंगाई के युग में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पहले तो छत्तीसगढ़ सरकार की सहमति लेना पड़ती थी अब तो यह समस्या सदैव के लिए समाप्त हो गई है फिर डी ए देने में विलंब क्यों हो रहा है। सरकार को तत्काल महंगाई भत्ता डी ए देने के आदेश जारी कर न्यायोचित कार्यवाही करनी चाहिए ।



## श्री शारदा इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन में हुआ होनहार छात्रों का भव्य स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर

श्री शारदा हायर सेकेंडरी स्कूल बड़नगर में आज ऐसे छात्र-छात्राओं एवं उनके माता-पिता का भव्य स्वागत किया गया जिन्होंने नीट, यूजी, जेईई एडवांस में परचम लहराते हुए आईआईटी कॉलेज एवं एमबीबीएस कॉलेज के लिए अपनी सीट पक्की कर परिवार विद्यालय एवं नगर का नाम रोशन किया। विद्यालय के होनहार छात्र आदित्य पिता प्रदीप श्रीवास्तव ने नीट परीक्षा 2026 में सामान्य कैटेगरी में 534 अंक प्राप्त किया विद्यालय की होनहार बिटिया कशिश पिता राकेश तिवारी ने आईआईटी कॉलेज जोधपुर में कंप्यूटर साइंस में प्रवेश प्राप्त कर नगर का नाम रोशन किया। विद्यालय में सर्वप्रथम इन होनहार बच्चों एवं उनके माता-पिता के द्वारा झंडा वंदन करवाया गया। इसके पश्चात संस्था प्राचार्य बृजेश श्रीवास्तव द्वारा पुष्प मालाओं एवं शब्दों के माध्यम से उनका अभिनंदन किया गया सफल छात्र आदित्य श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में बच्चों को यह प्रेरणा दी कि कठिन परिश्रम का कोई विकल्प इस दुनिया में नहीं है और ना ही कोई चमत्कार जैसी चीज है बस अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए लगातार समर्पण के साथ मेहनत करना ही एकमात्र सफलता का सूत्र है तथा कशिश तिवारी मैं बच्चों से कहा की जीवन में अपना एक लक्ष्य निर्धारित करें।

सुठालिया सिंचाई परियोजना में विशेष पैकेज से पीछे हटना दुर्भाग्यपूर्ण

## मुआवजा विसंगति दूर कर प्रभावित किसानों को समान न्याय मिले- किसान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा

सुठालिया सिंचाई परियोजना से प्रभावित किसानों ने विधानसभा में जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट द्वारा दिए गए उत्तर पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए कहा है कि तत्कालीन पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा जून 2023 में परियोजना प्रभावित किसानों के लिए घोषित विशेष पैकेज से सरकार का पीछे हटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। किसानों का कहना है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा सार्वजनिक रूप से की गई घोषणा से प्रभावित परिवारों में न्याय मिलने की आशा जगी थी, लेकिन विधानसभा में दिए गए उत्तर से उनकी उम्मीदों को गहरा आघात पहुंचा है।

राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह द्वारा विधानसभा में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में जल संसाधन मंत्री ने विशेष पैकेज के संबंध में नकारात्मक जवाब दिया। वहीं मुआवजा विसंगति के प्रश्न पर मंत्री ने स्पष्ट किया कि 24 अप्रैल 2026 से पूर्व पारित अवार्डों पर दो गुना तथा उसके बाद पारित अवार्डों पर चार गुना मुआवजा दिया जाएगा।

डैम प्रभावित किसानों ने इस व्यवस्था पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि यह परियोजना अभी भी रनिंग परियोजना है। एक ही परियोजना, एक ही गांव, एक ही अधिसूचना और समान प्रकार की भूमि होने के बावजूद किसानों को अलग-अलग दरों से मुआवजा दिया जाना न्याय और समानता के सिद्धांतों के विपरीत है। किसानों का कहना है कि एक ही परियोजना में किसी को दो गुना और किसी को चार गुना मुआवजा देना गंभीर विसंगति है, जिसे सरकार को तत्काल दूर करना चाहिए। प्रभावित किसानों का कहना है कि जब राज्य सरकार ने चार गुना मुआवजा देने का निर्णय लिया, तब पहले से संचालित परियोजनाओं में उत्पन्न होने वाली मुआवजा विसंगति को समाप्त करने के लिए भी आवश्यक प्रावधान किया जाना चाहिए था।

### लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन की चेतावनी

किसानों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र ही इस विषय पर पुनर्विचार कर न्यायपूर्ण निर्णय नहीं लिया, तो प्रभावित किसान लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। आवश्यकता पड़ने पर किसान मुआवजा वापस करने सहित अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए व्यापक जनआंदोलन का रास्ता अपनाएंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।



## भावसार समाज सार्वजनिक न्यास उज्जैन के दिनेश भावसार अध्यक्ष मनोनीत

**इंगोरिया।** भावसार समाज सार्वजनिक न्यास ट्रस्ट उज्जैन ( धर्मशाला ) की आयोजित बैठक में सर्व सम्मति से दिनेश चंद्र भावसार ( इंगोरिया ) को ट्रस्ट का नव नियुक्त अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में पूर्व अध्यक्ष दिनेश झाला, ट्रस्ट के सभी न्यासी गण और वरिष्ठ समाज जनों की उपस्थिति में गुरुवार को सपना गार्डन में नव नियुक्त अध्यक्ष दिनेश भावसार का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर भावसार समाज के प्रांतीय अध्यक्ष विपिन भावसार, संरक्षक अनिल भावसार, सरपंच दशरथ सिंह चौहान, डॉक्टर राजेश रावल, गोविंद गुर्जर और बंशी सोनी ने दिनेश भावसार को बधाई देकर शुभ कामनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष विपिन भावसार ने कहा कि यह नियुक्ति समाज की एकता, सहयोग एवं सेवा की भावना को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्व पूर्ण कदम मानी जा रही है। वहीं पूर्व अध्यक्ष दिनेश झाला ने ट्रस्ट के सफल संचालन एवं समाज हित में निरंतर कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की।

## भारतीय मजदूर संघ का 72वां स्थापना दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया



**ब्यावरा।** स्थानीय अंजनी लाल मंदिर ब्यावरा मे भारतीय मजदूर संघ का 72वां स्थापना दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया जिसके मुख्य अतिथि अशोक शर्मा प्रांतीय संगठन मंत्री कृ.वि.अधिकारी संघ मध्यप्रदेश, विशेष अतिथि बापूलाल सुमन जिला संयोजक अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स संघ, राजेश सक्सेना जिला अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ मंच रहे कार्यक्रम की शुरूआत द्वीप प्रज्ज्वलित कर भगवान् विश्वकर्मा, भारत माता दत्तोपंत ठेंगडी के चित्रों पर माल्यार्पण कर की इसके उपरांत अतिथियों का स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा संगठन की रीति नीति ओर सफलता के बारे में बताया गया, कार्यक्रम में गोपाल शर्मा विभाग प्रमुख, जगन्नाथ लोधी तहसील अध्यक्ष, रंगलाल दांगी तहसील मंत्री ब्यावरा, श्रीमती अनिता महावर तहसील उपाध्यक्ष, महेशचंद्र जयपुरिया कोषाध्यक्ष, हरीबाबू निगम, सुश्री शिल्पा खराडी तहसील उपाध्यक्ष, श्रीमती कृष्णा मालवीय प्रदेश मंत्री आंगनवाड़ी संघ, श्रीमती सूर्यकिरण शर्मा जिला अध्यक्ष आंगनवाड़ी संघ , श्रीमती सरिता त्रिपाठी एवं भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ता एवं विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन तहसील अध्यक्ष जगन्नाथ लोधी द्वारा किया गया एवं आभार रंगलाल दांगी तहसील मंत्री द्वारा किया गया।

## भाजपा सरकार का लोकतंत्र विरोधी चेहरा एक बार फिर सामने आया



**राजगढ़-ब्यावरा।** नरसिंहगढ़ के शासकीय कार्यक्रम में राजगढ़ जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष पर्वत यादव को पुलिस प्रशासन द्वारा रोकना बेहद निंदनीय है। इससे भी अधिक दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि मंच पर एक जनप्रतिनिधि के साथ कथित हाथापाई की घटना सामने आई। राजगढ़ के पूर्व विधायक बापू सिंह तंवर ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति ने जनप्रतिनिधि के साथ हाथापाई की है, तो उसके विरुद्ध निष्पक्ष जांच कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। कानून सभी के लिए समान है और किसी भी दोषी को राजनीतिक संरक्षण नहीं मिलना चाहिए। भाजपा सरकार स्पष्ट करे कि सरकारी कार्यक्रमों में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का अपमान क्यों किया जा रहा है? लोकतंत्र में असहमति का उत्तर हिंसा या दुर्व्यवहार नहीं हो सकता। जनप्रतिनिधियों का सम्मान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हर सरकार की जिम्मेदारी है। दोषियों पर तत्काल और सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## जिनेंद्र पूजा से मिलती है सुख-शांति और समृद्धि



**सुसनेर।** मोड़ी में धर्म नगरी में आयोजित धार्मिक महोत्सव के चौथे दिन मंडल विधान के अंतर्गत सौधर्म इंद्र सहित सभी इंद्रों द्वारा संपूर्ण लोक के मंगल, सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना के साथ पूर्व-पश्चिम धातकी खंड के भूत, वर्तमान और भविष्यकाल के 144 तीर्थंकर भगवानों की सर्वतोभद्र महापूजा संपन्न हुई। पूजन श्रुत उपासक पंडित मुकेश शास्त्री के निर्देशन में विधि-विधान से कराया गया। इस अवसर पर पंडित मुकेश शास्त्री ने सर्वतोभद्र महापूजा का महत्व बताते हुए कहा कि जिनेंद्र भगवान की अष्टद्रव्य से की गई पूजा साधक को अभीष्ट फल प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि संसार में वस्तुएं मांगने पर मिलती हैं, लेकिन जिनेंद्र भगवान की सच्ची आराधना करने वाले श्रद्धालु को बिना मांगे ही इच्छित फल एवं आध्यात्मिक सुख की प्राप्ति होती है। यह पूजा सभी जीवों के इस लोक और परलोक के कल्याण में सहायक है। कार्यक्रम के दौरान मंडल विधान पर दीपक स्थापित करने का सौभाग्य श्रेष्ठी गोकुलचंद, राकेश कुमार, पवन कुमार एवं विजय कुमार परिवार, मोड़ी को प्राप्त हुआ। वहीं संध्या आरती का सौभाग्य श्रेष्ठी सुरेशचंद एवं मनीष कुमार, मोड़ी को मिला। आरती के पश्चात प्रमोद जैन एंड ग्रुप द्वारा भक्तामर भजन-भक्ति की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव पर भड़कीं मलाइका

## फोटो के लिए कुत्ते को बेरहमी से घसीटा गया एक्ट्रेस बोलीं– ये बेवकूफ आदमी है कौन, वाहियात





एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा हाल ही में भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव पर भड़क गई हैं। इतना ही नहीं एक्ट्रेस उन्हें पहचान भी नहीं सकीं और उनके अस्तित्व पर सवाल खड़े कर दिए। दरअसल, हाल ही में खेसारी लाल यादव एक इवेंट का हिस्सा बने थे। जैसे ही वो पोज देने के लिए कैमरामैन के सामने पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि जिस जगह बैकग्राउंड बैनर लगा है, ठीक उसी जगह एक आवारा कुत्ता बैठा है। खेसारी लाल यादव ने खुद तो कुत्ते को छुआ तक नहीं, लेकिन वहां मौजूद टीम ने उस कुत्ते को बेरहमी से घसीटते हुए वहां से अलग कर दिया।

मलाइका का कमेंट सामने आने के बाद कई लोग खेसारी लाल यादव की पैरवी करते हुए उनकी पहचान बता रहे हैं। वहीं कुछ ट्रोलर्स ऐसे भी हैं, जो मलाइका को ही ट्रोल कर रहे हैं।

### कौन हैं खेसारी लाल यादव?

खेसारी लाल यादव भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार हैं। उनकी पहली भोजपुरी फिल्म 'साजन चले ससुराल' (2011) सुपरहिट रही, जिसने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। खेसारी ने 100 से अधिक भोजपुरी फिल्मों में अभिनय किया है और कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही हैं। वे एक सफल अभिनेता होने के साथ-साथ लोकप्रिय गायक भी हैं। उनके कई गाने करोड़ों बार देखे और सुने जा चुके हैं। उन्होंने टीवी के लोकप्रिय रियलिटी शो बिग बॉस 13 में हिस्सा लेकर राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बनाई। जिसे सलमान होस्ट करते हैं। खेसारी लाल यादव को भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में उनके अभिनय और गायन के लिए कई पुरस्कार और सम्मान मिल चुके हैं। आज वे भोजपुरी मनोरंजन जगत के सबसे ज्यादा फीस लेने वाले और सबसे प्रभावशाली कलाकारों में गिने जाते हैं सोशल मीडिया पर उनकी बड़ी फैन फॉलोइंग है।

### नैनो न्यूज

- **शेयर बाजार की नजर ग्लोबल संकेतों पर-**भारतीय बाजार में निवेशक अब वैश्विक बाजारों, विदेशी निवेश और कंपनियों के तिमाही नतीजों पर नजर बनाए हुए हैं। आईटी, बैंकिंग और ऑटो सेक्टर चर्चा में हैं।
- बैंकिंग सेक्टर में डिजिटल कारोबार बढ़ा– देश में डिजिटल भुगतान और ऑनलाइन बैंकिंग सेवाओं का विस्तार जारी है। छोटे कारोबारियों में भी डिजिटल लेन-देन का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है।
- **सोना कमजोर, कीमतों में गिरावट-** अंतरराष्ट्रीय बाजार के दबाव के चलते भारत में सोने की कीमतों में नरमी देखने को मिली। निवेशकों की नजर अब डॉलर और वैश्विक आर्थिक संकेतों पर है।

## थलापति विजय की आखिरी फिल्म जन नायकन देखने पहुंचीं तृषा




एक्टर से राजनेता बने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री थलापति विजय की आखिरी फिल्म जन नायकन 23 जुलाई को दुनियाभर में रिलीज हुई है। इस मौके पर उनकी रूमर्ड गर्लफ्रेंड तृषा कृष्णन फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने पहुंची थीं। थिएटर के बाहर स्पॉट हुईं तृषा ने इस पर बात करने से इनकार कर दिया, जबकि उनकी मां ने भावुक होकर कहा कि वो विजय को बड़े पर्दे पर देखना मिस करेंगी।

तृषा कृष्णन की मां उमा कृष्णन भी फिल्म देखने पहुंचीं। विजय की आखिरी फिल्म पर उन्होंने एएनआई से बातचीत में कहा, मुझे बहुत बुरा लग रहा है, हम उन्हें बहुत मिस करेंगे। तृषा कृष्णन अपनी दोस्तों के साथ जन नायकन देखने पहुंची थीं। फिल्म देखकर निकलते हुए तृषा को भीड़ ने घेर लिया, जिसके बाद एक्ट्रेस कार तक पहुंचने में मशक्कत करती नजर आई हैं। फिल्म देखने के कुछ देर बाद तृषा ने दोस्तों के साथ एक फोटो शेयर की है, जिसके कैप्शन में लिखा था, ह्यहम जिंदा निकल कर आ गए। वहीं फिल्म पर लिखा गया, ह्यएक आखिरी बार, एक आखिरी डांस, जन नायकन का पागलपन। इंडस्ट्री ट्रैकर वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, विजय की फिल्म जन नायकन ने पहले दिन देशभर में 42.70 करोड़ का नेट कलेक्शन कर लिया है।

बता दें कि विजय ने बीते साल जन नायकन के बाद फिल्म से रिटायरमेंट का ऐलान किया था। ये फिल्म पहले जनवरी 2026 में रिलीज की जाने वाली थी। हालांकि सेंसरशिप के चलते फिल्म टलते हुए अब रिलीज हुई है। फिल्म रिलीज से पहले थलापति विजय के फैंस में काफी उत्साह देखने मिला। उनके कई फैंस विदेश से फिल्म देखने भारत आए हैं। साउथ के कई सिनेमाघरों के बाहर विजय के बड़े-बड़े कटआउट लगाए गए, जहां फैंस घंटों तक डांस करते रहे। विजय की आखिरी फिल्म होने के कारण 'जन नायकन' सिर्फ एक रिलीज नहीं, बल्कि करोड़ों प्रशंसकों के लिए भावनात्मक मौका थी। उम्मीद थी कि यह फिल्म उनके लंबे सिनेमाई सफर को यादगार विदाई देगी। लेकिन निर्देशक एच. विनोथ इसे कहानी से ज्यादा राजनीतिक संदेश और स्टार की छवि चमकाने का माध्यम बना देते हैं।

## अमाल मलिक के तनिष्क बागची पर गंभीर आरोप



सैयारा सॉन्ग कंट्रोवर्सी के चलते सिंगर-कंपोजर तनिष्क बागची और अमाल मलिक के बीच सोशल मीडिया पर विवाद जारी है। अब अमाल ने तनिष्क पर कई संगीन आरोप लगाए हैं। अमाल ने दावा किया है कि तनिष्क ने टिप्स म्यूजिक कंपनी में काम करने वाली एक लड़की से शादी का वादा किया और बाद में अब्यूज कर छोड़ दिया। इतना ही नहीं अमाल ने दावा किया है कि वह उन्हें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नाम से धमकी दिलवा रहे हैं।

अमाल ने ऑफिशियल अकाउंट (पहले ट्विटर) पर तनिष्क बागची के लिए लिखा है, ह्यतुमने मीटू का मामला रफा-दफा करवा लिया क्या? टिप्स म्यूजिक कंपनी के ए एंड आर डिपार्टमेंट में एक लड़की है। उससे शादी का वादा करके तुमने उसका शोषण किया और फिर उसे छोड़ दिया। आज तुमने किसी और से शादी कर ली। उस महिला पर तरस आता है जिसने तुम्हारे जैसे सांप को चुना। वह लड़की गहरे सदमे और अवसाद में है, और यह खबर बहुत तेजी से फैलेगी।

### जानिए क्या है पूरा विवाद?

2025 की फिल्म सैयारा के सुपरहिट होने के बाद सिंगर तनिष्क बागची ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि उन्हें टाइटल सॉन्ग के लिए 8 लिखे मिले थे। गाना हिट रहा, लेकिन उन्हें इसकी रॉयल्टी नहीं मिली। तनिष्क का बयान आने के बाद यशराज फिल्म्स (फ्रा) ने कहा कि सभी भुगतान कॉन्ट्रैक्ट के अनुसार किए गए हैं, जिसके बाद तनिष्क ने अपनी पोस्ट हटा दी। तनिष्क की पोस्ट के बाद अमाल मलिक ने सोशल मीडिया पर लिखा कि वह 2015 से ही म्यूजिक इंडस्ट्री की खामियों के खिलाफ लड़ रहे हैं और अब लोग 10 साल देर से जागे हैं।

### कौन हैं तनिष्क बागची?

तनिष्क बागची बॉलीवुड के जाने-माने म्यूजिक कंपोजर, म्यूजिक प्रोड्यूसर, सिंगर और लिरिसिस्ट हैं। बॉलीवुड में उन्हें बड़ी पहचान 'बोलना' (फिल्म कपूर एंड संस, 2016) से मिली। आगे उन्होंने माही वे, जुग जुग जियो, तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया और सैयारा जैसे गाने कंपोज किए। तनिष्क बागची को ॣरीमिक्स किंगॣ भी कहा जाता है क्योंकि उन्होंने कई पुराने लोकप्रिय गानों को नए अंदाज में पेश किया। इनमें शामिल हैं, हम्मा हम्मा, तम्मा तम्मा अगेन, तू चीज बड़ी है मस्त मस्त, दिलबर, आंख मारे, मेरे रश्क-ए-कमर, मनिके।

# Sport

## कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में पहला मेडल, झंडू कुमार को पैरा पावरलिफ्टिंग में ब्रॉन्ज

एजेंसी ▸▸ ग्लासगो




ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत ने पहला मेडल जीत लिया है। बिहार के पैरा पावरलिफ्टर झंडू कुमार ने पुरुष हेवीवेट वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। उन्होंने 190 किलोग्राम की बेस्ट लिफ्ट के साथ 130.9 अंक हासिल किए।

इससे पहले पुरुष और महिला लाइटवेट पैरा पावरलिफ्टिंग में भारत मेडल से चूक गया था। वहीं बॉक्सिंग में जादुमणि सिंह ने जीत के साथ राउंड ऑफ-16 में जगह बनाई। लॉन बॉल्स में पुतुल सोनोवाल ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की। 28 साल के झंडू कुमार ने ग्रुप-बी से खेलते हुए पहले प्रयास में 181 किलोग्राम और दूसरे प्रयास में 190 किलोग्राम वजन उठाया। इससे उन्हें 130.9 अंक मिले। तीसरे प्रयास में उन्होंने 196 किलोग्राम उठाकर बर्मिंघम 2022 का गेम्स रिकॉर्ड तोड़ने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। इसके बावजूद उनका स्कोर ब्रॉन्ज मेडल के लिए पर्याप्त रहा। नाइजीरिया के रिलुवान इदरीस ने गोल्ड और इंग्लैंड के मैथ्यू हार्डिंग ने सिल्वर जीता।

बिहार के नालंदा जिले के हरनौत में झंडू कुमार बचपन से पोलियो से प्रभावित थे। परिवार की मदद के लिए उन्होंने सड़क किनारे पिता के साथ आलू-प्याज बेचे और कोविड के दौरान ई-रिक्शा चलाकर रोजी-रोटी कमाई। अब वही खिलाड़ी कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के लिए मेडल जीत चुका है।

### ई-रिक्शा बेचकर नेशनल चैंपियनशिप खेलने गए, वहीं से बदली किस्मत

2023 में नेशनल चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए उन्होंने अपना ई-रिक्शा तक बेच दिया। पहली बार में कोई सफल लिफ्ट नहीं लगा सके, लेकिन उनकी प्रतिभा पर पैरालिंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट राजिंदर सिंह राहेलू की नजर पड़ी। इसके बाद रअक सेंटर में ट्रेनिंग मिली और करियर नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया।

## झटका : भारतीय उम्मीदों पर फिर डोपिंग का डंक



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय उम्मीदों को लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को डोपिंग का डंक लग गया। भारतीय जूडोका अरुण कुमार के बाद अब देश की सबसे सफल जूडोका तूलिका मान को भारतीय टीम से हटा दिया गया। भारत को गुरुवार को डोपिंग के चलते भारोत्तोलन का कोटा भी गंवाना पड़ा था।

भारतीय दल में अब खिलाड़ियों की संख्या 126 से 122 रह गई है। सबसे पहले पैरा तैराक तेजस नंदकुमार को वर्गीकरण (क्लासिफिकेशन) मानदंड पूरे नहीं करने के कारण टीम से बाहर करना पड़ा था। अब राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा अस्थायी निलंबन के बाद तूलिका मान को टीम से हटाने का फैसला किया गया। 27 वर्षीय तूलिका जूडो में पदक की बड़ी उम्मीद थीं। एक जूडो कोच ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि वह 12 महीनों के भीतर तीन बार रहने के स्थान की जानकारी देने में नाकाम रहीं थीं।

## गुकेश, प्रज्ञान और वैशाली पर शह-मात का दारोमदार

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन डी. गुकेश, शानदार फॉर्म में चल रहे आर प्रज्ञाननंदा और महिला कैंडिडेट्स विजेता आर वैशाली पर फिडे शतरंज ओलंपियाड में भारतीय उम्मीदों का दारोमदार होगा। भारत ने 16 से 27 सितंबर तक उज्बेकिस्तान के समरकंद में होने वाले टूनामेंट के लिए शुक्रवार को दस सदस्यीय टीम का ऐलान किया। भारत दोनों वर्ग (पुरुष, महिला) में मौजूदा चैंपियन हैं। पांच-पांच सदस्यीय दोनों टीमों ने 2024 में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने वर्गों में खिताब हासिल किया था।

## अनाहत इतिहास रचने से महज दो जीत दूर

एजेंसी ▸▸ ओंटारियो

भारत की उभरती खिलाड़ी और शीर्ष वरीय अनाहत सिंह शुक्रवार को विश्व जूनियर स्क्वॉश व्यक्तिगत चैंपियनशिप में लगातार दूसरी बार सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। दिल्ली की यह खिलाड़ी अब खिताब जीतकर इतिहास रचने से सिर्फ दो जीत दूर है। महिला रैंकिंग में विश्व की 20वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत ने क्वार्टरफाइनल में मिस्र की हबीबा रिज्क को 11-7, 11-5, 6-11, 11-9 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। पिछले साल इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने वाली दिल्ली की 17 वर्षीय खिलाड़ी ने धैर्य और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।

## रेगिस्तान का विम्बलडन:सऊदी में पर्पल-ग्रीन रंग के टेनिस सेंटर में होंगे 30 कोर्ट

एजेंसी ▸▸ रियाद



कभी टेनिस की सबसे बड़ी पहचान लंदन का विम्बलडन हुआ करता था। उसकी हरी-बैंगनी रंगत, घास से ढका सेंटर कोर्ट और शाही अंदाज दुनिया भर के खिलाड़ियों और फैंस को आकर्षित करता है। अब उसी पहचान की झलक करीब 5,000 किलोमीटर दूर सऊदी अरब के रेगिस्तान में दिखाई देने वाली है।

सऊदी अरब का नया नेशनल टेनिस सेंटर पहली नजर में विम्बलडन की याद दिला सकता है। सेंटर कोर्ट का बाहरी हिस्सा घास जैसा बनाया जाएगा, रंग भी वही हरा और बैंगनी होगा और इसकी डिजाइन भी काफी हद तक ऑल इंग्लैंड क्लब से प्रेरित है। दिलचस्प बात यह है कि इस प्रोजेक्ट को डिजाइन करने वाली आर्किटेक्चर कंपनी पॉपुलस वही है, जिसने विम्बलडन के सेंटर कोर्ट की मशहूर रिट्रैक्टेबल रूफ तैयार की थी। रिट्रैक्टेबल रूफ ऐसी छत होती है जिसे जरूरत पड़ने पर खोला और बंद किया जा सकता है। हालांकि, यहां एक बड़ा फर्क भी होगा। बाहर से यह कोर्ट भले ही घास वाला दिखे, लेकिन अंदर खिलाड़ी घास पर नहीं, बल्कि हार्ड कोर्ट पर खेलेंगे। कोर्ट की सतह भी बैंगनी और हरे रंग की होगी। सेंटर कोर्ट में 15 हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी और उस पर रिट्रैक्टेबल छत लगाई जाएगी, ताकि 45 से 50 डिग्री तक पहुंचने वाली गर्मी में भी मैच आराम से कराए-जा सकें। इसके अलावा 8 हजार क्षमता वाला एक और कोर्ट भी छत से ढका होगा। पूरे परिसर में कुल 30 टेनिस कोर्ट होंगे। इनमें 28 हार्ड कोर्ट, 2 क्ले कोर्ट शामिल हैं। सभी कोर्ट मिलाकर 33 हजार दर्शकों के बैठने की व्यवस्था होगी।

सऊदी के लिए यह सिर्फ एक स्टेडियम नहीं, बल्कि विजन 2030 का हिस्सा है। लक्ष्य है कि तेल पर निर्भर अर्थव्यवस्था को खेल, पर्यटन और मनोरंजन के जरिए नई पहचान दी जाए। इसी रणनीति के तहत सऊदी पहले ही कई टूर्नामेंटों का प्रायोजक बन चुका है।

**प्रवेश प्रारंभ**
**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय** 10 से 01 बजे तक
**आवेदन:** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**तुरंत आवश्यकता है**
1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोट: इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।
बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी मालीपुरा, उज्जैन मोबाइल- 9981248359

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन फोन: 7869850570 9827832632

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें पीसी राजपूत रीयल एस्टेट 9893713817

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698 Head Master Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### लोकायुक्त कार्रवाई के बाद विभागों का अलग-अलग रवैया सवालों में

**इंदौर।** लोकायुक्त की रिश्वत ट्रैप कार्रवाई के बाद सरकारी विभागों का अलग-अलग रवैया सामने आया है। बिजली कंपनी ने 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़े गए जेई को तत्काल हटाकर अटैच कर दिया, जबकि पीएचई विभाग ने 60 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ी गई इंजीनियर को विभागीय जांच पूरी होने से पहले ही कार्यपालन यंत्री पद पर पदोन्नत कर दिया। दोनों मामलों ने भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे अधिकारियों के खिलाफ अपनाए जा रहे अलग-अलग मापदंडों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोकायुक्त पुलिस इंदौर ने 18 जुलाई को पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के उत्तर शहर संभाग के सुखलिया जोन में पदस्थ कनिष्ठ यंत्री (जेई) नमेश कुमार भोंडेकर को 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। बिल्डर एवं होटल व्यवसायी शिवकुमार बसवाल ने शिकायत की थी कि अंबे नगर स्थित उनके होटल में सोलर पैनल लगाने की फाइल आगे बढ़ाने के लिए जेई 80 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा था। शिकायत के सत्यापन के बाद लोकायुक्त ने ट्रैप कार्रवाई की।

### 17 वर्षीय बालिका की मौत पर 4 घंटे धरना नौकरी और मुआवजे के आश्वासन पर माने

**पीथमपुर।** पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र से गुजरने वाले राऊ-पीथमपुर बायपास स्थित उत्कर्ष कॉलोनी के समीप शनिवार सुबह इस घटना से आक्रोशित स्थानीय रहवासियों और समाजजनों ने सड़कों पर उतरकर ट्रक निर्माता कंपनी की स्टाफ बसों को रोककर धरना शुरू कर दिया। यह तनाव की स्थिति सड़क हादसे में घायल 17 वर्षीय किशोरी रागिनी पासी की इलाज के दौरान मौत के बाद बनी। बता दें कि, 20 जुलाई को उत्कर्ष कॉलोनी निवासी 17 वर्षीय रागिनी पासी अपनी स्कूटी से जा रही थी, तभी उत्कर्ष कॉलोनी के पास चौराहे पर एक तेज रफ्तार स्टाफ बस ने उसे और एक अन्य 19 वर्षीय युवती को टक्कर मार दी थी। हादसे में गंभीर रूप से घायल रागिनी ने जिंदगी और मौत से जूझते हुए शुक्रवार शाम अस्पताल में दम तोड़ दिया, जबकि दूसरी घायल युवती का इलाज जारी है। किशोरी की मौत के बाद शनिवार सुबह परिजनों, समाजजनों और कॉलोनीवासियों ने कंपनी की करीब 7 स्टाफ बसों को रोककर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

### गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने की मांग पीथमपुर से 51 युवाओं का दल उज्जैन रवाना

**पीथमपुर।** औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर से 51 युवाओं का दल गौ माता को 'राष्ट्रमाता' का दर्जा दिलाने के संकल्प के साथ उज्जैन महाकाल धाम के लिए रवाना हुआ। 'गौ सम्मान अभियान' के तहत आयोजित यह पदयात्रा दो दिनों में पूरी होगी। यात्रा के शुभारंभ पर स्थानीय निवासियों और गौ-भक्तों ने पुष्पवर्षा कर युवाओं का जोरदार स्वागत किया। यात्रा का नेतृत्व कर रहे चीतू ठाकुर और संयोजक जीतू ठाकुर ने बताया कि देश भर के साधु-महात्माओं के आह्वान पर यह अभियान शुरू किया गया है। इसी क्रम में पीथमपुर के युवाओं ने एकजुट होकर पदयात्रा का संकल्प लिया। उन्होंने सरकार से करोड़ों लोगों की आस्था का सम्मान करते हुए गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने का अनुरोध किया है। पीथमपुर से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई यह पदयात्रा उज्जैन पहुंचेगी। उज्जैन में भगवान महाकाल के दर्शन के साथ यात्रा का समापन होगा, जहां दल द्वारा गौ-रक्षा और गौ-सम्मान के लिए बाबा महाकाल के दरबार में विशेष अर्जी सौंपी जाएगी।

### बारिश से पहले नगर निगम की कार्रवाई सात जर्जर भवन हटाए, 1 खाली कराया

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम ने बारिश के मौसम में जर्जर और अस्थिर मकानों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। शनिवार को निगम ने संजय सेतु ब्रिज के पास जीवन रेखा मार्ग स्थित खतरनाक मकानों पर कार्रवाई की। नगर निगम ने इस क्षेत्र में कुल 8 मकानों को चिह्नित किया था। इनमें से 7 मकानों को हटाया गया, जबकि एक मकान को खाली कराया गया। इन मकानों के नीचे की मिट्टी लगातार खिसक रही थी, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता था। कार्रवाई के लिए नगर निगम का अमला जेसीबी और पोकलेन मशीनों के साथ मौके पर पहुंचा। पूरे अभियान के दौरान पुलिस बल भी तैनात रहा और सुरक्षा व्यवस्था के बीच रिमूवल की कार्रवाई की गई। बिल्डिंग ऑफिसर सत्येंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर शहरभर में ऐसे भवनों का सर्वे किया जा रहा है, जो बारिश के दौरान अस्थिर हैं या गिरने की आशंका है। इसी क्रम में जीवन रेखा मार्ग पर स्थित 8 मकानों को चिह्नित किया गया था। मकानों के नीचे की मिट्टी खिसकने से उनके ढहने का खतरा था।

### इंदौर-अहमदाबाद हाईवे पर बावड़ी बस स्टैंड पर हादसा, तीन लोग मामूली घायल

**झाबुआ।** झाबुआ जिले में शनिवार सुबह इंदौर-अहमदाबाद हाईवे पर सवारियां चढ़ा रही एक यात्री बस को पीछे से आए अनियंत्रित आईशर वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं और तीन लोगों को मामूली चोटें आई हैं। पिटोल से करीब 5 किलोमीटर दूर बावड़ी बस स्टैंड पर एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। जानकारी के मुताबिक, मां शक्ति बस राणापुर से कुंदनपुर और पिटोल होते हुए झाबुआ की ओर जा रही थी। सुबह करीब 8.30 बजे बस बावड़ी बस स्टैंड पर रुककर यात्रियों को बस में बैठा रही थी, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार आईशर वाहन ने बस को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में तीन यात्रियों को हल्की खरोंचें आई हैं, जिन्हें प्राथमिक देखभाल दी गई। सूचना मिलने पर पिटोल चौकी पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। चौकी प्रभारी अशोक बघेल ने बताया कि सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं और पुलिस द्वारा मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### चातुर्मास में अखंड रामायण पारायण शुरू, चार महीने लगातार होगा पाठ

**बदनावर।** बदनावर में देवशयनी एकादशी पर चातुर्मास का शुभारंभ हुआ। हल्की बूंदाबांदी के बीच बस स्टैंड के समीप बलवंती नदी तट स्थित श्री आनंदेश्वर महादेव मंदिर में अभिजीत मुहूर्त में विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संगीतमय अखंड रामायण पारायण का आरंभ किया गया। यह मंदिर में चातुर्मास के दौरान लगातार अखंड रामायण पारायण की 33वीं वर्ष की परंपरा है। पारायण शुरू होने से पहले श्री आनंदेश्वर महादेव, राम दरबार, बाल हनुमानजी और नवग्रह देवताओं का पूजन-अर्चन किया गया। इसके बाद मंगल भवन अमंगल हारी... चौपाई के साथ संगीतमय रामायण पाठ आरंभ हुआ। पहले दिन के पारायण की शुरूआत 5555 रुपये के गुप्त दान से हुई। मंदिर समिति ने बताया कि कोई भी श्रद्धालु 1101 रुपये की राशि जमा कराकर एक दिन के अखंड रामायण पारायण का लाभ प्राप्त कर सकता है। कार्यक्रम से पूर्व मंदिर के पुजारी पं. अखिलेश आनंद जोशी के सानिध्य में कोषाध्यक्ष ईश्वरलाल जोशी ने पूजन एवं आरती संपन्न कराई।

### इंदौर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर जलभराव से सड़क बदहाल

**धार।** धार जिले में नागदा-गुजरी ओवरब्रिज के नीचे स्थित इंदौर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग इन दिनों बदहाल स्थिति में है। लगातार हो रही बारिश के कारण सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है और कई दिनों से यहां जलभराव बना हुआ है। सड़क पर बने गहरे गड्ढे पानी में छिप जाने से वाहन चालकों को उनका अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। बारिश के पानी से सड़क पूरी तरह ढक गई है। गड्ढों में भरे पानी के कारण वाहन चालकों को यह समझ नहीं आता कि सड़क समतल है या गहरी। ऐसे में तेज रफ्तार वाहन अचानक गड्ढों में फंस जाते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है। सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को हो रही है। भारी वाहन जैसे ट्रक और बस जब तेज गति से गुजरते हैं तो सड़क पर भरा गंदा पानी उछलकर बाइक सवारों और राहगीरों पर गिरता है। कई बार अचानक पड़े पानी के छींटों और गड्ढों के कारण चालक संतुलन खो देते हैं, जिससे हादसे का खतरा और बढ़ जाता है। इंदौर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग का यह हिस्सा प्रतिदिन हजारों वाहनों की आवाजाही वाला प्रमुख मार्ग है। इसके बावजूद लंबे समय से सड़क की मरम्मत और जल निकासी की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लगातार जलभराव के कारण सड़क की स्थिति दिन-ब-दिन और खराब होती जा रही है।

इंदौर में देशभक्ति के गीतों पर झूमे छात्र, कटनी में मिठाई बांटकर पटाखे फोड़े

# धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे से प्रदेश के स्टूडेंट्स भी खुश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की खबर सामने आते ही इंदौर में पिछले 25 दिनों से आंदोलन कर रहे छात्रों के बीच जश्न का माहौल बन गया। टंट्या भील चौराहे पर धरने पर बैठे छात्रों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई और धरना समाप्त करने की घोषणा कर दी।

इस दौरान प्रदर्शनकारी हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के गीतों पर झूमे और 'छात्र एकता जिंदाबाद' के नारे लगाए। छात्रों का कहना है कि यह उनके लंबे संघर्ष और एकजुटता की जीत है।

हालांकि उन्होंने साफ किया कि परीक्षा प्रणाली में पूरी पारदर्शिता और व्यापक सुधार की मांग पूरी होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। उधर, रतलाम और कटनी में भी समर्थकों ने पटाखे फोड़कर और मिठाई बांटकर खुशी मनाई।



शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद भोपाल के एमपी बोर्ड ऑफिस के बाहर छात्रों ने प्रदर्शन किया। वे तिरंगा झंडा और डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर लेकर बैठे।

**छात्रों का प्रदर्शन, बोले- अभी तो शुरूआत है-** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद भोपाल के रोशनपुरा चौराहे पर छात्रों का प्रदर्शन शुरू हुआ। इस्तीफे के बाद छात्र गानों पर झूमकर डांस करते नजर आए। जेन जेड से जो टकराएगा, इस्तीफा देकर जाएगा। प्लेकार्ड लेकर पहुंचे छात्रों ने कहा, अभी तो शुरूआत है, कुछ सवाल अभी भी बाकी हैं।

### खंडवा कांग्रेस का जश्न, नेताओं ने बांटी मिठाई

मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद खंडवा कांग्रेस कार्यालय में पार्टी जिलाध्यक्ष और नेताओं ने जश्न मनाया। एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। जिलाध्यक्ष उत्तमपालसिंह पुरनी ने कहा, यह छात्रों की एकजुटता और राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम की जीत है।

### रतलाम में मंत्री शाह बोले- मुझे नहीं मालूम

रतलाम आए प्रदेश के कैबिनेट मंत्री व रतलाम जिला प्रभारी मंत्री विजय शाह से केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मुझे कुछ मालूम नहीं।

प्रभारी मंत्री रतलाम जिले के बिरमावल में संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण के लिए रतलाम आए थे। दोपहर में भोपाल रवाना होते समय स्टेशन पर उन्होंने केवल स्कूल के बारे में बात की। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर सवाल पूछने पर उन्होंने मुझे नहीं मालूम कहा और आगे बढ़कर ट्रेन में चढ़ गए।


## राजीव आवास विहार के 11 रो-हाउस कराए कब्जा मुक्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) ने अपनी आवासीय संपत्तियों पर अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए शुक्रवार को स्कीम 114 स्थित राजीव आवास विहार में बड़ी कार्रवाई की। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में चलाए गए अभियान के दौरान 11 आवासीय रो-हाउस को अवैध कब्जों से मुक्त कराया गया।

## सर सेठ हुकुमचंद जी की धर्म नगरी का पुण्य प्रबल हुआ

**इंदौर।** धर्म नगरी इंदौर का पुण्य प्रबल हुआ, सौभाग्य जाग उठा। वर्षों की प्रतिक्षा के बाद इंदौर नगर को निर्यापक मुनि तीर्थ रक्षक सुधा सागर जी महामुनि राज संसघ का पावन सान्निध्य प्राप्त होने जा रहा है। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने कहा कि निर्यापक मुनि श्री 108 सुधा सागर महाराज ससंघ का वर्ष 2026 का चातुर्मास इंदौर स्थित तीर्थ स्वरूप श्री आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर दलालबाग एरोड्रम रोड में संपन्न होगा।




मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com